हिन्दी दैनिक

जन-जन की वाणी...

# सोन वर्षा वाणी

औरंगाबाद, आरा एवं रांची से प्रकाशित





शिक्षक दिवस पर आप सभी को हार्दिक बधाई

दलीप ट्रॉफी : लंबी अवधि के प्रारूप में वापसी करने वाले ऋषभ पंत पर होगी नजरे -11

देश



दोनों राज्यों में विधानसभा चुनाव लड़ेगी रामदास उठावले की पार्टी

मूल्य ₹ 2.00

शुक्ल पक्ष, हस्त, विक्रम संवत् 2081

• औरंगाबाद • गुरूवार • 05 सितंबर 2024 • वर्ष 26 • अंक 266 • पृष्ठ 12

## सोना चांदी

| सोना | चांदी |
|---|---|
| 10 ग्राम 22 कैरेट | 1 किलो चांदी |
|  |  |
| ₹ 66,690 | ₹72,760 |

## आज का इतिहास

- 1888 : भारत के दूसरे राष्ट्रपति डॉ. सर्वपल्ली राधाकृष्णन का जन्म तमिलनाडु के छोटे से गांव तिरुमनी में ब्राह्मण परिवार में हुआ था।
- 1962 : प्रतिवर्ष 5 सितंबर को शिक्षक दिवस मनाया जाता है। भारत के पूर्व राष्ट्रपति डॉ. सर्वपल्ली राधाकृष्णन के जन्म-दिवस के अवसर पर शिक्षकों के प्रति सम्मान प्रकट करने के लिए भारतभर में शिक्षक दिवस 5 सितंबर को मनाया जाता है।

## न्यूज बाइट्स

### त्रिपुरा के दो उग्रवादी गुटों के साथ हुआ शांति समझौता

**त्रिपुरा (ए.)।** त्रिपुरा में तीन दशक से अधिक समय से चल रहे उग्रवादी हिंसा और संघर्ष से निजात पाने की दिशा में एक महत्वपूर्ण घटनाक्रम के तहत बुधवार को यहां केन्द्रीय गृह मंत्री अमित शाह की उपस्थति में राज्य के दो गुट-नेशनल लिबरेशन फ्रंट ऑफ त्रिपुरा (एनएलएफटी) तथा ऑल त्रिपुरा टाइगर फोर्स (एटीटीएफ) ने शांति समझौते पर हस्ताक्षर किये। गृह मंत्री ने इस समझौते को त्रिपुरा में 'विकास और शांति के लिए एक महत्वूपर्ण समझौता' बताया है।

### मजदूरों के लिए उपयोगी है श्रम संसाधन विभाग : सचिव

**पटना (नि.सं.)।** श्रम संसाधन विभाग के सचिव दीपक आनंद ने कहा है कि यह विभाग हर वर्ग के लोगों से जुड़ता है। इसकी योजनाएं जन्म से लेकर मृत्यु तक किसी न किसी रूप में असंगठित क्षेत्र के श्रमिकों को लाभान्वित करती हैं। ऐसे में इस विभाग की बहुत उपयोगिता है।

मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने किया पटना हवाई अड्डा का निरीक्षण, कहा

# हवाई अड्डे के विस्तारीकरण से आर्थिक प्रगति को मिलेगी गति : नीतीश कुमार

- सीएम नीतीश कुमार ने पटना हवाई अड्डे को जल्द से जल्द कार्य पूरा करने का निर्देश दिया। उन्होंने हवाई अड्डा से बेहतर कनेक्टिविटी बनाने का भी दिया निर्देश



निज संवाददाता | पटना

बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने बुधवार को पटना स्थित जयप्रकाश नारायण अंतर्राष्ट्रीय हवाई अड्डे के निर्माणाधीन टर्मिनल का निरीक्षण किया और अधिकारियों को लंबित कार्यों को शीघ्रता से पूरा करने का सख्त निर्देश दिया। इस मौके पर मुख्यमंत्री ने हवाई अड्डे के विस्तारीकरण कार्य की विस्तार से जानकारी ली और आवश्यक दिशा-निर्देश जारी किए।

निरीक्षण के दौरान, मुख्यमंत्री ने विशेष रूप से हवाई अड्डे के विस्तारीकरण से संबंधित सभी कार्यों की प्रगति की समीक्षा की। उन्होंने हवाई अड्डे के अधिकारियों से विस्तार से बातचीत की और विस्तारीकरण के मास्टर प्लान पर एक प्रस्तुति के माध्यम से जानकारी प्राप्त की। इस प्रस्तुति में एयरपोर्ट के विभिन्न योजनाओं, डिज़ाइन और सुविधाओं के बारे में जानकारी दी गई, जिनके माध्यम से हवाई अड्डे की मौजूदा संरचना को अत्याधुनिक बनाने की योजना है।

मुख्यमंत्री ने समीक्षा बैठक के दौरान जोर देते हुए कहा कि पटना एयरपोर्ट के विस्तारीकरण कार्य को जल्द से जल्द पूरा किया जाए, ताकि यहां से आने-जाने वाले यात्रियों को और बेहतर सुविधाएं मिल सकें। उन्होंने हवाई अड्डे के विस्तार से संबंधित हर कार्य की बारीकी से निगरानी करने के निर्देश दिए और आश्वासन दिया कि राज्य सरकार की ओर से जो भी सहायता की आवश्यकता होगी, उसे पूरा किया जाएगा।

मुख्यमंत्री ने हवाई अड्डा परिसर में पानी निकासी की बेहतर व्यवस्था पर विशेष ध्यान देने की आवश्यकता पर जोर दिया। उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिया कि हवाई अड्डे से शहर के विभिन्न हिस्सों तक कनेक्टिविटी को और अधिक सुदृढ़ किया जाए, ताकि यात्रियों को हवाई अड्डे तक पहुंचने में कम से कम समय लगे। मुख्यमंत्री ने कहा कि हवाई अड्डे के विस्तारीकरण से न केवल पटना बल्कि पूरे बिहार को फायदा होगा। इस विस्तारीकरण से एयर ट्रैफिक में सुधार होगा और आने वाले वर्षों में हवाई अड्डे की क्षमता को बढ़ाने में मदद मिलेगी, जिससे राज्य की आर्थिक और सामाजिक प्रगति को गति मिलेगी।

निरीक्षण के दौरान उप मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी, उप मुख्यमंत्री विजय कुमार सिन्हा, मंत्री विजय कुमार चौधरी, मंत्री नितिन नवीन, मुख्यमंत्री के प्रधान सचिव दीपक कुमार, मुख्य सचिव अमृत लाल मीणा, मुख्यमंत्री के प्रधान सचिव डॉ एस सिद्धार्थ, वित्त विभाग के प्रधान सचिव आनंद किशोर, नगर विकास एवं आवास विभाग के सचिव अभय कुमार सिंह, मुख्यमंत्री के सचिव कुमार रवि, पथ निर्माण विभाग के सचिव संदीप आर पुदकल कट्टी, बिहार राज्य पथ विकास निगम के प्रबंध निदेशक शीर्षत कपिल अशोक, मंत्रिमंडल सचिवालय विभाग के विशेष सचिव निलेश रामचन्द्र देवरे, जिलाधिकारी डॉ चन्द्रशेखर सिंह, वरीय पुलिस अधीक्षक राजीव मिश्रा एवं जयप्रकाश नारायण अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डा पटना के पदाधिकारीगण उपस्थित थे।

## सीमा शुल्क ने दो ट्रकों से तस्करी कर लाए जा रहे लाखों रुपए के विदेशी मूल के स्क्रैप बैट्री को ट्रक सहित किया जब्त

निज संवाददाता | पटना



सीमा शुल्क, आयुक्तालय पटना के अंतर्गत मोतिहारी प्रमंडल के अधिकारियों के द्वारा प्राप्त गुप्त सूचना के आधार पर गत रविवार और शुक्रवार को यूपी नंबर की अलग-अलग ट्रक की तलाशी के दौरान एनएच 28ए पीपराकोठी,पूर्वी चंपारण के समीप अवैध रूप से तस्करी कर लाए जा रहे स्क्रैप बैट्री को ट्रक सहित जब्त किया गया।

जब्त किये गये दोनों ट्रकों(यूपी21 सी टी -5392 एवं यूपी 79 एटी-5161) में पाए गए स्क्रैप बैट्री विदेशी मूल के हैं, जिन्हें भारतीय मूल के स्क्रैप बैट्री के साथ छिपाकर अवैध रूप से बिना किसी वैध कागजात के ले जाया जा रहा था। जब्त किये गए स्क्रैप बैट्रीयों एवं ट्रकों का कुल अनुमानित मूल्य 97 लाख 97 हजार के करीब है।

सीमा शुल्क के अनुसार भारत सरकार द्वारा विदेशी मूल के स्क्रैप बैट्री का आयात विभिन्न नियमों के पालन किए बिना लाना प्रतिबंधित है। सीमा शुल्क के अधिकारियों ने बताया कि जब्त स्क्रैप बैट्री नियमों के मुताबिक नहीं लाये जा रहे थे और इन्हें भारत में तस्तकरी कर लाया गया था, क्योंकि इन स्क्रैप बैट्रियों को सीमा शुल्क और वस्तु एवं सेवा कर (जीएसटी) का भुगतान किए बगैर हमारे देश में तस्करी कर लाए जा रहे थे। जब्ती में शामिल अधिकारियों ने बताया कि फिलहाल इस बात की छानबीन की जा रही है कि इसके तस्करी में कौन-कौन लोग शामिल हैं।

पिछले कुछ समय से यशोवर्धन पाठक, आयुक्त सीमा शुल्क (निवारण) पटना के दिशा-निर्देश में तस्करी के खिलाफ सघन एवं व्यापक अभियान चलाया जा रहा है और इसके फलस्वरूप तस्करी के अनेकों सामान जब्त किये गए हैं। आयुक्त ने बताया कि तस्करों द्वारा पूर्वोतर क्षेत्र से ट्रेनों तथा अन्य माध्यमों से यथा सड़क मार्ग द्वारा भी अवैध तरीके से तस्करी कर विदेशी मूल के समानों को लाया जा रहा है तथा बिहार एवं झारखंड के इलाकों में इसकी बिक्री की सूचना है। हालांकि इसको रोकने के लिए पटना कस्टम्स पूरी तरह सक्षम और मुस्तैद है एवं आने वाले समय में इस तस्करी निरोधी अभियान को और गति तथा सख्ती मिलेगी। साथ ही संलिप्त लोगों के विरुद्ध सीमा शुल्क अधिनियम के तहत कड़ी कार्रवाई की जाएगी। इसके अतिरिक्त अन्य विभागों यथा रेलवे पुलिस बल, पुलिस विभाग तथा अन्य सरकारी संस्थाओं और सूचना देने वाले का भी सीमा शुल्क विभाग द्वारा चलाए जा रहे इस तस्कर निरोधक काम में भविष्य में भी बेहतर समन्यवय और सहयोग अपेक्षित है ताकि ऐसी गैर कानूनी गतिविधियों पर पूर्णविराम लग सके। इस संबंध में आयुक्त ने यह भी बताया कि तस्करी विरोधी अभियान में सहयोग करने वाले विभागों यथा रेलवे पुलिस बल, पुलिस विभाग तथा अन्य सरकारी संस्थाओं के अधिकारियों एवं सूचना देने वाले व्यक्तियों को सीमा शुल्क अधिनियम के अंतर्गत प्रोत्साहन राशि देने का भी प्रावधान है।

## अब 18 वर्ष की उम्र से मंईयां योजना का लाभ

निज संवाददाता | रांची



रांची के नामकुम में झारखंड मुख्यमंत्री मंईयां सम्मान योजना कार्यक्रम का आयोजन किया गया है। इसमें रांची समेत पांच जिलों से बड़ी संख्या में महिला लाभुक शामिल हुईं। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए सीएम हेमंत सोरेन ने बड़ी घोषणा की है कि अब सरकार मंईयां सम्मान योजना की उम्र सीमा 21 वर्ष से घटा कर 18 वर्ष करेगी यानी अब 18 वर्ष की उम्र से इस योजना का लाभ मिलेगा। नामकुम के खोजाटोली का ट्रेनिंग ग्राउंड बुधवार को रांची, खूंटी, गुमला, सिमडेगा और लोहरदगा की महिला लाभुकों से खचाखच भरा हुआ था। झारखंड मुख्यमंत्री मंईयां सम्मान योजना की लाभुकों के चेहरे पर खुशियों के उपहार का उत्साह साफ झलक रहा था। मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने इन पांचों जिलों की बहनों को मंईयां सम्मान योजना का तोहफा दिया। राज्य के 19 जिलों की महिला लाभुकों के खाते में एक-एक हजार रुपए भेजे जा चुके हैं। हेमंत सोरेन सरकार इस योजना के तहत सालाना 12 हजार रुपए महिला लाभुकों को दे रही है।

## बिहार को मिलेगी दो वंदे भारत ट्रेनें, पीएम दिखाएंगे हरी झंडी

- बिहार में पटना से रांची, हावड़ा, लखनऊ वाया अयोध्या, न्यू जलपाईगुड़ी के लिए पहले से ही वंदे भारत एक्सप्रेस संचालित हो रही हैं।

निज संवाददाता | पटना



बिहारवासियों के लिए अच्छी खबर है। इस महीने राजधानी पटना से टाटानगर (झारखंड) के बीच वंदे भारत एक्सप्रेस ट्रेन की शुरुआत होने वाली है। 15 सितंबर को प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी इस सेमीहाइस्पीड ट्रेन को हरी झंडी दिखा सकते हैं। इसी दिन देवघर से वाराणसी और टाटानगर से ओडिशा के ब्रह्मपुर के बीच भी वंदे भारत एक्सप्रेस का संचालन शुरू किया जाएगा। रेलवे ने इसकी तैयारी शुरू कर दी है। पूमरे के सीपीआरओ सरस्वती चंद्र ने बताया कि वाराणसी से देवघर के बीच वंदे भारत ट्रेन को गया होकर चलाया जाएगा। इससे बिहार के लोगों को दो नई वंदे भारत ट्रेनों की सौगात मिलेगी। इससे पहले इन ट्रेनों का ट्रायल रन किया जाएगा। रेलवे की ओर से अभी इन ट्रेनों का ठहराव, टाइम टेबल और किराया तय नहीं किया गया है। हालांकि यह कहा जा रहा है कि पटना से टाटानगर के बीच का सफर वंदे भारत एक्सप्रेस से करीब 7 घंटे में पूरा हो सकेगा। इन ट्रेनों के रैक वंदे भारत के मौजूदा वर्जन वाले ही होंगे। यानी कि इसमें यात्रियों के चेयरकार की सुविधा होगी, स्लीपर बर्थ नहीं होंगे। रिपोर्ट्स के मुताबिक प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के 15 सितंबर को झारखंड के टाटानगर में कार्यक्रम प्रस्तावित किया जा रहा है। स्थानीय अधिकारी इसकी तैयारियों में जुट गए हैं। पीएम मोदी टाटानगर से पटना और ब्रह्मपुर के लिए वंदे भारत को हरी झंडी दिखाकर रवाना करेंगे। इसी कार्यक्रम में देवघर से वाराणसी वाया गया होकर चलने वाली वंदे भारत का भी वर्चुअल लोकार्पण किया जाएगा। गौरतलब है कि बिहार में अभी कई रूटों पर वंदे भारत एक्सप्रेस ट्रेनों का संचालन किया जा रहा है। पटना से रांची, हावड़ा, लखनऊ वाया अयोध्या, न्यू जलपाईगुड़ी के लिए वंदे भारत ट्रेनें चलाई जा रही हैं।

## 45 हजार वित्त रहित शिक्षकों का जल्द होगा भुगतान

निज संवाददाता | पटना



वित्त रहित स्कूलों के अनुदान के बकाया पैसे का भुगतान जल्द किया जाएगा। सरकार की तरफ से इस संबंध में निर्णय ले लिया गया है। शिक्षा मंत्री सुनील कुमार ने बुधवार को इसकी जानकारी दी कि वित्त रहित स्कूलों के बकाया राशि का जल्द भुगतान किया जाएगा।


शिक्षा मंत्री ने कहा कि नियम के मुताबिक वित्त रहित शिक्षकों को कुछ मूलभूत सुविधाएं देनी होती है, जहां मूलभूत सुविधाओं का अभाव था। ऐसे स्कूलों का कोर्स सस्पेंड किया गया था। अब एक बार फिर से स्कूलों को कहा गया है कि अपनी सुविधाओं को बेहतर बनाए सरकार अपना काम कर रही है। राज्य के लगभग 45 हजार वित्त रहित शिक्षक प्रदेश के 1450 अनुदानित माध्यमिक, इंटरमीडिएट और डिग्री कॉलेजों में कार्यरत हैं। कई कॉलेजों को 6 से 9 साल से अनुदान की राशि नहीं मिली है। इसके लिए वो पिछले कई वर्षों से आंदोलन कर रहे हैं। दो दिन पहले विधान परिषद में शिक्षक कोटे से जीत कर आए सभी एमएलसी ने भी इसकी मांग की थी, तब शिक्षा मंत्री ने उन्हें आश्वासन दिया था कि इसका समाधान जल्द निकाल लिया जाएगा।

## राष्ट्र निर्माण में शिक्षकों की भूमिका महत्वपूर्ण : राज्यपाल

निज संवाददाता | पटना



राज्यपाल राजेंद्र विश्वनाथ आर्लेकर ने शिक्षक दिवस पर सभी शिक्षकों को बधाई और शुभकामनाएं दी हैं। उन्होंने कहा है कि भारत के पूर्व राष्ट्रपति और महान शिक्षाविद्, दार्शनिक, राजनेता एवं शिक्षक डॉ. सर्वपल्ली राधाकृष्णन की जयंती पर पांच सितंबर को हमलोग शिक्षक दिवस मनाते हैं। राष्ट्र निर्माण में शिक्षकों की भूमिका अत्यन्त महत्वपूर्ण है। विद्यार्थियों में सुसंस्कारों की नींव रखकर उन्हें श्रेष्ठ नागरिक बनाने में माता-पिता के अलावा शिक्षक का विशेष योगदान होता है। उन्होंने शिक्षकों से अपील की है कि बच्चों को ज्ञान-विज्ञान एवं विवेकसम्मत आचरण के प्रति शिक्षित करने के अतिरिक्त उनका जीवन गठन इस प्रकार करें कि उनमें सामाजिक, नैतिक एवं मानवीय मूल्यों को धारण करने की पर्याप्त क्षमता विकसित हो। साथ ही उन्होंने विद्यार्थियों से आह्वान किया है कि वे अपने शिक्षकों के प्रति श्रद्धा एवं सम्मान की महान भारतीय परंपरा को और अधिक मजबूत बनाएं।

सत्यमेव जयते

राज्यपाल, बिहार
GOVERNOR OF BIHAR

राज भवन
पटना–800022
RAJ BHAVAN
PATNA 800022

शिक्षक दिवस

(5 सितम्बर, 2024)

संदेश

भारत के भूतपूर्व राष्ट्रपति, महान शिक्षाविद्, दार्शनिक, राजनेता, शिक्षक, समाज के श्रेष्ठतम प्रतिनिधि एवं महान व्यक्तित्व के धनी डॉ० सर्वपल्ली राधाकृष्णन के जयन्ती के अवसर पर मैं अपना श्रद्धा–सुमन समर्पित करता हूँ।

राष्ट्र–निर्माण में शिक्षकों की भूमिका सर्वाधिक महत्त्वपूर्ण है। देश की सर्वश्रेष्ठ संपत्ति हमारे बच्चे हैं। उनमें सुसंस्कारों की नींव रखना तथा उनका सही मार्गदर्शन करना शिक्षकों का परम कर्त्तव्य है, ताकि वे सर्वसमर्थ और योग्य नागरिक बनकर देश और समाज की सेवा कर सकें। विद्यार्थियों का भी कर्त्तव्य है कि वे अपने शिक्षकों के प्रति श्रद्धा एवं सम्मान की महान भारतीय परम्परा को और अधिक सुदृढ़ करें। शिक्षक को समाज के गुरू के रूप में देखा जाता है। हम सबका दायित्व बनता है कि उन्हें उचित मान, सम्मान तथा आदर प्रदान करें और कृतज्ञ रहें।

शिक्षकों के लिए यह अति महत्त्वपूर्ण है कि वे युवाओं में सत्य, सहृदयता और मानवता जैसे मूल्यों एवं आदर्शों का समावेश करें, ताकि वे वर्त्तमान जीवन की चुनौतियों का सामना कर सकें। राज्य में उत्कृष्ट शिक्षा को मानव संसाधन के विकास का मेरूदण्ड मानते हुए गुणवत्तापूर्ण शिक्षा के लिए बहुआयामी प्रयास किया जा रहा है।

शिक्षक दिवस के इस पुनीत अवसर पर मैं राष्ट्र के सभी शिक्षकों को हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएँ देता हूँ एवं आशा करता हूँ कि वे गुरू–शिष्य की महान परम्परा को अक्षुण्ण रखते हुए उसे नई ऊँचाई प्रदान करें।

(राजेंद्र विश्वनाथ आर्लेकर)

PR No.- 007515 (Education)D. 2024-25





बिहार सरकार

शिक्षक दिवस

(5 सितम्बर, 2024)

मुख्यमंत्री
बिहार

संदेश

विश्व विख्यात शिक्षाविद् तथा भारतीय गणतंत्र के द्वितीय राष्ट्रपति डॉ० सर्वपल्ली राधाकृष्णन के जन्म दिवस 05 सितम्बर को हम शिक्षक दिवस के रूप में मनाते हैं। डॉ० राधाकृष्णन एक महान दार्शनिक और कुशल शिक्षक थे। उनकी धारणा थी कि समाज का प्रत्येक वर्ग शिक्षित हो एवं शिक्षा के प्रकाश से जन–जन का जीवन आलोकित हो। शिक्षक दिवस के अवसर पर राज्य के सभी शिक्षकों को अपनी हार्दिक शुभकामनाएँ देते हुए मुझे अत्यन्त प्रसन्नता हो रही है।

बच्चों के बौद्धिक विकास, उनमें उच्च नैतिक–मूल्यों के संचार एवं चरित्र निर्माण में शिक्षकों की महत्त्वपूर्ण भूमिका है। शिक्षक छात्रों को मात्र शिक्षा प्रदान नहीं करते अपितु उनके समग्र व्यक्तित्व के विकास का मार्ग प्रशस्त करते हैं।

राज्य सरकार गुणवत्तापूर्ण शिक्षा प्रदान करने हेतु हर सार्थक कदम उठा रही है। इसी क्रम में सरकार द्वारा ऐतिहासिक कदम उठाते हुए बड़ी संख्या में शिक्षकों की नियुक्ति की गई है। समाज के सभी वर्गों, खास कर आर्थिक रूप से कमजोर वर्ग के बच्चों एवं बालिकाओं के लिए शिक्षा की समुचित व्यवस्था हेतु सरकार प्रतिबद्ध है। इसके लिए सरकार द्वारा अनेक योजनाएँ संचालित की जा रही हैं। वर्त्तमान में कुल बजट का बड़ा भाग (लगभग 20%) शिक्षा पर व्यय किया जा रहा है।

मैं सभी सम्मानित शिक्षकों से आग्रह करता हूँ कि वे छात्र–छात्राओं के अन्दर जिज्ञासा और समग्र विकास की भावना को विकसित करें ताकि वे एक रचनात्मक प्रबुद्ध नागरिक के रूप में स्वयं को ढाल सकें।

पुनः सभी शिक्षकों को शिक्षक दिवस की हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएँ।

(नीतीश कुमार)

PR No.- 007513 (Edcuation) D. 2024-25

## संक्षिप्त समाचार

### गया-किऊल सेक्शन पर ट्रेनों के परिचालन में बदलाव

**गया।** दानापुर मंडल के अशोक धाम स्टेशन पर एनआई कार्य को लेकर ट्रेनों के परिचालन में बदलाव किया गया है। इसका प्रभाव पटना व गया-किउल सेक्शन पर चलने वाली ट्रेनों पर भी पड़ा है। इस प्रभाव के कारण इस सेक्शन पर निर्धारित तिथि को चार ट्रेनें रद्द व छह को पुनर्निधारित कर चलाया जाएगा। पूमरे के मुख्य जनसंपर्क अधिकारी सरस्वती चन्द्र ने बताया कि गया-किउल सेक्शन पर चलने वाली गाड़ी सं. 03355 किउल-गया पैसेंजर 05, 07 व 09 सितम्बर को, गाड़ी सं. 03356 गया-किउल पैसेंजर 05, 07 व 09 सितम्बर को, गाड़ी सं. 13207 जसीडीह-पटना एक्सप्रेस एवं गाड़ी सं. 13208 पटना-जसीडीह एक्सप्रेस 07 सितंबर को रद्द की गई है। वहीं पुनर्निधारित कर चलायी जाने वाली ट्रेनों में गाड़ी सं. 03356 गया-किउल पैसेंजर 04, 06 व 09 सितंबर को गया से 07.20 के बजाए 10.20 बजे, गाड़ी सं. 03355 किउल-गया पैसेंजर 04, 06 एवं 08 सितंबर को अशोक धाम से 14.40 के बजाए 17.00 बजे, गाड़ी सं. 13241 बांका-राजेन्द्रनगर एक्सप्रेस 05 व 09 सितंबर को बांका से 08.45 के बजाए 11.15 बजे, गाड़ी सं. 13331 धनबाद-पटना एक्सप्रेस 05 सितंबर को धनबाद से 08.05 के बजाए 10.05 बजे, गाड़ी सं. 03205 किउल-पटना पैसेंजर 05 सितंबर को किऊल से 15.00 के बजाए 16.45 बजे एवं गाड़ी सं. 03274 पटना-देवघर पैसेंजर 07 सितंबर को पटना से 09.55 के बजाए 11.30 बजे खुलेगी।

### यातायात नियमों के उल्लंघन में वसूला गया 61.95 लाख

**गया।** यातायात नियमों का उलंघन करने पर ट्रैफिक सहित जिले के सभी थाना द्वारा चलाए गए अभियान में 61 लाख 95 हजार पांच सौ रुपए वसूला गया है। इसमें सबसे अधिक ट्रैफिक थाना गया व बोधगया की ओर से 48 लाख 94 लाख रुपए वसूले गए हैं। एसएसपी आशीष भारती ने बताया कि जिले में ट्रैफिक नियमों का उलंघन करने वालों के खिलाफ अभियान चलाया गया। इस अभियान के तहत एक अगस्त से 31 अगस्त तक ट्रैफिक व अन्य थाना द्वारा 61 लाख 95 हजार पांच सौ रुपए वसूले गए। इसमें सबसे अधिक सीट बेल्ट नहीं लगाने व बिना हेलमेट लगाए बाइक चलाने वालों से 24 लाख 66 हजार रुपए वसूला गया। इसी तरह इंश्योरेंस में दो लाख 22 हजार रुपए, नो पार्किंग में एक लाख 50 हजार पांच सौ रुपए, नो इंट्री में तीन लाख 68 हजार रुपए, गलत दिशा में वाहन चलाने में 55 हजार रुपए, ट्रिपल लोडिंग में 28 हजार रुपए, बिना लाइसेंस के वाहन चलाने में एक लाख 80 हजार रुपए, यातायात बाधित व आदेश का उल्लंघन करने में चार लाख 76 हजार रुपए, अन्य नियमों के उल्लंघन करने में नौ लाख 48 हजार पांच सौ रुपए जुर्माना वसूला गया।

### गया के वीरेंद्र राजकीय शिक्षक पुरस्कार के लिए चयनित, पटना में होंगे सम्मानित

**गया।** गया जिले के नगर प्रखंड स्थित मध्य विद्यालय डिहुरी के हेडमास्टर वीरेंद्र कुमार का चयन प्रतिष्ठित राजकीय शिक्षक पुरस्कार 2024 के लिए किया गया है। शिक्षक दिवस के अवसर पर इन्हें यह सम्मान दिया जाएगा। यह पुरस्कार श्री कृष्ण मेमोरियल हॉल पटना में 5 सितंबर को राज्य सरकार की ओर से प्रदान किया जाएगा। श्री वीरेंद्र कुमार को 2019 में राष्ट्रीय टीचर इनोवेशन अवार्ड 2023 में बिहार स्वच्छ विद्यालय राज्य पुरस्कार, मौलाना अबुल कलाम आजाद राष्ट्रीय आइडियल शिक्षक अवार्ड समेत कई संगठनों ने इन्हें विभिन्न मंचों पर सम्मानित किया है। श्री कुमार ने यह पुरस्कार अपने दिवंगत पिता को समर्पित किया है। उनके पिता भी एक आदर्श शिक्षक थे। बांकेबाजार प्रखंड के तिलैया गांव के रहने वाले वीरेंद्र कुमार पिछले 25 वर्षों से शिक्षक के रूप में सेवाएं दे रहे हैं। ये 1999 बैच के बिहार लोक सेवा आयोग द्वारा चयनित शिक्षक हैं। इन्हें राजकीय शिक्षक पुरस्कार 2024 अवार्ड मिलने पर जिला कार्यक्रम पदाधिकारी सह प्रखंड शिक्षा पदाधिकारी प्रिया भारती, बिहार राज्य प्राथमिक शिक्षक संघ गोप गुट के जिला अध्यक्ष मोहम्मद हैदर अली खान, कन्या मध्य विद्यालय चंदौती के प्रधानाध्यापक जितेंद्र कुमार, शिक्षिका रीता कुमारी, नावाडीह बांके बाजार के प्रधानाध्यापक जितेंद्र कुमार, डिस्ट्रिक्ट टीचर वेलफेयर ट्रस्ट के उप सचिव मनोज कुमार सिन्हा, प्रमोद कुमार आदि ने बधाई और शुभकामनाएं दी है। कई अवार्ड से हो चुके हैं सम्मानित डॉक्टर धीरज एनसीईआरटी और एससीईआरटी के साधन सेवी के रूप में निरंतर कार्यशालाओं में अपना योगदान देते आ रहे हैं। इससे पूर्व भी डॉक्टर धीरज को पुरस्कारों से नवाजा जा चुका है। प्रमुख रूप से 2019 में मगध रत्न सम्मान, शिक्षा के क्षेत्र में असाधारण उपलब्धियां के लिए लाइफटाइम अवॉर्ड इन एजुकेशन, इंडियन साइकोलॉजिकल एसोसिएशन द्वारा स्वर्ण पदक भी प्राप्त कर चुके हैं। डॉ धीरज की इस उपलब्धि पर प्रधानाचार्य गया कॉलेज गया डॉ. सतीश सिंह चंद्र ने इन्हें शुभकामना दी। महाविद्यालय परिवार के शिक्षक कर्मचारी समेत विद्यार्थियों ने भी खुशियां व्यक्त की है। इस उपलब्धि पर उनके शुभचिंताको ने भी उन्हें शुभकामनाएं दी है। कई राष्ट्रीय शोध पत्र पत्रिकाओं के संपादक मंडल के सदस्य होने के साथ-साथ डॉ. धीरज इंटरनेशनल रिसर्च जनरल ऑफ एजुकेशनल लीडरशिप एंड मैनेजमेंट, जिसका प्रकाशन कंटीन्यूअस प्रोफेशनल डेवलपमेंट इंस्टीट्यूट बैंकॉक थाईलैंड द्वारा किया जाता है, उसके संपादक मंडल के सदस्य भी हैं।



### लड़की की संदेहास्पद हालत में मौत, ऑनर किलिंग की आशंका

**डुमरिया।** मैगरा थाना क्षेत्र के नघरी गांव में संदेहास्पद स्थिति एक 16 वर्षीय लड़की की मौत हो गई है। पुलिस ने मामले की छानबीन करते हुए मृतका की डेड बॉडी को बरामद कर पोस्टमार्टम के लिए गया मगध मेडिकल कॉलेज भेज दिया। बताया जा रहा है कि घटना के समय दादी पोती घर पर थी। दादी के अनुसार उसकी पोती ने गले में अपने दुपट्टा लगाकर आत्महत्या कर ली है। उसकी मानसिक हालत ठीक नहीं थी। वह बचपन से ही विक्षिप्त थी। इसके पिता दिल्ली मजदूरी करने गए थे। जबकि मृतका की मां दो बच्चों के साथ मायके गई हुई थी। जब बेटी की मौत की खबर लगी तो उसकी मां घर पहुंची और पिता भी दिल्ली से वापस लौट रहे हैं। हालांकि गांव के लोगों का कहना है कि मृतका विक्षिप्त नहीं थी। मैगरा थानाध्यक्ष सौरभ कुमार ने बताया कि संदेहास्पद स्थिति में एक 16 वर्षीय लड़की की मौत हो गई है। कहा कि घटनास्थल से कोई ठोस सबूत पुलिस को नहीं मिले हैं जिससे पता चल सके कि मृतका ने खुद आत्महत्या की है। कहा कि ऑनर किलिंग का भी मामला हो सकता है। पुलिस मामले की छानबीन कर रही है।

### भूमि विवाद में गोलीबारी, 3 लोग घायल, 1 व्यक्ति को पैर में लगी गोली, मारपीट में 2 घायल

**नालंदा।** नालंदा में भूमि विवाद को लेकर मंगलवार की शाम बदमाशों ने गोली मार एक व्यक्ति को घायल कर दिया है। मामला रहुई थाना क्षेत्र के कायमपुर गांव का है। गोली लगने से कायमपुर गांव निवासी स्वर्गीय शिव बालक यादव का बेटा कारू यादव(30) जख्मी हो गए हैं। जबकि मारपीट की घटना में विनोद यादव और रविन्द्र यादव जख्मी हुए हैं। घटना के संबंध में जख्मी रविन्द्र यादव ने बताया कि 3 कट्ठा भूमि को लेकर पड़ोसी से विवाद चल रहा है। गांव में घेरकर पहले विनोद यादव के साथ मारपीट की गई। इसके बाद जब शोर शराबा हुआ तो वे लोग दौड़े तभी बदमाशों ने फायरिंग कर दी। इसमें एक गोली कारू यादव के पैर में भी आकर लग गई। जबकि वे खुद भी मारपीट में जख्मी हो गए। बदमाशों द्वारा दर्जनों राउंड फायरिंग की गई। घटना की जानकारी मिलने के बाद डायल 112 की पुलिस मौके पर पहुंची। घायलों को इलाज के लिए बिहारशरीफ सदर अस्पताल में भर्ती कराया। वहीं, इस मामले में रहुई थाना अध्यक्ष कुणाल कुमार ने बताया कि भूमि विवाद को लेकर गोलीबारी की घटना हुई है। कुछ दिन पहले दोनों पक्ष से भूमि विवाद को लेकर आवेदन प्राप्त हुआ था। जिसमें एक पक्ष के 3 लोगों को जेल भेजा गया है। इसी खुन्नस में बदमाशों द्वारा फायरिंग की गई। जिसमें एक व्यक्ति गोली लगने से जख्मी हुआ। जबकि मारपीट में 2 अन्य व्यक्ति घायल हुआ है। फिलहाल, पुलिस गांव में कैंप कर रही है, आरोपी फरार है। पूरे मामले की छानबीन की जा रही है। घायल को बेहतर इलाज के लिए सदर अस्पताल में भर्ती कराया गया है।

# पितृपक्ष मेला क्षेत्र के कई स्थलों पर स्थाई शौचालय व स्नानागार की हो रही मरम्मत

**निज संवाददाता। गया**

विश्व प्रसिद्ध पितृपक्ष मेला 2024 को सफल बनाने के लिए जिला व पुलिस प्रशासन की तैयारी जोर-शोर से चल रही है। इसके तहत जिला प्रशासन की ओर से मेला क्षेत्र में विभिन्न स्थलों पर स्थाई शौचालय, स्नानागार व प्याऊ की मरम्मती तथा जरुरत के अनुसार मोटर, टंकी, नल कनेक्शन लगाने का कार्य शुरू किया गया है। वहीं पुलिस प्रशासन ने भी देश-विदेश से आने वाले तीर्थयात्रियों के आवासन स्थलों की सुरक्षा के लिए कड़े इंतजाम किये जा रहे हैं। इस वर्ष 17 सितंबर से पितृपक्ष मेला का शुभारंभ हो रहा है। इस साल मेला के दौरान दस लाख से अधिक तीर्थयात्रियों के आने की संभावना को लेकर कार्य तेजी से कराया जा रहा है। इन कार्यों को 10 सितंबर तक हर हाल में पूरा कर लेने की अंतिम तिथि निर्धारित की गई है।

**इन जगहों पर तेजी से चल रहा कार्यः** वेदी घाट स्थल के देवघाट वेदी स्थल पर पूर्व में लगे महिला बाथरूम यूनिट (10 झरना) व पुरुष बाथरूम यूनिट (10 झरना) की मरम्मती, प्री फेब्रिकेट क्लॉथ चेंजिंग रूम 10 यूनिट लगाने, वेदी घाट स्थल के नियंत्रण कक्ष पर दो यूनिट ठंडा वाटर कूलर व फिल्टर की व्यवस्था, प्रांगण के सभी 7 चापाकल की मरम्मती कार्य तेजी से किया जा रहा है। श्मशान घाट पर प्री-फेब्रीकेट स्नानघर पुरुष पांच यूनिट व महिला पांच यूनिट, बोरिंग में मोटर, दो टंकी एवं पांच नल कनेक्शन, प्री फेब्रिकेट क्लॉथ चेंजिंग रूम पांच यूनिट व तीन चापाकल की मरम्मती कार्य चल रहा है। प्रेतशिला वेदी घाट स्थल मैदान पर स्थाई शौचालय पुरुष चार यूनिट व महिला पांच यूनिट, तीन यूनिट स्नानघर व प्याऊ में 9 नल का कनेक्शन, वेदी घाट पर दो यूनिट महिला स्नानाघर, 6 नल कनेक्शन, दो स्टैण्ड पोस्ट, एक प्याऊ में 6 नल कनेक्शन किया जा रहा है। प्रेतशिला पहाड़ी के उपर मंदिर जाने की सीढ़ी के रास्ते दो मोटर, टंकी एवं नल कनेक्शन एवं पहाड़ी के उपर मंदिर के पास दो टंकी व चार नल लगाया जा रहा है। इसी तरह प्रेतशिला प्रांगण में कुल 6 चापाकल एवं बाहर साइड चहतूबग पर तीन चापाकल की मरम्मती की जा रही है। वहीं प्रेतशिला के ब्रह्मकुंड तालाब से गंदा व दूषित पानी निकाल कर ताजा पानी भरा जा रहा है। वैतरणी सरोवर, धर्मारण्य वेदी, सरस्वती वेदी, मातंगवापी वेदी स्थल पर स्थाई प्याऊ की मरम्मती का कार्य, मातंगवापी वेदी पर दो यूनिट प्री-फेब्रीकेट, ब्रह्मवेदी व कागबली पर प्याऊ, रामशिला वेदी घाट स्थल पर दो यूनिट प्री फेब्रिकेट क्लॉथ चेंजिंग रूम बनाया व प्याऊ की मरम्मती कार्य किया जा रहा है। वहीं रामसागर तालाब व सूर्यकुंड तालाब के दूषित व गंदा पानी निकाल कर स्वच्छ पानी भरा जा रहा है। सीताकुंड वेदी स्थल पर दो यूनिट प्री-फेब्रीकेट क्लॉथ चेंजिंग रूम लगाया जा रहा है। पार्किंग स्थलों पर भी चल रहा काम पार्किंग स्थल जैसे खेल परिसर बस स्टैण्ड पर दस यूनिट पुरुष शौचालय व दस यूनिट महिला शौचालय, दस यूनिट प्री-फेब्रीकेट शौचालय व चापाकल की मरम्मती, टंकी, नल कनेक्शन, चार स्टैण्ड पोस्ट व पेंटिंग का कार्य किया जा रहा है। केंदुई बस स्टैण्ड पर दस यूनिट स्थाई शौचालय की मरम्मती, पानी की टंकी, नल कनेक्शन, केंदुई बस स्टैण्ड के पम्प हाउस पर नल कनेक्शन का कार्य करवाया जा रहा है। किसान कॉलेज बस स्टैण्ड पर अस्थाई छह शौचालय व चार यूनिट प्री फेब्रिकेट शौचालय, प्रेतशिला बस स्टैंड पर छह अस्थाई शौचालय व चार यूनिट प्री फेब्रिकेट शौचालय, मानपुर भुसुंडा बस स्टैंड पर दस यूनिट अस्थाई शौचालय, कोरला छोटी वाहनों के स्टैंड पर दस यूनिट अस्थाई शौचालय लगवाया जा रहा है। लगवाया जा रहा है। इसी तरह 33 यात्री स्थल व 27 पुलिस स्थल पर आवश्यकता अनुसार स्थाई शौचालय व स्नानघर की मरम्मती का कार्य, अस्थाई शौचालय व स्नानघर बनाने, प्री फेब्रिकेट शौचालय की मरम्मत व लगाने का कार्य, पेयजल के लिए टंकी, नल कनेक्शन का कार्य, सभी आवासन स्थल पर लगे चापाकल की मरम्मती का कार्य करवाया जा रहा है। पितृपक्ष मेला के दौरान विभिन्न वेदी स्थलों एवं आवासन स्थलों पर आवश्यकता अनुसार 30 टैंकर से नियमित पानी की आपूर्ति करायी जाएगी।



## हथियार के साथ दो बदमाशों को किया गिरफ्तार

### बाइक सवार तीन संदिग्धों पर पड़ी पुलिस की नजर, एक फरार

**निज संवाददाता। नालंदा**



नालंदा जिले के परवलपुर थाना क्षेत्र में पुलिस ने तीन संदिग्ध व्यक्तियों को रोका, जिनमें से दो को गिरफ्तार कर लिया, एक फरार हो गया। हिलसा डीएसपी- 2 गोपाल कृष्ण ने बताया कि परवलपुर थाना के पुलिस अधिकारी राहुल कुमार के नेतृत्व में गश्ती दल परवलपुर बाजार में गश्त कर रहा था। इस दौरान उन्होंने एक बाइक पर सवार तीन संदिग्ध व्यक्तियों को देखा। पुलिस ने तुरंत तलाशी ली। तलाशी के दौरान पुलिस ने एक पिस्तौल, 6 कारतूस और एक एंड्रॉयड मोबाइल फोन बरामद किया। मौके पर मौजूद तीन संदिग्धों में से दो को गिरफ्तार कर लिया गया, जबकि तीसरा व्यक्ति फरार हो गया।

**दूसरे की गिरफ्तारी की कोशिश में पुलिसः** गिरफ्तार अपराधियों की पहचान गौतम कुमार (पिताः भूषण गोप, निवासीः सीता बिगहा) और सचिन कुमार (पिताः पंकज प्रसाद, निवासीः लक्ष्मी बिगहा) के रूप में हुई है। दोनों परवलपुर थाना क्षेत्र के रहने वाले हैं। फरार हुए व्यक्ति की पहचान विशाल कुमार के रूप में हुई है, जो परवलपुर गांव का रहने वाला बताया जा रहा है। पुलिस ने उसकी गिरफ्तारी के लिए अभियान शुरू कर दिया है। पुलिस ने मौके से बरामद सामान के साथ-साथ बाइक भी जब्त किया है।

## सियार के आतंक से ग्रामीणों में दहशत, हमले में एक महिला घायल, भीड़ ने एक को पीट-पीटकर मार डाला

**निज संवाददाता। गया**

### विभाग ने लगाया पिंजरा



गया के खिजरसराय प्रखंड के मकसूदपुर में सियार के आतंक से ग्रामीण दहशत में हैं। गांव के आसपास 3 से 4 की संख्या में सियार मौजूद है। ग्रामीणों का दावा है कि सियार ने एक बुजुर्ग महिला को काटा है। वहीं, एक सियार को पीट-पीटकर मार दिया गया है। वन विभाग ने ग्रामीणों की शिकायत पर पिंजरा लगाया है, ताकि सियार को पकड़ा जा सके। हालांकि, कुछ लोगों का कहना है कि गांव में सियार नहीं, भेड़िया आ गया है। वह मकसूदपुर कोठी में अपना डेरा डाला है। लेकिन, वन विभाग का कहना है कि भेड़िया नहीं है। सियार के प्रमाण मिले हैं। बावजूद इसके निगरानी के लिए टीम लगाई गई है। पिछले 24 घंटे में ना सियार और ना ही भेड़िया कैद हो सका है।

**आंखों देखी की एंकर नलिनी सिंह की है मकसूदपुर कोठीः** मकसूदपुर कोठी राजा अभय नारायण सिंह और टीवी पर आने वाले शो आंखों देखी डायरेक्टर और एंकर नलिनी सिंह की है। चंद्रकांता सीरियल की डायरेक्ट नीरजा गुलेरी राजा अभय नारायण सिंह की बहन हैं। इनका बचपन मकसूदपुर कोठी में बिता है। इसमें अब कोई नहीं रहता है। सभी परिवार दिल्ली में रहते हैं। केवल दुर्गा पूजा में परिवार आता है और कुल देवी की पूजा कर वापस चला जाता है। पुरानी कोठी से हटकर राजा परिवार ने एक छोटा सा घर बनवाया है। जब कभी राजा परिवार को यहां आना होता है तो उसी घर में रुकते है। अब यह कोठी पूरी तरह वीरान है। यही वजह है कि यहां लावारिस कुत्ते, अन्य जंगली जानवर कभी-कभी देखे जाते हैं।

**खेत में अक्सर दिखते है सियारः** ग्रामीणों का कहना है कि बीते एक सप्ताह से सियार का आतंक गांव में है। एक वृद्ध महिला देवतिया देवी के ऊपर हमला किया, जिससे वह घायल हो गई। इस घटना के बाद से गांव के लोग भयभीत हैं। पुलिस और वन विभाग को सूचना दी गई है। इधर, DFO शशिकांत ने बताया कि गांव के लोग भेड़िया की बात कह रहे हैं। लेकिन, मामला सियार का मालूम पड़ता है। बावजूद इसके उन्हें पकड़ने के लिए मकसूदपुर कोठी के पास पिजरा लगाया गया है।

## गया पुलिस ने 50 हजार का इनामी बदमाश किया गिरफ्तार, दर्जनों कांड में चल रहा था फरार

**निज संवाददाता। गया**

### लूट के कादौरान एक व्यक्ति की हत्या की थी



गया पुलिस ने लम्बे समय से फरार चल रहे 50 हजार रुपए के इनामी अपराधी बिजली पासवान को गिरफ्तार किया है। फरारी के दौरान भी बिजली पासवान जिले के विभिन्न थाना क्षेत्र में लगातार ताबड़तोड़ आपराधिक घटनाओं को अंजाम दे रहा था। लेकिन पुलिस के हाथ नहीं आ रहा था। बिजली पासवान परैया थाना क्षेत्र के कमलदाह का रहने वाला है। पुलिस ने उसे मगध यूनिवर्सिटी थाना क्षेत्र के लोटन बिगहा से गिरफ्तार किया है। उसके पास से एक देसी कट्टा और एक कारतूस बरामद किया है। एसपी सिटी प्रेरणा कुमारी ने बताया कि पुलिस बीते कुछ माह से शातिर अपराधी बिजली पासवान की तलाश में जुटी थी। इस बीच जिला पुलिस की अनुशंसा पर सरकार ने 50 हजार रुपए के इनाम की घोषणा की थी। उन्होंने बताया कि मंगलवार को सूचना मिली कि आरोपी बिजली पासवान लोटन बिगहा के पास देखा गया है। इस पर पुलिस की विशेष टीम एक्टिव हुई। लोटन बिगहा से उसे गिरफ्तार कर लिया गया है। उन्होंने बताया कि बिजली पासवान लगातार वारदात को अंजाम देता चल रहा था।

इसके खिलाफ लूट, हत्या, रंगदारी, छिनैती और गोलीबारी की वारदात को अंजाम दिए जाने के आधा दर्जन से अधिक मुकदमे है। उसने हाल ही में बोधगया सड़क मुख्य मार्ग पर गोली मार कर लूट की घटना को अंजाम दिया था। जिसे गोली मारी थी, उसकी मौत हो गई थी। उसमें बिजली पासवान मुख्य आरोपी था। एसपी सिटी ने बताया कि बिजली पासवान की गिरफ्तारी से जिले के अपराध में काफी हद तक गिरावट आएगी।

## लोकाईन नदी में डूबकर किशोर की मौत

**निज संवाददाता। नालंदा**

नालंदा के करापरसुराय प्रखंड के पकड़ी गांव में मंगलवार शाम (13) वर्षीय सुधांशु कुमार की लोकाईन नदी में डूबने से मौत हो गई। घटना उस समय हुई जब वह अपने साथियों के साथ नदी किनारे शौच करने गया था। घटना के संबंध में परिजन ने बताया कि सुधांशु अपने दोस्तों के साथ शाम के समय नदी किनारे गया था। शौच के बाद जब वह पानी लेने के लिए आगे बढ़ा, तो अचानक गहरे पानी में चला गया। उसके साथी तुरंत गांव लौटे और लोगों को सूचित किया, लेकिन तब तक बहुत देर हो चुकी थी।

**स्थानीय पुलिस को दी गई जानकारीः** शव मिलन के बाद बच्चे के परिजन के बीच मातम का माहौल हो गया। मामले की जानकारी स्थानीय पुलिस को दी गई। करायपरसुराय थानाध्यक्ष अमित कुमार ने बताया कि तत्काल खोजबीन शुरू की गई।

## मरीज को गोद में उठाकर अस्पताल से बाहर निकलते परिजन, हाथ में टांगा स्लाइन की बोतल

**नालंदा।** नालंदा स्थित सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र (CHC) रहुई में एक ऐसा मामला सामने आया है, जो स्वास्थ्य सेवाओं की दयनीय स्थिति को उजागर करता है। यहां एक महिला मरीज को अपनी गोद में लेकर हाथ में स्लाइन की बोतल थामे, अस्पताल से बाहर जाते देखा गया। यह दृश्य न केवल स्वास्थ्यकर्मियों की लापरवाही को दर्शाता है। बल्कि स्वास्थ्य सुविधाओं की कमी की ओर भी इशारा करता है। घटना की जानकारी देते हुए मरीज की रिश्तेदार बेबी देवी ने बताया कि मरीज काजल कुमारी रहुई प्रखण्ड की उत्तरनावां गांव की रहने वाली है। वह डायरिया से पीड़ित थी। उनका इलाज सीएचसी रहुई में चल रहा था। जब मरीज की हालत में सुधार नहीं हुआ, तो स्वास्थ्यकर्मियों ने उन्हें सदर अस्पताल बिहारशरीफ रेफर कर दिया। लेकिन यहां चौंकाने वाली बात यह है कि रेफर करने के बाद भी मरीज को एम्बुलेंस की सुविधा नहीं दी गई। परिजनों को मजबूरन मरीज को गोद में उठाकर, स्लाइन की बोतल हाथ में लेकर अस्पताल से बाहर निकलना पड़ा। इस दौरान स्वास्थ्यकर्मी मूक-दर्शक बने रहे। मरीज के परिजनों को नहीं रोक पाए। जब मरीज के परिजन सड़क पर वाहन का इंतजार कर रहे थे, तब वहां लोगों की भीड़ जमा हो गई। इस घटना ने स्थानीय लोगों में आक्रोश पैदा कर दिया। बाद में शायद अपनी गलती का अहसास होने पर, स्वास्थ्यकर्मियों ने एम्बुलेंस बुलवाई और मरीज को सदर अस्पताल ले जाया गया। इस मामले पर CHC रहुई के डॉक्टर दयानंद कुमार का कहना है कि मरीज बहुत कमजोर थी। इसलिए उसे रेफर किया गया था। लेकिन उन्होंने यह स्पष्ट नहीं किया कि एम्बुलेंस की व्यवस्था क्यों नहीं की गई।

## गया के शक्ति ने भोजपुरी फिल्मों में निगेटिव रोल में बनाई अपनी पहचान

**गया।** जिले के वजीरगंज प्रखंड के करजरा पंचायत के मिरगपुर गांव के रहने वाले शक्ति यादव ने अब भोजपुरी फिल्मों में निगेटिव रोल में अपनी एक अलग पहचान बना ली है। अब वे अपने गृह जिला गया पर फोकस कर फिल्म बनाने में लगे हुए है। जल्द ही उनकी फिल्म सिनेमा घरों के बड़े पर्दों पर रिलीज होगी। मंगलवार को गया पहुंचे शक्ति यादव ने बताया कि अभी फिल्म हाय मै क्या करू राम व सूप चलनी के लिए काम कर रहे हैं। यह दोनों फिल्म गया जिले के अलग-अलग लोकेशन में शूट होगी। इसमें मुख्य कलाकार प्रेम सिंह, ओमकार बिश्वाश, अभिषेक सिंह, सुमित सम्राट, रवि कुमार आदि है।


**सरायगढ़-देवघर-सरायगढ़ स्पेशल का आवागमन जारी रहेगा**

यात्रियों की अतिरिक्त भीड़ से निपटने के लिए, **05573/05574 सरायगढ़-देवघर-सरायगढ़ स्पेशल** ट्रेन नीचे उल्लेखित अवधि के दौरान और कई ट्रिप यात्रा करेगी : **(1) 05573 सरायगढ़-देवघर स्पेशल (दैनिक):** दिनांक 05.09.2024 से 30.09.2024 तक = 26 ट्रिप। **(2) 05574 देवघर-सरायगढ़ स्पेशल (दैनिक):** दिनांक 05.09.2024 से 30.09.2024 तक = 26 ट्रिप। अन्य सभी निर्देशावलियां अपरिवर्तित रहेंगी।

**मुख्य यात्री परिवहन प्रबंधक**

**पूर्व रेलवे**

हमें अनुसरण करें: @EasternRailway @easternrailwayheadquarter



**पूर्व रेलवे**

**संक्षिप्त निविदा सूचना सं. एचडब्ल्यूएच-IV-02-24-25 (खुली), दिनांक 02.09.2024,** उप मुख्य अभियंता/निर्माण/IV/पूर्व रेलवे/हावड़ा, 371, तेलकल घाट (प्रथम तल), रेल म्यूजियम के पास, हावड़ा-711101 द्वारा निम्नलिखित कार्य के लिए ई-निविदा प्रणाली के तहत मुहरबंद निविदा सूचना आमंत्रित की जाती हैः **कार्य का नामः** पूर्व रेलवे के तहत चतुर्थ लाइन/फ्लाईओवर लाइन/बाईपास लाइन (i) खाना-सांइथिया चतुर्थ लाइन (84.10 किमी), (ii) मसाग्राम फ्लाईओवर (5 किमी), (iii) कटवा-आजिमगंज लाइन के साथ बर्द्धमान-कटवा सिंगल लाइन को जोड़ने वाले कटवा बाईपास (10 किमी) और (iv) बर्द्धमान-कटवा सिंगल लाइन के साथ खाना जं. बर्द्धमान मेन लाइन में तालित स्टेशन को जोड़ने वाले बर्द्धमान बाईपास (10 किमी) के निर्माण के लिए नवीनतम रेलवे बोर्ड दिशा-निर्देशों के अनुसार डीपीआर तैयार करने सहित अंतिम लोकेशन सर्वे का संचालन जिसमें शामिल है आधुनिक सर्वे तकनीक जैसे कि रेलवे की रैखिक परियोजनाओं के लिए हवाई या स्थलीय लिडार और/या ड्रोन फोटोग्रामेट्री, जियोटेक्निकल जाँच, सिग्नलिंग कार्य, विद्युत कार्य एवं परिचालन कार्य। **निविदा मूल्यः** रु. 1,84,73,466.60, **बयाना राशि** : रु. 2,42,400/- **निविदा कागजात का मूल्यः** लागू नहीं। **समापन अवधिः** 09 (नौ) माह। **अंतिम तिथिः** दिनांक 20.09.2024 को 12.00 बजे। निविदा कागजात और अन्य विवरण वेबसाइट **www.ireps.gov.in** से प्राप्त किए जा सकते हैं। निविदा के लिए बोली उपर्युक्त वेबसाइट पर ई-निविदा प्रणाली के माध्यम से जमा की जानी चाहिए। इस निविदा के लिए मैनुअल प्रस्ताव की अनुमति नहीं दी जाती है एवं कोई मैनुअल प्रस्ताव प्राप्त होने पर स्वीकार नहीं किया जाएगा एवं तत्काल रद्द कर दिया जाएगा।

HWH-264/2024-25

निविदा सूचना वेबसाइट www.er.indianrailways.gov.in/www.ireps.gov.in पर भी उपलब्ध है

हमें यहाँ देखें : @EasternRailway @easternrailwayheadquarter

## न्यूज बाइट्स

### जिलास्तरीय दौड़ प्रतियोगिता में निभा ने लाई तीसरा स्थान

**कौआकोल (नवादा) (नि. सं.)।** बिहार राज्य खेल प्राधिकरण, पटना एवं जिला प्रशासन नवादा के संयुक्त तत्वाधान में आयोजित जिलास्तरीय विद्यालय खेल प्रतियोगिता 2024-25 के 800 मीटर दौड़ प्रतियोगिता में कौआकोल की बेटी व प्रोजेक्ट गायत्री कन्या इंटर विद्यालय की छात्रा नीभा कुमारी ने तीसरा स्थान लाकर प्रखण्ड का नाम रौशन किया है। इसकी जानकारी देते हुए विद्यालय के प्रभारी प्राचार्य संदीप कुमार ने बताया कि नवादा के हरिश्चंद्र स्टेडियम में जिला प्रशासन द्वारा आयोजित अंडर-19 बालिका ग्रुप के 800 मीटर दौड़ प्रतियोगिता में विद्यालय की शारीरिक शिक्षिका बंटी कुमारी के नेतृत्व में गई भाग लेने गई छात्रा व विनोद यादव की पुत्री निभा कुमारी ने तीसरा स्थान प्राप्त किया। जिसके बाद नवादा डीएम आशुतोष कुमार वर्मा एवं जिला खेल पदाधिकारी नवीन कुमार पांडेय के द्वारा संयुक्त हस्ताक्षर से जारी किए गए प्रमाण पत्र एवं मेडल प्रदान कर उनके उज्वल भविष्य की कामना की गई। इधर विद्यालय के प्रभारी प्राचार्य संदीप कुमार, शिक्षक अंशु माला, सूरज कुमार, बंटी कुमारी आदि ने निभा की इस सफलता पर उन्हें बधाई दी।

### नुक्कड़ नाटक आयोजित कर लोगों को किया जा रहा जागरूक

**रजौली (नवादा) (नि.सं.)।** नगर पंचायत प्रशासन द्वारा स्वच्छता सर्वेक्षण-24 के तहत नुक्कड़-नाटक द्वारा स्वच्छता अभियान को लेकर लोगों को जागरूक किया जा रहा है। बुधवार को अनुमण्डल कार्यालय के समीप नाट्य कलाकारों द्वारा गाकर एवं नाटक कर लोगों को कचरा प्रबंधन की जानकारियां दी जा रही थी। साथ ही सिंगल यूज होने वाले प्लास्टिक की थैली का उपयोग नहीं करने की भी अपील किया गया। राज्य सरकार सिंगल युज पालिथीन पर पूर्ण प्रतिबंध लगाया गया है। पर्यावरण संरक्षण के लिए सिगल युज पालीथिन के उपयोग करने से परहेज करें। स्वच्छता केवल नगर पंचायत के कर्मियों व अधिकारियों से संभव नहीं है। बल्कि स्वच्छता एक भाव है, जो जन जागरुकता से संभव हो सकता है। नगर के लोग अपने मन मस्तिष्क में स्वच्छता का भाव उत्पन्न करें। इसे दिनचर्या में शामिल कर घर, गली, वार्ड, नगर को साफ, स्वच्छ व सुंदर बनाया जा सकता है। इससे नगर क्षेत्र स्वच्छ रहने के साथ लोगों को कई तरह की बीमारियों से निजात मिलेगी।

### 2500 से अधिक भूमिहीन परिवारों के बीच बंदोबस्ती का पर्चा किया वितरित

**सासाराम (रोहतास) (नि.सं.)।** जिले के सभी 19 प्रखंड-सह-अंचल कार्यालयों में आज कैंप लगाकर अभियान बसेरा-2 के तहत 2500 से अधिक भूमिहीन परिवारों के बीच बंदोबस्ती पर्चा वितरण किया गया। अनुमंडल पदाधिकारी, डीसीएलआर, बीडीओ, सीओ सहित अन्य जिला एवं प्रखंड स्तरीय पदाधिकारी की उपस्थिति में लाभुकों को पर्चा दिया गया। रोहतास एकमात्र जिला है, जहां एक दिन में इतने सारे पर्चे एक साथ बांटे गए हैं। बंदोबस्ती पर्चा मिलने से लाभुकों की भूमि पर प्रधानमंत्री आवास योजना एवं मुख्यमंत्री आवास योजना के लाभ से जोड़ते हुए लाभुकों को आवास योजना का लाभ दिया जाएगा।

### अनुमंडलाधिकारी के द्वारा भू-बंदोबस्ती का दिया गया पर्चा

**करगहर (रोहतास) (नि.सं.)।** प्रखंड मुख्यालय के सभागार में बुधवार को राजस्व भूमि सुधार विभाग के तहत मुख्यमंत्री के महत्वकांक्षी योजना अभियान बसेरा -2 के तहत 76 लाभुकों के बीच भू- बंदोबस्ती पर्चा बांटा गया। आशुतोष रंजन ने अभियान बसेरा 2 के लाभुकों के बीच पर्चा दिया गया। वहीं अनुमंडलाधिकारी आशुतोष रंजन ने बताया कि बिहार सरकार के द्वारा सभी लाभुकों को चयनित कर उन्हें वास् योग्य भूमि का टैगिंग कर उन्हें पर्चा दिया गया। वहीं मौके पर मौजूद अंचलाधिकारी अजीत कुमार ने राजस्व कर्मचारी के टैगिंग के अनुसार सभी लाभुकों को संबंधित पंचायत अनुसार उनकी पहचान कर पर्चा दिया।

# पूर्व मंत्री को निधनोपरांत राजकीय सम्मान के साथ दी गई अंतिम विदाई



**निज संवाददाता** | सासाराम (रोहतास)

वरीय मंडल सुरक्षा आयुक्त डीडीयू जेथिन बी राज के निर्देशानुसार निरीक्षक प्रभारी सासाराम संजीव कुमार के नेतृत्व में उप निरीक्षक डी एस राणावत, सहायक उप निरीक्षक दिलीप कुमार,आरक्षी पंकज सिंह तथा आरपीएफ़ सिपीडीएस टीम के अवर निरीक्षक संदीप कुमार, आरक्षी कुंदन कुमार एवम आरक्षी आनन्द कुमार सभी साथ मिलकर सासाराम रेलवे स्टेशन पर आपरेशन वाइल्ड लाइफ के तहत विशेष निगरानी/चेंकिंग करने के दौरान सासाराम रेलवे स्टेशन प्लेटफार्म सं0-03 पर आई गाड़ी संख्या 12322 के साधारण कोच में 225 तोता और 6 तीतर को तस्करी कर ले जाते हुए 02 व्यक्तियों को पकड़ा गया। जिनसे पुछताछ करने पर तस्करो के द्वारा बताया गया कि उक्त तोता और तीतर को प्रयागराज छेओकी से वर्द्धमान ले जारहे थे जिसके सम्बन्ध में कोई बैध कागजात नही पाया गया। ऊक्त दोनो तस्करों और सभी पक्षियों को वन विभाग सासाराम को उचित कार्यवाही हेतु सुपुर्द कर दिया गया।

# बिना कोई विद्युत कनेक्शन लिए अवैध रूप से विद्युत ऊर्जा चोरी को लेकर प्राथमिकी दर्ज

**सासाराम (रोहतास) (रोहतास)।** अंतर्गत विद्युत ऊर्जा चोरी को लेकर चलाये जा रहें विशेष अभियान के तहत ग्राम-खनिता चौक पर अवैध रूप से बिजली चोरी करने को लेकर चार लोगो पर प्राथमिकी दर्ज कराई गयी है। बताते चलें की बिना कोई बिजली कनेक्शन लिए विद्युत विभाग के विस्तारित एलटी तार मे सर्विस तार संयोजित कर अवैध रूप से विद्युत ऊर्जा की चोरी करने को लेकर टुन्ना शर्मा पर 41628, लक्ष्मण साह पर 7126, राम चंद्र सिंह पर 74952 रूपये राजस्व की क्षति आकलित करते हुए प्राथमिकी दर्ज कराई गयी है। उक्त व्यक्तियों के परिसर मे मीटर भी अधिष्ठापित नहीं थे तथा विद्युत सम्बंधित कागजात की मांग करने पर कोई कागजात प्रस्तुत नहीं की गयी। आगे बताते चलें की गणेश तिवारी का बकाया पर विद्युत कनेक्शन कटने के पश्चात बिना बकाया राशि एवं पुनः विद्युत संयोजन शुल्क जमा किये अवैध रूप से विद्युत ऊर्जा की चोरी को लेकर 54552 रुपये दंडित राशि लगायी गयी है। कनीय विद्युत अभियंता, दिनारा विकाश कुमार के द्वारा सभी उपभोक्ताओं से आग्रह किया गया है कि जो भी विद्युत कनेक्शन नहीं लिए हैं वह सुविधा एप्प के माध्यम से आवेदन समर्पित कर विद्युत कनेक्शन ले लें तथा जो मीटर बाईपास कर विद्युत का उपभोग कर रहे हैं वह दुरुस्त कर ले अन्यथा जाँच के दौरान पाए जाने पर भारतीय विद्युत अधिनियम 2003 की धारा 135 के तहत प्राथमिकी दर्ज कराई जाएगी। सहायक विद्युत अभियंता बिक्रमगंज राज कुमार के द्वारा बताया गया की गत माह मे विद्युत ऊर्जा चोरी को लेकर 66 व्यक्तियों पर प्राथमिकी दर्ज कराई गयी थी।

# महाप्रबंधक ने किया राजगीर-तिलैया एवं बंधुआ-प्रधान खांटा रेलखंड का विंडो ट्रेलिंग निरीक्षण



**निज संवाददाता** | हाजीपुर (वैशाली)।

महाप्रबंधक छत्रसाल सिंह द्वारा आज दानापुर मंडल के पटना-राजगीर तथा धनबाद मंडल के बंधुआ-प्रधान खांटा रेलखंड का विंडो ट्रेलिंग निरीक्षण किया गया। इस दौरान उन्होंने इन रेल मार्गों में पड़नेवाले स्टेशनों, रेल पुलों, रेलवे ट्रैक, ओएचई, सिगनलिंग सिस्टम सहित यात्री सुविधा एवं संरक्षा से जुड़े पहलुओं का गहन मुआयना किया। निरीक्षण के दौरान महाप्रबंधक ने संरक्षा पर विशेष बल देते हुए इसके प्रति हमेशा चौकसी बरतने का निर्देश दिया। इसी क्रम में महाप्रबंधक छत्रसाल सिंह द्वारा राजगीर स्टेशन का निरीक्षण किया गया जहां उन्होंने स्टेशन के सर्कुलेटिंग एरिया, प्लेटफार्म आदि की साफ-सफाई सहित यात्रियों को उपलब्ध करायी जा रही समस्त सुविधाओं का मुआयना किया। महाप्रबंधक ने राजगीर-तिलैया रेलखंड पर अवस्थित वृहत रेल पुल संख्या 47 का निरीक्षण कर संरक्षा से जुड़े प्रत्येक पहलुओं को बारीकी से देखा। राजगीर में महाप्रबंधक ने अधिकारियों के साथ राजगीर स्टेशन के पुनर्विकास कार्य की प्रगति की भी समीक्षा की एवं संबंधित अधिकारियों को आवश्यक निर्देश दिए। उन्होंने पुनर्विकास कार्य उच्च गुणवत्ता के साथ निर्धारित समय-सीमा में पूरा करने का निर्देश दिया। विदित हो कि पुनर्विकसित स्टेशन भवन आकर्षक डिजाइन के साथ उन्नत एवं अत्याधुनिक यात्री सुविधाओं से युक्त होगा। निरीक्षण के क्रम में महाप्रबंधक ने धनबाद स्टेशन का भी निरीक्षण किया। इसके पश्चात् महाप्रबंधक द्वारा झाझा से पटना तक विंडो ट्रेलिंग निरीक्षण किया जा रहा है।

# गोपाल नारायण सिंह विश्वविद्यालय द्वारा एक दिवसीय सेमिनार का आयोजन




**निज संवाददाता** | सासाराम (रोहतास)

नवागंतुक छात्र छात्राओं के लिए वर्तमान परिप्रेक्ष्य में वाणिज्य की भूमिका पर एक दिवसीय सेमिनार का आयोजन किया गया। इस दौरान मुख्य अतिथि और वक्ता के रूप में इंस्टीट्यूट ऑफ चार्टर्ड एकाउंटेंट ऑफ इंडिया, पटना चैप्टर की चेयरपर्सन चार्टर्ड अकाउंटेंट पल्लवी झा और प्रशांत कुमार, डायरेक्टर कॉमर्स का मार्गदर्शन छात्रों को प्राप्त हुआ। कार्यक्रम का शुभारंभ वाणिज्य संकाय के विभागाध्यक्ष प्रोफेसर डॉ आशुतोष द्विवेदी ने अतिथियों के साथ दीप प्रज्ज्वलित करके किया। सी.ए पल्लवी ने छात्रों के साथ ही छात्राओं को भी इस क्षेत्र में बढ़ चढ़ के भाग लेने हेतु आह्वान किया। पल्लवी ने अपने संबोधन में बताया कि बहुत हर्ष का विषय है की ग्रामीण क्षेत्रों से होने के बावजूद वाणिज्य संकाय के छात्र और छात्राएं कंपनी सेक्रेटरी, कॉस्ट अकाउंटेंट और चार्टर्ड अकाउंटेंट जैसी परीक्षाओं में सफलता प्राप्त कर रहे है। मंच संचालन की भूमिका में संकाय की छात्रा आरती और गौरी रही। कार्यक्रम के आखिरी कड़ी में संकाय के सह प्राध्यापक डॉ विशाल कुमार ने धन्यवाद ज्ञापन किया। इस दौरान सहाक प्राध्यापक डॉ मयंक कुमार राय और डॉ नवेंदु निधान ने कार्यक्रम को सफल बनाने में महती भूमिका निभाई।

# 101 भूमिहीन लोगों में एसडीएम ने बांटा बासगीत पर्चा

**कोचस (रोहतास) (नि.सं.)।** अंचल क्षेत्र में रह रहे 101 भूमिहीन परिवारों के बीच आंचल सभागार में जिला स्तरीय अधिकारियों ने बुधवार को बासगीत पर्चा का वितरण किया। आंचल सभागार में कैंप लगाकर संबंधी लाभुकों को यह पर्चा दिया गया। कोचस अंचल कार्यालय में एसडीम आशुतोष रंजन ने चयनित लाभुको को पर्चा दिया। इस दौरान अंचलाधिकारी विनीत कुमार व्यास ने कहा कि अंचल क्षेत्र के 10 पंचायत में कुल 101 भूमिहीन परिवारों को पर्चा दिया गया। यह वैसे परिवार जो पहले से निर्धारित जमीन पर रह रहे थे उनके इस जमीन का मालिकाना हक का पत्र दिया गया है तथा पीएम आवास योजना के तहत जिन्हें भूमि नहीं मिला था उन भूमिहिनो को बासगीत पर्चा दिया गया है।

**पूर्व मध्य रेल**

**ई–निविदा सूचना**

सं॰ जीएसडी.एन.आर./एस. एण्ड टी./2024–04, दानापुर, दिनांक : 02.09.2024


भारत संघ के राष्ट्रपति के लिए एवं उनकी ओर से वरीय मंडल संकेत एवं दूर संचार अभियंता/गति शक्ति पूर्व मध्य रेलवे, दानापुर मंडल, निम्नलिखित कार्य हेतु रेलवे के वेबाइट पर निविदाएं आमंत्रित करते है :

1. कार्य का नाम एवं स्थान : पूर्व मध्य रेलवे के दानापुर मंडल के कुल्हारिया स्टेशन के दूसर चरण के विकास के तहत दो आधी माल ढुलाई लाइनों की पूर्ण लंबाई में उन्नयन और वार्फ (Wharf) सुविधा प्रदान करने से संबंधित एस एंड टी कार्य। 2. अनुमानित लागत : ₹8,59,82,866.32, 3. बयाना राशि : ₹5,79,900/–, 4. निविदा प्रस्तुत करने की अंतिम तिथि एवं समय : दिनांक 24.09.2024 को 15.00 बजे तक। 5. निविदा खोलने की तिथि एवं समय : दिनांक 24.09.2024 को 15.30 बजे तक। 6. वेबसाइट विवरण : www.ireps.gov.in. 7. कार्यालय का पता जहाँ से निविदा सम्बन्धी विस्तृत जानकारी प्राप्त की जा सकती है : वरीय मंडल संकेत एवं दूर संचार अभियंता /गति शक्ति पूर्व मध्य रेलवे, दानापुर ।

**नोट :** विवाद की स्थिति में अंग्रेजी नोटिस मान्य होगा। यदि जरूरत हुई तो शुद्धि पत्र उपरोक्त वेब साईट पर 14 दिन पहले अपलोड कर दिया जाएगा।

मं॰ सं॰ एवं दूर सं॰ अभि॰/
पूमरे/दानापुर

पीआर/01039/डीएनआर/एस एण्ड टी/टी/24–25/40






# 15वां राष्ट्रीय मगही सम्मेलन के मुख्य अतिथि होगे केन्द्रीय मंत्री जीतनराम मांझी

» श्री सिंह ने बताया कि सम्मेलन में देश भर के मगही भाषियों का जुटान होने जा रहा है, जो ऐतिहासिक होगा। मगध की आवाज स्मारिका का लोकार्पण और मगही के विकास के लिये विशेष योगदान देने वाले चयनित साहित्यकार, कवि, लेखक, कलाकार तथा समाजिक कार्यकर्ता को मगही शिखर सम्मान से सम्मनित किया जायेगा।



निज संवाददाता | नवादा

**नवादा।** मगही मगध नागरिक संघ का 15वां राष्ट्रीय सम्मेलन 22 सितम्बर 2024 को कोलकात्ता के शरद सदन सभागार हावड़ा मैदान में होने जा रहा है। सम्मेलन का मुख्य अतिथि केन्द्रीय मंत्री, बिहार के पूर्व मुख्यमंत्री और मगही भाषा के ब्रांड एंबेसडर जीतनराम मांझी होंगे। मगही मगध नागरिक मांझी के राष्ट्रीय अध्यक्ष पारस कुमार सिंह ने इसकी जानकारी देते हुए बताया कि केन्द्रीय मंत्री श्री मांझी के सम्पर्क में मै हूं और उनसे मगही भाषा से संबंधित बातें होती रहती है। मगही मगध नागरिक संघ को उनका सहयोग और समर्थन हमेशा से मिलते रहा है। उनके केन्द्रीय मंत्री बनने से और उनके मगही के प्रति लगाव देखकर ऐसा लगता है कि आने वाले समय में मगध के लिये कुछ अच्छा होने वाला है। उन्होंने बताया कि उनके द्वारा भेजा हुआ पत्र मुझे मिला, उनका स्नेह और आशीर्वाद हमेशा से मिलते आया है, जिससे हमलोगों को उम्मीद जगी है कि आने वाले समय में मगध के स्वाभिमान के प्रतीक मगही भाषा को बहुत जल्द सम्मान मिलेगा। श्री सिंह ने बताया कि सम्मेलन में देश भर के मगही भाषियों का जुटान होने जा रहा है, जो ऐतिहासिक होगा। मगध की आवाज स्मारिका का लोकार्पण और मगही के विकास के लिये विशेष योगदान देने वाले चयनित साहित्यकार, कवि, लेखक, कलाकार तथा समाजिक कार्यकर्ता को मगही शिखर सम्मान से सम्मनित किया जायेगा। सभी जन मगही भाषा की दशा और दिशा पर अपने बिचार और सुझाव रखेंगे। 15 सितंबर को राष्ट्रीय अध्यक्ष और नई कार्यकारिणी का चुनाव किया जाएगा। सम्मेलन को सफल बनाने में उदय शर्मा, विजय सिंह, सत्नारायण शर्मा, राजकुमार सिंह, रामावतार राम, चमारी शर्मा, वीरेंद्र शर्मा, विगेन्द्र सिंह, मनोज शर्मा, पिंटू सिंह, संकेत शर्मा, डॉ भगवत प्रसाद, प्रदीप कुमार, राजेश शर्मा, सत्येंद्र सिंह, केदारनाथ सिंह, रविंद्र सिंह, गौतम कुमार सरगम, धर्मवीर चंद्रवंशी, दुर्जय सिंह दिवाकर, शालिग्राम मिश्र, पंकज मिश्रा, अमित सिंह (दुबई) बिहार, झारखंड तथा दिल्ली के सभी इकाई के सदस्य इसमें सक्रिय भूमिका निभा रहे हैं।

# सिमरकोल में फैले डायरिया से भयाक्रांत है लोग

निज संवाददाता | निज संवाददाता

**नवादा।** जिले के उग्रवाद रजौली प्रखण्ड क्षेत्र के रजौली पश्चिमी पंचायत की सिमरकोल गांव में पांच दिनों से डायरिया फैले रहने ग्रामीण दहशत में है। डायरिया कि प्रकोप इतना भयावह है कि मोहल्ले के लगभग 8-10 घरों के सभी लोग भय के माहौल में जी रहे हैं। डायरिया के प्रकोप से दो लोगों की स्थिति काफी गंभीर हो गया जिसे रजौली अनुमंडलीय अस्पताल से नवादा रेफर किया गया और नवादा सदर अस्पताल में मरीजों की स्थिति की गम्भीरता को देखते हुए, दोनों को वहां से श्रपावापुरी विम्स रेफर कर दिया। पीड़ित परिजन ने पीएचसी प्रभारी डॉ. सौरभ कुमार निराला को सूचना दिया। सूचना पाकर पीएचसी प्रभारी ने पीड़ित के घर एम्बुलेंस भेजकर चार मरीजों को अनुमंडलीय अस्पताल में भर्ती कराया। अस्पताल में भर्ती कराए गए मरीजों में सिमरकोल निवासी रामस्वरूप पंडित के पुत्र सुभाष कुमार, सुभाष कुमार की पत्नी मुन्नी देवी एवं 12 वर्षीय बेटे आयुष कुमार व 6 वर्षीय बेटे अर्पित कुमार है। पीड़ित सुभाष कुमार ने बताया कि उनके घर में बीते पिंच दिनों से लगभग सभी लोग उल्टी एवं दस्त से परेशान हैं। ऐसे में दो लोगों की स्थिति चिंताजनक हो गई थी, जिसका इलाज वर्तमान में पावापुरी में चल रहा है जबकि अन्य सभी लोग अनुमंडलीय अस्पताल में अपना इलाज करवा रहे हैं। ग्रामीण रेणु देवी एवं अन्य लोगों ने बताया कि सबसे पहले सुभाष कुमार के घर में डायरिया का प्रकोप देखने को मिला था। धीरे-धीरे डायरिया ने पूरे मोहल्ले को अपने कब्जे में ले लिया। मोहल्ले के अधिकांश लोग डायरिया से पीड़ित हैं।कई लोगों का इलाज सरकारी अस्पताल एवं निजी अस्पताल में किया जा रहा है। उन्होंने बताया कि अनुमंडलीय अस्पताल में मरीजों का पूर्ण इलाज किये बिना वापस घर भेज दिया जा रहा है। जिससे लोग और गम्भीर रूप से बीमार हो जा रहे हैं।

# धनार्जय नदी में फंसे स्कूल वैन को छात्रों ने धकेल किया बाहर



निज संवाददाता | रजौली (नवादा)

प्रखण्ड स्थित राज शिवलाय मंदिर के समीप निर्माणाधीन सूर्य मंदिर से डीह रजौली को जोड़ने वाले पूल का निर्माण नहीं होने से नदी पार के 35 गांव के लोगों को आने-जाने में काफी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। बुधवार को एक निजी विद्यालय में छुट्टी के बाद नदी पार जा रहे दर्जनों छात्र-छात्राओं से भरी एक स्कूल वैन नदी में फंस गई। स्कूल वैन में बैठे सभी बच्चे डर गए। हालांकि स्कूल वैन चालक द्वारा लाखों प्रयत्न करने के बाद भी वैन नदी से निकलने के बजाय और फंस गई। अंततः नदी में फंसे स्कूल वैन को निकालने की जिम्मेदारी स्कूली बच्चे ने उठाई और जूते-मौजे उतार कर फुलपैंट को ऊपर चढ़ाकर नदी में कूद स्कूल वैन को पीछे से धक्का देने लगे। स्कूली छात्रों के अथक प्रयास के बाद नदी में फंसी स्कूल वैन किसी तरह नदी के बाहर तो निकल गई। किन्तु प्रत्यक्षदर्शियों के मन में कौताहल मचा हुआ था कि सांसद, विधायक एवं अन्य जनप्रतिनिधिगण को लोगों की परेशानियों से कोई मतलब नहीं है क्या और स्कूल प्रबंधन द्वारा कैसे बच्चों से भरी वैन को बीच नदी में फंसवा दिया गया। यदि इस दौरान कोई अनहोनी हो जाती, तो उसके लिए लोग किसे जिम्मेदार ठहराते नेताओं को या स्कूल संचालक को। लोगों ने कहा कि स्थानीय सांसद डॉ. विवेक ठाकुर ने चुनाव के दौरान एवं बिहार सरकार मंत्री नितिन नबीन ने रजौली भ्रमण के दौरान रजौली वासियों से धनार्जय नदी पर एक पुल निर्माण को लेकर पक्का वादा कियें थे। जबकि इतने दिनों बीत जाने एवं कई बार समाचार पत्रों में खबरें छपने के बाद भी किसी शासन अथवा प्रशासन ने इसपर कोई ध्यान नहीं दिया। जिसके कारण 35 गांव से अधिक प्रतिदिन आने-जाने वाले लोगों का बारिश के कारण नदी में आई बाढ़ के पानी को पार करने में काफी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। अब तो ग्रामीण भी पुल निर्माण कार्य की शुरुआत भगवान श्रीराम के भरोसे छोड़ दिये हैं।

# चार आवासहीन परिवारों को एसडीओ और सीओ ने संयुक्त रूप से दिया जमीन का पर्चा

निज संवाददाता | रजौली (नवादा)



प्रखण्ड क्षेत्र के बहादुरपुर पंचायत के करीगांव स्थित टोल प्लाजा के समीप सड़क किनारे गुजर बसर करने वाले चार परिवारों को बुधवार को एसडीओ आदित्य कुमार पीयूष एवं सीओ मो. गुफरान मजहरी ने संयुक्त रूप से जमीन का पर्चा दिया। इस मौके पर राजस्व कर्मचारी साग प्रभारी अंचल निरीक्षक नंदन कुमार भी मौजूद रहे। एसडीओ ने बताया कि एनएच 20 के निर्माण के दौरान सड़क किनारे बसे कुल 12 परिवार विस्थापित हो गए थे। जिन्हें बसाने के उद्देश्य से 8 परिवारों को वर्ष 2022 में ही 3-3 डियामिल जमीन का पर्चा दिया गया था। वहीं शेष चार परिवारों को बुधवार को 2-2 डियामिल जमीन का पर्चा देकर उन्हें बसाने की प्रकिया पूरी की जा रही है। एसडीओ ने कहा कि पर्चा प्राप्त करने वाले लोगों को सरकार द्वारा दिए जाने वाले आवासीय योजना से भी लाभान्वित किया जाएगा। एसडीओ ने यह भी कहा कि अनुमण्डल क्षेत्र के सभी प्रखण्डों में आवासहीन लोगों को जमीन का पर्चा दिया जा रहा है। इसी क्रम में बीते मंगलवार को मेसकौर प्रखण्ड में समाज के निचले पायदान पर रहनेवाले आवासहीन परिवारों को बन्दोबस्ती की जमीन का पर्चा दिया गया है। वहीं जमीन का पर्चा पाकर सभी परिवार खुश दिखाई दिए। उन्होंने इसके लिए प्रशासन को धन्यवाद दिया और कहा कि अब सभी 12 परिवार आवंटित भूमि पर एक जगह हंसी-खुशी रह पाएंगे।

**नरहट (नवादा) (नि.सं.)।** प्रखण्ड में भूमि सर्वेक्षण का कार्य चल रहा है। रैयतों को अपनी जमीन का स्व घोषणा पत्र के साथ स्व वंशावली यानी अपने से बनाई गई वंशावली को देना है। स्व घोषणा पत्र में सभी जमीन का व्योरा भरकर सर्वे ऑफिस पंचायत सरकार भवन कुटनीबिगहा शेखपुरा में जमा करना है। यह जानकारी सीओ मनीष कुमार ने दिया। उन्होंने बताया कि प्रखण्ड के जमीन का सर्वे का कार्य चल रहा है। सर्वे के लिए सभी पंचायतों में ग्राम सभा का आयोजन किया गया है। सर्वे कर्मियों के द्वारा रैयतों को सर्वे के बारे में जानकारी दी जा रही है। सर्वे में कौन से कागजात देना है उसके बारे में बताया जा रहा है। सर्वे में रैयतों को क्या करना है उसकी जानकारी दी जा रही है। सीओ ने बताया कि रैयतों को परेशान होने की जरूरत नही है। सर्वे में रैयतों को केवल अपनी जमीन का स्व घोषणा पत्र यानी जमीन का मालिकाना हक से सम्बंधित कागजात का ब्यौरा देना है। नोटरी यह दंडाधिकारी से कोई शपथ पत्र और वंशावली नही देना है।

# केंद्रीय अनुसंधान संस्थान कोलकाता में प्रशिक्षण ले रहे मत्स्य पालक

निज संवाददाता | नवादा



नवादा के मत्स्य पालकों के भी अब दिन फिरने वाले है। जिले के तीस मत्स्य पालक केंद्रीय अंतरस्थलीय मात्सियकी अनुसंधान संस्थान बैरकपुर कोलकाता में प्रशिक्षण प्राप्त कर रहे हैं। इस प्रशिक्षण में जिले के विभिन्न प्रखंडों के कुल तीस मत्स्य पालक भाग ले रहे हैं। प्रशिक्षण चार से दस सितंबर तक चलेगा। गुरूवार को प्रशिक्षण का उद्घाटन संस्थान के निदेशक डा. बी. के. दास ने किया। इस प्रशिक्षण के दौरान प्रतिभागियों को मछली पालन के लिए तालाब की बनावट व तैयारी, पानी की गुणवत्ता, नर्सरी, फीड व मछली के बच्चे तथा उसके विभिन्न नस्लों की जानकारी दी जाएगी। इसके अलावा प्रशिक्षण प्राप्त कर रहे प्रतिभागियों को सीईएफए कल्याण, नैहाटी मछली मार्केट एंड हेचरी, विश्व प्रसिद्ध पंछी मार्केट फील्ड विजिट के दौरान दिखाया जायेगा। ताकि प्रशिक्षु अधिक से अधिक गुणवत्ता प्राप्त कर सके। इस मौके पर प्रशिक्षुओ के साथ गए मत्स्य विभाग के कर्मी व टीम लीडर राकेश कुमार ने बताया कि मछली पालकों में गुणवत्ता लाने के लिए समय- समय प्रशिक्षण दिया जाता है। जिसमें मछली पालकों के अलावा इस व्यवसाय से जुड़ने वाले किसान को भी प्रशिक्षण दिया जाता है। इस मौके पर प्रशिक्षु सचिन कुमार मिश्र, अमन कुमार, गौरी शंकर कुमार, विक्की कुमार, राहुल कुमार, इंद्रजीत कुमार आदि उपस्थित थे।

# राष्ट्रीय लोक अदालत हेतु माप तौल विभाग के पदाधिकारियों की हुई बैठक

निज संवाददाता | नवादा

राष्ट्रीय विधिक सेवा प्राधिकार, नई दिल्ली एवं बिहार राज्य विधिक सेवा प्राधिकार, पटना के निर्देश के आलोक में विद्वान जिला एवं सत्र न्यायाधीश-सह-अध्यक्ष, जिला विधिक सेवा प्राधिकार, नवादा आशुतोष कुमार झा के मार्गदर्शन में कुमारी सरोज कीर्ति, सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकार, नवादा के प्रकोष्ठ में आज एक बैठक का आयोजन किया गया जिसमें सभी प्रकार के सुलहनीय अपराधिक वादों के अधिक से अधिक निष्पादन के संबंध में सी0जे0एम0, नवादा, जिला परिवहन पदाधिकारी एवं निरीक्षक, एम0वी0आई0, नवादा से विचार विमर्श किया गया। कुमारी सरोज कीर्ति, सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकार, नवादा ने बैठक में उपस्थित परिवहन विभाग के पदाधिकारी को आवश्यक निर्देश देते हुए बताया कि आगामी राष्ट्रीय लोक अदालत के सफलता हेतु पक्षकारों को नोटिस निर्गत करते हेतु आवश्यक कार्रवाई करें ताकि लोग जागरूक होकर इसका लाभ उठा सके ताकि दिनांक 14.09.2024 को आयोजित राष्ट्रीय लोक अदालत को सफल बनाया जा सके। बैठक में कुमारी सरोज कीर्ति, सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकार, नवादा के अतिरिक्त सीजेएम, परिवहन विभाग के पदाधिकारीगण तथा स्थायी लोक अदालत नवादा के पेशकार सुशील कुमार उपस्थित थे। विद्वान जिला एवं सत्र न्यायाधीश-सह-अध्यक्ष, जिला विधिक सेवा प्राधिकार, नवादा आशुतोष कुमार झा के निर्देश पर सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकार, नवादा कुमारी सरोज कीर्ति के प्रकोष्ठ में आज एक बैठक हुई जिसमें दिनांक 14.09.2024 को आयोजित होने वाले राष्ट्रीय लोक अदालत में नवादा न्यायमंडल के सभी न्यायालयों में लंबित सुलहनीय योग्य वन वादों एवं ग्राम कचहरी में लंबित वादों के अधिक से अधिक सुलह के आधार पर निष्पादन करने के संबंध में चर्चा की गयी। सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकार, नवादा कुमारी सरोज कीर्ति द्वारा बैठक में उपस्थित पंचायती राज विभाग के पदाधिकारियों को निर्देश दिया गया कि सभी प्रकार के सुलहनीय मामले में पक्षकारों को नोटिस निर्गत करें एवं ग्राम कचहरी के सुलहनीय योग्य लंबित वादों की सूची जिला विधिक सेवा प्राधिकार, नवादा कार्यालय में दाखिल किया जाय ताकि अधिक से अधिक सुलहनीय मामले का निष्पादन हेतु अग्रेत्तर कार्रवाई की जाय। इस मौके पर सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकार, नवादा कुमारी सरोज कीर्ति के अतिरिक्त प्रखंड पंचायतीराज पदाधिकारी नवादा, सदर, नारदीगंज, हिसुआ सिरदला, अकबरपुर, काशीचक, मेसकौर, वारिसलीगंज, रोह, पकरीबरामा, गोविन्दपुर एवं जिला विधिक सेवा प्राधिकार, स्थायी लोक अदालत नवादा के सहायक सुशील कुमार उपस्थित थे।

# रैयत जमीन का स्व घोषणा पत्र बनाकर करें जमा : सीओ

**नरहट (नवादा) (नि.सं.)।** प्रखण्ड में भूमि सर्वेक्षण का कार्य चल रहा है। रैयतों को अपनी जमीन का स्व घोषणा पत्र के साथ स्व वंशावली यानी अपने से बनाई गई वंशावली को देना है। स्व घोषणा पत्र में सभी जमीन का व्योरा भरकर सर्वे ऑफिस पंचायत सरकार भवन कुटनीबिगहा शेखपुरा में जमा करना है। यह जानकारी सीओ मनीष कुमार ने दिया। उन्होंने बताया कि प्रखण्ड के जमीन का सर्वे का कार्य चल रहा है। सर्वे के लिए सभी पंचायतों में ग्राम सभा का आयोजन किया गया है। सर्वे कर्मियों के द्वारा रैयतों को सर्वे के बारे में जानकारी दी जा रही है। सर्वे में कौन से कागजात देना है उसके बारे में बताया जा रहा है। सर्वे में रैयतों को क्या करना है उसकी जानकारी दी जा रही है। सीओ ने बताया कि रैयतों को परेशान होने की जरूरत नही है। सर्वे में रैयतों को केवल अपनी जमीन का स्व घोषणा पत्र यानी जमीन का मालिकाना हक से सम्बंधित कागजात का ब्यौरा देना है। नोटरी यह दंडाधिकारी से कोई शपथ पत्र और वंशावली नही देना है।

# विशेष सर्वे में वंशावली के लिए कार्यपालक दंडाधिकारी का शपथ-पत्र आवश्यक नहीं : एसडीओ

निज संवाददाता | रजौली (नवादा)



अनुमण्डल कार्यालय में प्रतिदिन हजारों की संख्या में लोग वंशावली बनाने के लिए पहुंच रहे हैं, जिससे अनुमण्डल कार्यालय में होने वाले अन्य कार्य प्रभावित हो रहे हैं। लोगों में यह अफवाह फैल गया है कि विशेष सर्वे में कार्यपालक दंडाधिकारी के शपथ-पत्र के बाद ही वे अपने जमीन का सर्वे करवा सकते हैं। हालांकि अनुमण्डल कार्यालय में लोगों की भीड़ को देखते हुए एक सूचना जारी कर लोगों को बताया गया कि सर्वे पदाधिकारी अथवा कर्मी के अनुसार विशेष सर्वे कार्य हेतु स्वयं अथवा याचिकाकर्ता द्वारा हस्ताक्षरित पपत्र-2 में स्वामित्व प्रस्तुत किया जाना है। वंशावली के लिए कार्यपालक दंडाधिकारी के शपथ-पत्र को आवश्यकता नहीं है। साथ ही बताया गया कि 4 सितंबर से विशेष सर्वे हेतु वंशावली का शपथ-पत्र नहीं लिया जाएगा। एसडीओ आदित्य कुमार पीयूष ने बताया कि अनुमण्डल क्षेत्र के लोग जानकारी के आभाव में अनुमण्डल कार्यलय आकर प्रतिदिन 500 से 1000 लोग वंशावली हेतु शपथ-पत्र जमा कर रहे हैं। इस स्थिति में अनुमण्डल के दूर-दराज से आनेवाले लोगों को मानसिक परेशानी के साथ-साथ आर्थिक क्षति भी हो रही है। एसडीओ ने कहा कि विशेष सर्वे हेतु वे ग्राम पंचायत कचहरी से ही वंशावली बना सकते हैं। इसके लिए उन्हें अनुमण्डल कार्यालय में आने की कोई आवश्यकता नहीं है।

# चैनपुरा स्कूल के पास लगा ट्रेस्फोर्मर खराब, परेशानी

**नरहट (नवादा) (नि.सं.)।** प्रखण्ड के उत्क्रमित उच्य माध्यमिक विद्यालय चैनपुरा के पास लगा ट्रेस्फोर्मर करीब 20, 25 दिनों से खराब पड़ा था। विद्यालय के प्रधान शिक्षिका मुन्नी कुमारी ने बताया कि ट्रेस्फोर्मर खराब होने की शिकायत के बाद बिजली विभाग के कर्मचारियों द्वारा ट्रेस्फोर्मर को पोल से खोलकर बनाने के नाम पर ले गया है लेकिन लगभग 25 दिनों से अधिक हो गया है और अभी तक ट्रेस्फोर्मर को बना कर लगाया नही गया है। जिसके कारण भीषण गर्मी में स्कूल के बच्चे, शिक्षक और इस ट्रेस्फोर्मर से लाभान्वित गांव के उपभोक्ता सभी परेशान हैं। ट्रेस्फोर्मर खराब रहने के कारण बिजली नही रहने से स्कूल में समरसेबल मोटर नही चल रहा है जिससे बच्चों को पानी पीने की समस्या उतपन्न हो गई है। गांव के अधिकतर घरों में समरसेबल मोटर लगा है जो बिजली नही रहने के कारण शोभा की वस्तु बनी हुई है। बिजली नही रहने से पंखा, कूलर, फ्रिज आदि शोभा की वस्तु बनकर रह गयी है। भीषण गर्मी में बिजली नही रहने के कारण स्कूल का पंखा नही चलने से बच्चों को पढ़ाई में दिक्कतें हो रही है।

# मुख्यालय एवं आसपास के क्षेत्र में डायरिया का प्रकोप बढ़ा, अस्पताल में बढ़ी भीड़

निज संवाददाता | रजौली (नवादा)



मुख्यालय एवं आसपास के क्षेत्रों में डायरिया का प्रकोप बढ़ते जा रहा है। जिसके कारण अनुमंडलीय अस्पताल में प्रतिदिन सैकड़ों मरीज ओपीडी में अपना इलाज कराने पहुंच रहे हैं। वहीं डायरिया से पीड़ित दर्जनों लोग अस्पताल परिसर में इलाजरत हैं। बुधवार को डायरिया का इलाज कराने आई एक चार वर्षीय बच्ची की मौत डायरिया के कारण इलाज के दौरान हो गई। मृत बच्ची के परिजनों का रो-रो कर बुरा हाल हो गया। अस्पताल में मौजूद लोगों ने कहा कि जबसे ओपीडी का रजिस्ट्रेशन ऑनलाइन हुआ है, तबसे चिकित्सक मरीज को कम और कम्प्यूटर को ज्यादा महत्व देते हैं। जबकि पहले ओपीडी के मरीजों के पर्ची के आधार पर एक कॉपी में लिखकर चिकित्सक दवाई आदि दिया करते थे। किंतु रजिस्ट्रेशन और इलाज की प्रक्रिया ऑनलाइन होने से चिकित्सकों की परेशानी बढ़ गई है। जिसका खामियाजा मरीजों को भुगतना पड़ रहा है। बुधवार की सुबह लगभग 10 बजे सिरदला प्रखण्ड के कसुम्भातरी गांव निवासी संजय यादव अपनी चार वर्षीय बेटी सिया कुमारी को इलाज हेतु अनुमंडलीय अस्पताल आते हैं। अस्पताल में उन्होंने ने ऑनलाइन ओपीडी पर्चा बनवाया और अस्पताल में ड्यूटी में रहे चिकित्सक डॉ. सतीश चन्द्र सिन्हा से इलाज करवाने पहुंचे। परिजनों ने बताया कि चिकित्सक द्वारा बिना बच्ची के अच्छे से जांच किये चार प्रकार की दवाई एवं एक इंजेक्शन लिखकर दवा लेकर घर जाने को कह दिया। अस्पताल से दवाई घर ले जाने के क्रम में बच्ची की तबियत ज्यादा खराब हो गई। जिसके बाद परिजन पुनः अस्पताल आकर चिकित्सक से मिले और बच्ची के हालात को देखते हुए उसको भर्ती कर स्लाइन आदि किया जाने लगा। किन्तु बच्ची की स्थिति सुधरने के बजाय और बिगड़ती ही चली गई। हालांकि दोपहर साढ़े बारह बजे अस्पताल में ड्यूटी में रहे डॉ. श्यामनन्दन प्रसाद एवं जीएनएम के अलावे अन्य स्वास्थ्यकर्मी के अथक प्रयास के बाद भी बच्ची को नहीं बचाया जा सका। अंततः चिकित्सक ने बच्ची को मृत घोषित कर दिया। बच्ची के मृत होने की खबर सुनते ही परिजन फूट-फूट कर रोने लगे। मृत बच्ची के चाचा सुनील कुमार ने अस्पताल के चिकित्सक पर इलाज के नामपर लापरवाही का आरोप लगाया है।साथ ही अग्रतर कार्रवाई के लिए वरीय पदाधिकारी से शिकायत की बात कही है।

# शिव मंदिर को पर्यटन स्थल से जोड़ने व सुंदरीकरण के लिए सीओ ने लिया जायजा

निज संवाददाता | नारदीगंज (नवादा)



प्रखंड के ऐतिहासिक द्वापरकालीन धनियावां पहाड़ी शिव मंदिर को पर्यटन स्थल से जोड़ने व सुंदरीकरण के लिए बुधवार को सीओ मो. रईस आलम ने स्थलीय निरीक्षण किया। इस मौके पर ओड़ो पंचायत के पूर्व मुखिया सह सामाजिक कार्यकर्ता अरविन्द मिश्र, राजस्व कर्मचारी आशुतोष कुमार, अंचल अमीन विशाल कुमार, प्रशांत तिवारी भी रहे। उन्होंने कहा बिहार सरकार के पर्यटन विभाग के उप सचिव ने डीएम से नारदीगंज प्रखंड के विभिन्न पर्यटन स्थलों को जोड़ने से सम्बंधित अद्यतन प्रतिवेदन विभाग को उपलब्ध कराने की मांग की है। उन्होंने अपने कार्यालय संचिका संख्या पर्यटन विभाग 23/2018 है, और खंड 1328 दिनांक नौ जुलाई 2024 के आलोक में पत्र प्रेषित किया है। कहा गया है कि सीपीजीआरएएम की पंजीकरण संख्या पीएमओपीजी/डी/2021/01994736 है। सीओ ने कहा आदेश के आलोक में ऐतिहासिक द्वापरकालीन धनियावां पहाड़ी शिव मंदिर का स्थलीय निरीक्षण किया है। इस मंदिर को पर्यटन स्थल से जोड़ने व सुंदरीकरण होना चाहिए। मंदिर का सुंदरीकरण, पेयजल, शौचालय, यात्री शेड, पहाड़ी पर स्थित पाताल गंगा जाने का सुगम मार्ग, महिलाओं के लिए स्नान गृह के अलावा पहाड़ी के नीचे हाट बाजार के लिए ठहराव की व्यवस्था समेत अन्य मूलभूत आवश्यकताओं को निर्माण करने से सम्बंधित रिपोर्ट विभागीय अधिकारियों को समर्पित किया जाएगा। सीओ ने कहा इसके अलावा हंडिया गांव स्थित सूर्य मंदिर व मधुवन गांव में अग्निधारा का भी जायजा लिया जाएगा। इस सम्बंध में ओड़ो पंचायत के सामाजिक कार्यकर्ता सह पूर्व मुखिया अरविन्द मिश्र ने नौ जुलाई 2021 को पीएम, सीएम, सांसद, विधायक समेत अन्य आला अधिकारियों को पत्र प्रेषित कर ऐतिहासिक द्वापरकालीन धनियावां पहाड़ी शिवमंदिर, हंडिया गांव सूर्य मंदिर के अलावा मधुवन गांव में गर्म जल धारा कुंड का सुंदरीकरण व पर्यटन स्थल से जोड़ने की मांग किया था। ताकि देश विदेश के भी पर्यटकों की आने की संभावना बनी रहेगी, वही सरकार को राजस्व पर्यटक स्थल बनने से बढ़ेगा। यह सभी पर्यटक स्थल राजगीर बोधगया राजमार्ग पर स्थित है। सामाजिक कार्यकर्ता श्री मिश्रा के पत्र के आलोक में पीएम ने मामले को गम्भीरता से लेते हुए बिहार सरकार के पर्यटन विभाग को पत्र प्रेषित किया था।

## संक्षिप्त समाचार

### विक्रमशिला, इंटरसिटी और स्पेशल ट्रेन के यात्री रहे परेशान, घंटों विलंब से चली

**भागलपुर।** विक्रमशिला सहित बांका-राजेन्द्रनगर इंटरसिटी एक्सप्रेस और नई दिल्ली स्पेशल ट्रेन के यात्री मंगलवार को परेशान रहे। परेशानी का कारण ट्रेनों का देर से परिचालन बनी। इसकी पूर्व सूचना रेलवे ने नहीं दी थी। किऊल के पास अशोकधाम स्टेशन पर नॉन इंटरलाकिंग का काम हो रहा है। मंगलवार दोपहर 12 बजे से शाम चार बजे तक ट्रैफिक ब्लाक लिया गया था। दानापुर के सीनियर डीओएम ने सोमवार को शाम 7:22 पर ट्रेनों के निरस्तीकरण, संचालन को लेकर मालदा सहित हावड़ा और आसनसोल डिवीजन को ईमेल जारी किया गया था। इसके बाद भी समय से सूचना नहीं दी गई। जिससे मंगलवार को यात्री परेशान रहे। ट्रेन नंबर 13241 बांका-राजेंद्रनगर इंटरसिटी मंगलवार को बांका से सुबह 8:45 की जगह 2 घंटे 31 मिनट की देरी से सुबह 11:16 पर रवाना हुई। भागलपुर ये ट्रेन 4 घंटे 06 मिनट की देरी से दोपहर 2:41 पर पहुंची। 5 और 9 सितंबर को भी ये ट्रेन बांका से अपने तय समय की अपेक्षा देरी से ही रवाना होगी। ट्रेन नंबर 12367 विक्रमशिला एक्सप्रेस मंगलवार को दोपहर 12 बजे की बजाए 1 घंटा 32 मिनट की देरी से रवाना हुई। इसी तरह ट्रेन नंबर 14003 मालदा-नई दिल्ली एक्सप्रेस मंगलवार को जमालपुर-किऊल के बीच 35 मिनट रेगुलेट करने की सूचना थी। पूर्व रेलवे के सीपीआरओ कौशिक मित्रा ने बताया कि ट्रेन के देरी से चलने की सूचना उन्हें नहीं थी। इसके बारे में पता लगाकर सूचना जारी की जाएगी। सूचना क्यों नहीं जारी की गई। पता करते हैं।

### पांच सितंबर को ग्राम सभा का होगा आयोजन

**संग्रामपुर।** प्रखंड की उत्तरी बरियरिया पंचायत में पांच सितंबर को दुबारा ग्राम सभा का आयोजन किया जाएगा। इसमें जमीन संबंधी सर्वे को लेकर जागरूक किया जायेगा। जानकारी देते हुए शिविर प्रभारी राधेश्याम कशौधन ने बताया कि दिन के दस बजे के बाद ग्राम सभा होगी। इसमें लोगों को जमीन सर्वे में लगानेवाले कागजातों के बारे में बताया जाएगा। सर्वे को लेकर लोगों के मन में कई तरह के संशय है। इसको दूर करने के लिए हर पहलू पर चर्चा की जाएगी। 17 अगस्त को यहां ग्राम सभा आयोजित हुई थी। लेकिन फिर से ग्राम सभा करके छूटे हुए लोगों को जागरूक किया जायेगा। जो लोग उस समय नहीं पहुंच पाए थे उन्हें जानकारी नहीं हो पाए।

### अग्रहण के मैदान को स्टेडियम बनाएं : विधायक

**हवेली खड़गपुर।** जमालपुर विधानसभा क्षेत्र के कांग्रेस विधायक अजय कुमार सिंह ने विधानसभा क्षेत्र के प्रखंड के अग्रहण पंचायत में स्टेडियम के लिए स्थान उपलब्ध होने को लेकर जिलाधिकारी को पत्र लिखा है। जिसमें विधायक अजय कुमार ने बताया है कि हवेली खड़गपुर प्रखंड में 18 पंचायत है। जिसमें खेल के लिए तीन स्टेडियम के होने की जरूरत पर बल दिया है। उन्होंने पत्र में लिखा है कि सरकार के निर्देशानुसार अगर संभव हो तो इस स्थान पर विचार करना चाहेंगे। इधर अग्रहण गांव के समाजसेवी चंदन सिंह चौहान विधायक अजय कुमार सिंह से उनके पटना स्थित आवास पर मिलकर अग्रहण पंचायत में खेल के मैदान को स्टेडियम का स्वरूप देने की मांग की थी। जिसके बाद विधायक ने जिलाधिकारी को पत्र लिखकर पंचायत में जगह उपलब्ध रहने और स्टेडियम को लेकर विचार करने की बात कही है।

### दुर्गा पूजा की तैयारी को लेकर हुई बैठक

**संग्रामपुर।** प्रखंड के उत्तरी बरियरिया पंचायत के वार्ड 7 स्थित काली मंदिर में दुर्गा पूजा को लेकर बैठक हुई। बैठक में कई ग्रामीणों ने भाग लिया और पूजा के सफल आयोजन का संकल्प लिया। उपस्थित सभी लोगों ने नवयुवक दुर्गा पूजा समिति के अध्यक्ष के रूप में विश्वनाथ भक्त सेवा निवृत शिक्षक को चुना। इसके बाद उपाध्यक्ष पद के लिए लक्ष्मण शर्मा और राकेश पटेल का चयन हुआ। सचिव पद के लिए अजय कुशवाहा का जबकि कोषाध्यक्ष के लिए रौशन स्वर्णकार और रामाशीष सहनी को चुना गया। विशेष कार्य समिति में मुन्ना सहनी, मदन पटेल, रानू पटेल, विपिन सहनी, संतोष भगत, प्रकाश सोनी, धर्मेंद्र रजक, गोलू भगत, धनंजय पटेल, भोला पटेल, राहुल पटेल, लालू सहनी, सलाहकार मंडल में अक्षय पटेल, ललन पटेल, शंभू पटेल , श्रवण स्वर्णकार को रखा गया।

# आयकर विभाग के सामने नहीं पेश हुआ हवाला कैश का मालिक कमलेश भाई

**निज संवाददाता। भागलपुर**



तीन दिन पहले हवाला का जब्त 68.20 लाख कैश का मालिक सूरत का व्यापारी कमलेश भाई आयकर विभाग के सामने पेश नहीं हुआ। आईटी की टीम उसके भागलपुर पहुंचने का इंतजार कर रही है। पूछताछ के बाद ही खुलासा होगा कि भागलपुर के किस हवाला माफिया के पास कैश की इस खेप की डिलिवरी होनी थी। आयकर के अधिकारी ने बताया कि संदिग्ध कमलेश मंगलवार को आने वाला था, लेकिन अब तक वह नहीं पहुंचा है। बता दें कि बीते 31 अगस्त की रात को कोतवाली पुलिस ने कैश की इस खेप के साथ दो संदिग्ध को पकड़ा था। बाद में मामला आयकर विभाग को सौंप दिया गया। जिसमें आयकर टीम मामले की जांच कर रही है। बता दें कि संदिग्ध के मोबाइल में हवाला से जुड़ा कटा हुआ पांच, 20 और 50 का नोट मिला था। जिससे यह साफ प्रतीत होता है कि यह हवाला का पैसा है। कैश के साथ पकड़े गए दोनों संदिग्धों का आयकर टीम के सामने बयान दर्ज किया गया है। हालांकि दोनों संदिग्धों ने विशेष जानकारी नहीं होने की बात कही। हालांकि वह कॉल आने से पहले ही पुलिस के द्वारा पकड़ लिया गया। हालांकि आयकर विभाग की टीम को दोनों संदिग्धों के बयान पर भरोसा नहीं है। क्योंकि संदिग्ध ने बताया है कि उक्त कैश बायपास में गोदाम के लिए जमीन की खरीदारी के लिए भेजा गया था। भागलपुर आयकर टीम के डिप्टी डायरेक्टर शशि रंजन ने बताया कि फिलहाल कैश क्लेम करने वाला शख्स सामने नहीं आया है। उससे पूछताछ के बाद ही यह पता चलेगा की यह कैश किसको दिया जाना था या किस मकसद से लाया गया था। टीम जांच रही है। संदिग्ध के मोबाइल में 200 किलो का जिक्र बताया जाता है कि हवाला के धंधे में 68.20 लाख काफी छोटी खेप है। हवाला की भाषा में किलो का मतलब होता है एक लाख रुपए। संदिग्ध के मोबाइल में 200 किलो का जिक्र मिला है। इसका मतलब है दो करोड़ रुपए, लेकिन कोतवाली पुलिस के द्वारा जब्त राशि सिर्फ 68 लाख ही है। संदिग्धों ने कहा- उन्हें इस बारे में कुछ भी पता नहीं है कोतवाली पुलिस ने कैश के साथ जिन दो संदिग्धों को गाड़ी समेत पकड़ा था। उसमें से दोनों संदिग्ध को जाने दिया गया। वह दोनों संदिग्ध कहा है इसके बारे में न तो पुलिस के पास कोई जानकारी है न ही आयकर विभाग के पास। हालांकि पटना नंबर जिस गाड़ी से कैश मिला था। उसे कोतवाली पुलिस के द्वारा थाना में जब्त कर रखा गया है। ऐसे में सवाल है कि जो संदिग्ध पूछताछ में कुछ जानकारी दे सकते थे, उनको पुलिस ने जाने दिया। लेकिन गाड़ी को पकड़ रखा है। उस गाड़ी को जब्त करने से क्या हासिल होगा। जब्त गाड़ी को देख कर ऐसा प्रतीत होता है कि पुलिस को देख संदिग्ध कैश समेत गाड़ी लेकर भागने का प्रयास किया था। क्योंकि गाड़ी का आगे का हिस्सा क्षतिग्रस्त है। मिरर टूटा हुआ है। एक टायर भी पंचर है।

## लोगों को जागरूक करें ताकि स्वच्छता अभियान सुचारू रूप से संचालित हो सके



**निज संवाददाता। बरियारपुर**

लोहिया स्वच्छता अभियान के सफल संचालन हेतु प्रखंड के अंबेडकर सभागार में एक बैठक का आयोजन किया गया। जिसकी अध्यक्षता बीडीओ श्वेता कुमारी के द्वारा की गई। इस दौरान जिला समन्वयक सुजीत कुमार के साथ अंतिम आनंद, नीतीश कुमार, कार्यपालक सहायक विजेता कुमारी मौजूद थे। जिन्होंने कहा कि लोहिया स्वच्छता अभियान के तहत घर-घर कचरा उठाव में लगे स्वच्छता कर्मियों के दो माह का मानदेय उपलब्ध कराया गया है। जिसे उपलब्ध कराना सुनिश्चित करें। बीडीओ श्वेता कुमारी ने कहा कि विभागीय निर्देशानुसार जिन घरों से कचरा का उठाव होता है, उन घरों से प्रतिमाह शुल्क के रूप में 30 रुपए की राशि लेना अनिवार्य है। जिसे लेकर लोगों को जागरूक करें। ताकि स्वच्छता अभियान सुचारू रूप से संचालित हो सके। बैठक में उपस्थित मुखिया गण ने कहा कि प्रत्येक वार्डों में दो स्वच्छता कर्मी की नियुक्ति की गई है। लेकिन एक एक स्वच्छता कर्मी के लिए दो माह का मानदेय उपलब्ध कराया जा रहा है। ऐसे में प्रत्येक वार्डों में नियुक्त दोनों स्वच्छता कर्मियों को मानदेय की राशि उपलब्ध कराने में परेशानी का सामना करना पड़ेगा। इस क्रम में मुखिया संजय कुमार सिंह, अशोक मंडल, नंदलाल मंडल, मीरा देवी, करमि देवी, मुखिया प्रतिनिधि विनय कुमार गुड्डू, गुलाब सिंह, चंद्रशेखर रजक, उप मुखिया अखिलेश कुमार, पंचायत सचिव राहुल कुमार, संजीव कुमार आदि उपस्थित थे।

## NSS स्थापना दिवस को धूमधाम मनाने के लिए बैठक



**निज संवाददाता। भागलपुर**

तिलकामांझी भागलपुर विवि में आगामी 24 सितंबर को राष्ट्रीय सेवा योजना की स्थापना दिवस समारोह को धूमधाम से मनाने के लिए कार्यक्रम समनव्यक द्वारा बैठक किया गया। बैठक में मुख्यालय स्थित महाविद्यालयों के कार्यक्रम पदाधिकारी के साथ बेस्ट वॉलंटियर, बेस्ट कार्यक्रम पदाधिकारी और बेस्ट इकाई देने के संबंध में विभिन्न मानकों के निर्धारण के लिए चर्चा की गई। बैठक में टीएनबी महाविद्यालय से डॉ श्वेता पाठक और डॉ. अजीत कुमार, मारवाड़ी कॉलेज के डॉ. विजय कुमार एवं श्रीबासुकी कुमार ,सबौर कॉलेज सबौर के डॉक्टर राजेश रंजन ,बीएन कॉलेज के डॉक्टर इरशाद अली, सुंदरवती महिला महाविद्यालय के डॉक्टर पृथा बसु , न्यू होराइजन कॉलेज ऑफ़ एजुकेशन के उज्जवल कुमार एवं अनुपमा दुबे आदि उपस्थित थे।

मीटिंग में सभी की सहमति से निर्णय लिया गया कि महाविद्यालय की इकाई में एनएसएस दिवस की पूर्व संध्या में सांस्कृतिक कार्यक्रम सह स्थापना दिवस पर एनएसएस परिचर्चा का आयोजन किया जाएगा। 24 सितंबर को स्थापना दिवस पर सभी महाविद्यालयों में एनएसएस ध्वज का ध्वजारोहण किया जाएगा। मुख्यालय में सभी इकाइयों के कार्यक्रम पदाधिकारी और ग्रुप लीडर्स के साथ सांस्कृतिक कार्यक्रम एवं अवार्ड फंक्शन का आयोजन किया जाएगा।

### ट्रेनों से भी छोटे यहां प्लेटफॉर्म संख्या 2 और 3

**भागलपुर।** भागलपुर स्टेशन का प्लेटफार्म संख्या 2 और 3 कई महत्वपूर्ण ट्रेनों से भी छोटी है। नतीजतन ट्रेनें प्लेटफॉर्म से बाहर खड़ी होती हैं और यात्रियों को खतरों के बीच वापस प्लेटफॉर्म पर आना पड़ता है। मंगलवार को प्लेटफॉर्म संख्या 3 से बाहर खड़ी गोड्डा-बांका-आनंदविहार से उतरकर प्लेटफॉर्म पर जाते यात्री। दूसरी तस्वीर में महिला यात्री को खींचकर चढ़ाया जा रहा।

### बिहार में मोर्थ के पहले म्यूजियम के लिए मापी शुरू

**भागलपुर।** विक्रमशिला सेतु के समानांतर फोरलेन पुल के पास सड़क परिवहन एवं राजमार्ग मंत्रालय (मोर्थ) का संग्रहालय बनाएगा। मंगलवार से जमीन की मापी शुरू करा दी गई है। दोपहर को सरकारी अमीन के साथ पथ निर्माण विभाग (आरसीडी) व मोर्थ के एसडीओ व जेई बरारी पहुंचे। अधिकारियों ने करीब 300 मीटर में मापी कराने के साथ आरसीडी की जमीन पर कब्जा जमाए बैठे लोगों के घरों की नापी कराई। अमीन ने लोगों की घरों की नाप-जोंख करने के बाद परिवार के सदस्यों की रिपोर्ट तैयार की है। जिसके आधार पर कब्जा हटाने के बाद आरसीडी मोर्थ को जमीन स्थानांतरित करेगा। बिहार में मोर्थ का पहला संग्रहालय भागलपुर में बनेगा। इसके लिए जमीन की नापी होने लगी है। म्यूजियम पुल घाट के पास बरारी में बनना है। म्यूजियम में ऐतिहासिक स्थलों के साथ बिहार में मोर्थ की बड़ी परियोजनाओं की जानकारी मिलेगी। म्यूजियम में कैफेटेरिया, लाइब्रेरी की भी व्यवस्था रहेगी। जमीन की नापी कराने के लिए आरसीडी की एसडीओ सुरुचि सिन्हा, जेई सनी राज, मोर्थ के जेई अंकित कश्यप व आशीष कुमार सरकारी अमीन के साथ नापी कराने पहुंचे। बता दें कि जिस जमीन की नापी कराई जा रही है वो पहले रेलवे की जमीन थी। जिसे कुछ वर्ष पहले आरसीडी को स्थानांतरित किया गया था।


## कार्यपालक अभियंता का कार्यालय
## पेयजल एवं स्वच्छता प्रमंडल, मेदिनीनगर

### शुद्धि–पत्र

पेयजल एवं स्वच्छता प्रमंडल, मेदिनीनगर अन्तर्गत आमंत्रित ई–प्रोक्योरमेंट अति–अल्पकालीन निविदा आमंत्रण सूचना संख्या–DWSD/SR/DT/Med-03/2024-25 (2nd Call) (Relocation of drilled tube well) tks (PR No. 333629)*24-25 द्वारा विभिन्न समाचार पत्रों में प्रकाशित है, के बीड प्राप्ति की अंतिम तिथि एवं निविदा खोलने की तिथि अपरिहार्य कारणों से निम्न प्रकार संशोधित किया जाता है :–

| विवरण | पूर्व प्रकाशित तिथि/समय | संशोधित तिथि एवं समय |
|---|---|---|
| बीड प्राप्ति की अंतिम तिथि एवं समय | 03.09.2024 / 5.00 P.M. | 09.09.2024 / 5.00 P.M. |
| सरकार के सचिव, सूचना प्रौद्योगिकी एवं ई–गवर्नेस, झारखण्ड मंत्रालय, के ज्ञापांक 120 दिनांक 03.10.2023 के आलोक में विपत्र का मूल्य एवं अग्रधन की राशि Online जमा करने की अन्तिम तिथि एवं समय | 03.09.2024 / 5.00 P.M. | 09.09.2024 / 5.00 P.M. |
| निविदा खोलने की तिथि एवं समय | 04.09.2024 / 05.00 P.M. | 10.09.2024 / 5.00 P.M. |

यह शुद्धि–पत्र परिमाण विपत्र का भाग होगा एवं शेष पूर्ववत् रहेंगे।

कार्यपालक अभियंता,
पेयजल एवं स्वच्छता प्रमंडल, मेदिनीनगर।

PR.NO.334774 District(24-25):D



## कार्यपालक अभियंता का कार्यालय
## ग्रामीण विकास विशेष प्रमंडल, पलामू

**अल्पकालीन ई–निविदा आमंत्रण सूचना**

ई– निविदा सूचना संख्या – **EE/RDSD/PALAMAU-10/2024-25**

1. कार्य की विस्तृत विवरणीः–

| क्र० सं० | कार्य का नाम | प्राक्कलित राशि | अग्रधन की राशि | परिमाण विपत्र का मूल्य | कार्य पूर्ण करने की अवधि |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | पलामू जिला के प्रखण्ड नीलाम्बर–पीताम्बरपुर अन्तर्गत पंचायत पूर्णाडीह के टोला गुरियादामर में विश्वनाथ यादव के घर के पास सिधलेवा नाला | 26582800.00 | 532000.00 | 10000.00 | 18 माह। |

2. वेबसाइट में निविदा प्रकाशन की तिथि – 06.09.2024
3. ई–निविदा प्राप्ति की तिथि एवं समय – दिनांक 06.09.2024 से दिनांक 12.09.2024 को अपराह्न 5:00 बजे तक।
4. ई–निविदा खोलने का स्थान – कार्यपालक अभियंता का कार्यालय, ग्रामीण विकास विशेश प्रमण्डल, पलामू।
5. ई–निविदा खोलने की तिथि एवं समय – 18.09.2024 अपराह्न 2:00 बजे।
6. ई–निविदा आमंत्रित करने वाले पदाधिकारी का नाम एवं पताः– कार्यपालक अभियंता, ग्रामीण विकास विशेश प्रमंडल, पलामू।
7. ई–निविदा प्रकोष्ठ का दूरभाष सं० – 06562–355581 (संबंधित कार्यपालक अभियंता का दूरभाष नम्बर)
8. परिमाण विपत्र की राशि घट–बढ़ सकती है तद्नुसार अग्रधन की राशि देय होगी।
9. निविदा शुल्क एवं अग्रधन की राशि केवल Online Mode द्वारा स्वीकार्य होगी।
10. निविदा शुल्क एवं अग्रधन की राशि का ई–भुगतान जिस खाता से किया जायेगा, उसी खाते में अग्रधन की राशि वापस होगी। अगर खाता को बंद कर दिया जाता है तो उसकी सारी जवाबदेही आपकी होगी।

विस्तृत जानकारी के लिये वेबसाईट www.jharkhandtenders.gov.in एवं कार्यालय की सूचना पट्ट पर देखा जा सकता है।

कार्यपालक अभियंता
ग्रामीण विकास विशेष प्रमंडल, पलामू।

PR.NO.334782 District(24-25):D



## कार्यपालक अभियंता का कार्यालय
## पेयजल एवं स्वच्छता प्रमंडल, मेदिनीनगर

### शुद्धि–पत्र

पेयजल एवं स्वच्छता प्रमंडल, मेदिनीनगर अन्तर्गत आमंत्रित ई–प्रोक्योरमेंट अति–अल्पकालीन निविदा आमंत्रण सूचना संख्या–DWSD/HYDT/MED-05/2024-25 (1st Call), जो (PR No. 333686)*24-25 द्वारा विभिन्न समाचार पत्रों में प्रकाशित है, के प्राक्कलित राशि एवं तिथि अपरिहार्य कारणों से निम्न प्रकार संशोधित किया जाता है :–

**संशोधित**

| कार्य का नाम | प्राक्कलित राशि (रू0 में) | अग्रधन की राशि (रू0 में) | परिमाण विपत्र का मूल्य (रू0 में) | कार्य पूर्ण करने की अवधि |
|---|---|---|---|---|
| Supplying, fitting and fixing of 5.0 HP Electric Submersible Pumpset all complete in Medinirai Medical collage & Hospital, Medininagar under D W & S Division, Medininagar for the year 2024-25. | 25,54,633/- | 51,500/- | 5000/- | 01 (एक) माह |

| | | |
|---|---|---|
| 2 | वेबसाइट पर निविदा प्रकाशन की तिथि एवं समय | 04.09.2024 / 12.30 बजे अपराह्न में। |
| 3 | बीड प्राप्ति की अंतिम तिथि एवं समय | 10.09.2024 / 5.00 बजे अपराह्न तक। |
| 4 | सरकार के सचिव, सूचना प्रौद्योगिकी एवं ई–गवर्नेस, झारखण्ड मंत्रालय, के ज्ञापांक 120 दिनांक 03.10.2023 के आलोक में विपत्र का मूल्य एवं अग्रधन की राशि Online जमा करने की अन्तिम तिथि एवं समय | 10.09.2024 / 5.00 बजे अपराह्न तक। |
| 5 | निविदा खोलने की तिथि एवं समय | 11.09.2024 / 05.00 बजे अपराह्न में। |

यह शुद्धि–पत्र परिमाण विपत्र का भाग होगा एवं शेष पूर्ववत् रहेंगे।

कार्यपालक अभियंता,
पेयजल एवं स्वच्छता प्रमंडल,मेदिनीनगर

PR 334767 District(24-25).D



## कार्यपालक अभियंता का कार्यालय
## ग्रामीण कार्य विभाग, कार्य प्रमण्डल, गढ़वा

**मुख्यमंत्री ग्राम सड़क योजना**
**अल्पकालीन ई–निविदा आमंत्रण सूचना**

ई–निविदा संख्या–15/2024-25/RWD/GARHWA दिनांक–03.09.2024

1. कार्य का विवरण :–

| क्र0 | प्रखण्ड | आईडेन्टी फिकेशन संख्या/ पैकेज संख्या | कार्य का नाम | प्राक्कलित राशि अंक में (लाख में) | प्राक्कलित राशि अक्षर में | कार्य समाप्ति की अवधि |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | मझिआँव | RWD/GARHWA/35/ 2024-25 | जाहर सरई मुख्य पथ से सुईयाटांड़ तक पथ निर्माण कार्य। (2.500 कि0मी0) | 337.971 | तीन करोड़ सैंतीस लाख सन्तानबे हजार एक सौ रूपये। | 15 (पन्द्रह) महीना |
| 2 | मझिआँव | RWD/GARHWA/36/ 2024-25 | बुढ़ीखांड़ मुख्य पथ पुल से पिरवट टोला (बभनी) तक पथ निर्माण कार्य। (4.700 कि0मी0) | 570.660 | पाँच करोड़ सत्तर लाख छियासठ हजार रूपये। | 18 (अठारह) महीना |
| 3 | काण्डी | RWD/GARHWA/37/ 2024-25 | पतीला चारमुहान से महुली कोवाड़ी होते हुए मोखापी मोड़ तक पथ निर्माण कार्य। (2.880 कि0मी0) | 430.736 | चार करोड़ तीस लाख तिहत्तर हजार छः सौ रूपये। | 15 (पन्द्रह) महीना |

2. वेबसाईट पर निविदा प्रकाशन की तिथि :– 09.09.2024
3. ई–निविदा प्राप्ति की अंतिम तिथि एवं समय :– 18.09.2024 अपराह्न 5:00 बजे तक।
4. निविदा खोलने की तिथि एवं समय :– 20.09.2024 पूर्वाह्न 11:30 बजे।
5. निविदा आमंत्रित करने वाले पदाधिकारी का नाम एवं पता :– कार्यपालक अभियंता, ग्रा0का0वि0 कार्य प्रमंडल, गढ़वा।
6. ई–निविदा प्रकोश्ठ का दूरभाष सं0: 06561–299963

विस्तृत जानकारी के लिए वेबसाईट www.jharkhandtenders.gov.in पर देखा जा सकता है।

कार्यपालक अभियंता
ग्रामीण कार्य विभाग, कार्य प्रमण्डल, गढ़वा

PR.NO.334561 Rural Work Department(24-25):D



## कार्यपालक अभियंता का कार्यालय
## ग्रामीण विकास विशेष प्रमंडल, पलामू।

**अल्पकालीन ई–निविदा आमंत्रण सूचना**

ई– निविदा सूचना संख्या – **EE/RDSD/PALAMAU-09/2024-25**

1. कार्य की विस्तृत विवरणीः–

| क्र० सं० | कार्य का नाम | प्राक्कलित राशि | अग्रधन की राशि | परिमाण विपत्र का मूल्य | कार्य पूर्ण करने की अवधि |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | पलामू जिला के प्रखण्ड हुसैनाबाद के पंचायत पतराखुर्द के ग्राम संढा में तुलसीखाड़ में हड़ही नदी पर पुल निर्माण। | 25803000.00 | 516500.00 | 10000.00 | 18 माह। |
| 2 | पलामू जिला के प्रखण्ड हुसैनाबाद अन्तर्गत पंचायत बेनीकला के ग्राम सबानो में कररबार नदी पर पुल निर्माण। | 43930100.00 | 879000.00 | 10000.00 | 18 माह। |
| 3 | पलामू जिला के प्रखण्ड हैदरनगर के परता ग्राम में मुरही नाला पर पुल निर्माण। | 13617400.00 | 273000.00 | 10000.00 | 15 माह। |
| 4 | पलामू जिला के प्रखण्ड हुसैनाबाद अन्तर्गत पंचायत पोलडीह जगदीशपुर में कररबार नदी पर पुल निर्माण। | 28387600.00 | 568000.00 | 10000.00 | 18 माह। |
| 5 | पलामू जिला के प्रखण्ड छतरपुर अन्तर्गत कवल पंचायत के ग्राम बाघमारा में बांकी नदी पर पुल निर्माण। | 47563400.00 | 952000.00 | 10000.00 | 18 माह। |
| 6 | पलामू जिला के प्रखण्ड नौडीहा बाजार के ग्राम+पंचायत–विशुनपुर में मोरहर नदी (ताड़ी पर) पुल निर्माण। | 47321700.00 | 947000.00 | 10000.00 | 18 माह। |
| 7 | पलामू जिला के प्रखण्ड पड़वा में मझियाँव डुमरी छेछौरी पथ में बैगाहा घाट सदाबह नदी पर उच्चस्तरीय पुल निर्माण। | 38912500.00 | 779000.00 | 10000.00 | 18 माह। |

2. वेबसाइट में निविदा प्रकाशन की तिथि – 06.09.2024
3. ई–निविदा प्राप्ति की तिथि एवं समय – दिनांक 06.09.2024 से दिनांक 12.09.2024 को अपराह्न 5:00 बजे तक।
4. ई–निविदा खोलने का स्थान – कार्यपालक अभियंता का कार्यालय, ग्रामीण विकास विशेश प्रमण्डल, पलामू।
5. ई–निविदा खोलने की तिथि एवं समय – 18.09.2024 अपराह्न 2:00 बजे।
6. ई–निविदा आमंत्रित करने वाले पदाधिकारी का नाम एवं पताः– कार्यपालक अभियंता, ग्रामीण विकास विशेश प्रमंडल, पलामू।
7. ई–निविदा प्रकोष्ठ का दूरभाष सं० – 06562–355581 (संबंधित कार्यपालक अभियंता का दूरभाष नम्बर)
8. परिमाण विपत्र की राशि घट–बढ़ सकती है तद्नुसार अग्रधन की राशि देय होगी।
9. निविदा शुल्क एवं अग्रधन की राशि केवल Online Mode द्वारा स्वीकार्य होगी।
10. निविदा शुल्क एवं अग्रधन की राशि का ई–भुगतान जिस खाता से किया जायेगा, उसी खाते में अग्रधन की राशि वापस होगी। अगर खाता को बंद कर दिया जाता है तो उसकी सारी जवाबदेही आपकी होगी।

विस्तृत जानकारी के लिये वेबसाईट www.jharkhandtenders.gov.in एवं कार्यालय की सूचना पट्ट पर देखा जा सकता है।

कार्यपालक अभियंता
ग्रामीण विकास विशेष प्रमंडल, पलामू।

PR.NO.334780 District(24-25):D

# भाजपा की मेगा सदस्यता अभियान की शुरुआत 60 दिन में 1 करोड़ सदस्य बनाने का है लक्ष्य

## टारगेट पूरा किया तो 105 करोड़ रुपए तक जुटाएगी पार्टी



**पटना, एजेंसी।** भाजपा ने देश भर में मेगा सदस्यता अभियान की शुरुआत की है। प्रधानमंत्री मोदी ने बीजेपी का पहला सदस्य बनकर सदस्यता अभियान की शुरुआत की है। बिहार में बीजेपी ने 1 करोड़ सदस्य बनाने का लक्ष्य निर्धारित किया है। मात्र 2 महीने में 1 करोड़ सदस्य बनाने के लक्ष्य को पूरा करने के लिए बीजेपी लगातार बैठक कर रही है। कार्यकर्ताओं को टारगेट पूरी करने की रणनीति बता रही है। कोई सदस्य बनना चाहता है तो उसे सदस्य बनने के लिए 5 रुपए की राशि देनी होगी। साथ ही कम से कम 100 रुपए का डोनेशन देना होगा। ऐसे में अगर बिहार में बीजेपी एक करोड़ सदस्य बनने का टारगेट पूरा करती है तो पार्टी 105 करोड़ रुपए सदस्यता शुल्क के रूप में जुटाएगी। भाजपा का सदस्य बनने के लिए कम से कम 100 रुपए का डोनेशन देना अनिवार्य है। बिना डोनेशन दिए कोई भी सदस्य नहीं बन सकता है। बीजेपी ने सदस्य बनने के लिए कम से कम 100 रुपए और अधिक से अधिक 1 लाख तक की राशि डोनेशन के रूप में तय किया है।

### 5 सितंबर को सभी जिला मुख्यालयों में चलाया जाएगा अभियान

बीजेपी ने रणनीति के तहत 5 सितंबर को बिहार के सभी 38 जिला मुख्यालयों में सदस्यता अभियान चलाया जाएगा। सभी जिला मुख्यालय में होने वाले सदस्यता अभियान की जिम्मेदारी सांसद मंत्री और विधायकों को दी गई है। सभी विधायक अपने-अपने जिले में रहकर सदस्यता अभियान चलाएंगे। लोगों को हर घर तक बीजेपी से जोड़ने के लिए जायेंगे।

### 11 से 17 सितंबर तक पदयात्रा कर चलाएंगे अभियान

बीजेपी अपने मेगा सदस्यता अभियान को लेकर 11 से 17 सितंबर तक पदयात्रा करेगी। इस पदयात्रा में बिहार के सभी केंद्रीय मंत्री, बिहार सरकार के मंत्री राज्यसभा सांसद, लोकसभा सांसद, विधायक, विधान पार्षद, संगठन के तमाम लोगों को एक साथ अपने-अपने क्षेत्र में पदयात्रा कर हर गांव तक जाने और लोगों को बीजेपी से जोड़ने का निर्देश दिया गया है।

### बूथ स्तर पर बनी है सदस्यता अभियान सेंटर

बीजेपी ने अपने एक करोड़ के सदस्यों को लक्ष्य पूरा करने के लिए बूथ स्तर पर सेंटर बनाया है। जो लोग चुनाव के दौरान जहां मतदान करने जाते हैं वहीं सदस्यता अभियान का केंद्र खोला गया है ताकि लोग वहां आसानी से पहुंचकर बीजेपी के सदस्य बने। बूथ स्तर पर लोगो को जुटाने के लिए बीजेपी के कार्यकर्ता हर घर तक दस्तक देंगे और उन्हें बीजेपी से जोड़ेंगे।है बूथ पर 200 लोगो को बीजेपी का सदस्य बनाने का कही है जिसके लिए सभी संगठन के कार्यकर्ता को जिम्मेदारी दी गई है।लोगो को सदस्य बनाने के लिए बीजेपी के सभी मोर्चा को प्रमुख भूमिका तय की गई है।

### पन्ना प्रमुख की होगी अहम भूमिका

बीजेपी के 1 करोड़ सदस्य बनाने के लक्ष्य को पूरा करने के लिए पन्ना प्रमुख को प्रमुख जिम्मेदारी दी गई है। पन्ना प्रमुख हर मतदाता तक पहुंचकर उन्हें घर से निकालकर सदस्यता अभियान के केंद्र तक जाएगी। पन्ना प्रमुख के पास चूंकि सभी गांव के एक-एक घर के सभी मतदाताओं को सूची होती है, इसलिए पन्ना प्रमुख की जिम्मेदारी सबसे अहम हो गई है।

### क्या होता है पन्ना प्रमुख

पन्ना प्रमुख बीजेपी की सबसे मजबूत और महत्वपूर्ण सांगठनिक पद है। पन्ना प्रमुख मतदाता सूची के एक पेज का मुखिया होता है। पन्ना का मतलब एक पेज से है। हर क्षेत्र के वोटर लिस्ट के एक पेज के लिए एक मुखिया बनाया जाता है।

एक पेज पर सामान्य रूप से 30 मतदाताओं के नाम होते हैं। एक पन्ना के अंदर में 30 लोगों के नाम होते है। सभी मतदाताओं से संपर्क करने की जिम्मेदारी पन्ना प्रमुख के पास होता है। उनके पास सभी लोगों के नाम, उनका मोबाइल नंबर और परिवार की पूरी डिटेलिंग होती है । चुनाव के समय यह पन्ना प्रमुख फोन के जरिए मतदाताओं से संपर्क करते हैं। उन्हें वोट देने के लिए प्रेरित करते है।

### मोदी के पीएम बनने के बाद कब कितने बने सदस्य

प्रधानमंत्री मोदी के पीएम बनने के बाद बीजेपी ने सदस्यता अभियान को लेकर बड़ी मुहिम की शुरुआत की थी। दुनिया का सबसे बड़ा दल बनने का दावा भी किया। इसके लिए 2014 में बीजेपी ने बिहार में सदस्यता अभियान की शुरुआत की थी। इसमें 68.86 लाख लोगों को सदस्य बनाया गया था। वहीं, 2019 में 35 लाख सदस्य बनाए गए थे। इस बार 2024 में बीजेपी ने 1 करोड़ सदस्य बनाने का लक्ष्य रखा है।

### बीजेपी के सदस्य बनने का क्या है तरीका

बीजेपी का सदस्य बनने के लिए अभियान के लिंक पर जाना होगा। नमो ऐप के माध्यम से भी सदस्यता ले सकते हैं। लोगों को खुद की तस्वीर के साथ ईमेल आईडी और मोबाइल नंबर के ओटीपी से लॉगिन करना होगा। इसमें आपको अपना डेजिग्नेशन भी बताना पड़ेगा। इसके साथ ही अपने सोशल साइट का लिंक भी अपलोड करना पड़ेगा। इसके बाद डोनेशन के साथ सदस्यता ले सकते हैं।

### 2 सितंबर से बिहार में शुरू हुआ सदस्यता अभियान

बीजेपी की सदस्यता अभियान की शुरुआत सोमवार से बीजेपी कार्यालय में अध्यक्ष दिलीप जायसवाल ने किया।प्रदेश अध्यक्ष के अलावा संगठन महामंत्री भिखू भाई दलसानिया, डिप्टी सीएम सम्राट चौधरी, विजय सिन्हा, मंत्री मंगल पांडेय सहित कई नेता मौजूद रहे।प्रदेश अध्यक्ष दिलीप जायसवाल ने कहा कि बीजेपी के सदस्य घर-घर जाकर दस्तक देंगे।हर गांव और कस्बे तक इस अभियान को ले जाएंगे।महामंत्री भिखु भाई दलसनिया ने कहा कि देश में 1500 राजनीतिक दल हैं।बीजेपी हर 6 साल पर नए सदस्य बनाती है।

### पहले चरण में बड़े नेता और गणमान्य लेंगे सदस्यता

पहले चरण में प्रदेश अध्यक्ष दिलीप जायसवाल सहित बीजेपी के कई मंत्रियों ने सदस्यता ग्रहण की।इसके साथ ही पद्मश्री डॉ. शांति राय, पद्मश्री डीआर सहजानंद, पद्मश्री श्याम शर्मा, पद्मश्री भागीरथी देवी ने भी बीजेपी की सदस्यता ली। पटना की मेयर सीता साहू सहित बड़ी संख्या में लोगों ने सदस्यता ग्रहण की।

---

## संक्षिप्त समाचार

### एडवेंचर कैंप में भाग लेंगे राहुल और काजल कुमारी

**दरभंगा, एजेंसी।** हिमाचल प्रदेश के पोंग डेम में स्थित अटल बिहारी वाजपेयी इंस्टीट्यूट ऑफ माउंटेनीयरिंग एंड एलाइड स्पोर्ट्स, वाटर स्पोर्ट्स सेंटर के तत्वावधान में 13 से 22 सितंबर तक आयोजित दस दिवसीय आवासीय साहसिक शिविर (एडवेंचर कैंप) में ललित नारायण मिथिला विश्वविद्यालय के दो एनएसएस स्वयंसेवक राहुल कुमार व काजल कुमारी भाग लेंगे। ये दोनों जीएमआरडी कॉलेज के छात्र- छात्रा हैं। विवि के एनएसएस समन्वयक डॉ. आरएन चौरसिया ने बताया कि दोनों स्वयंसेवक एडवेंचर कैंप में लनामिवि का प्रतिनिधित्व करेंगे। इन दोनों प्रतिभागियों का चयन राष्ट्रीय सेवा योजना के पटना स्थित क्षेत्रीय निदेशालय के माध्यम से किया गया है। इस एडवेंचर कैंप में बिहार के विभिन्न विश्वविद्यालयों के 10 एनएसएस स्वयंसेवक छात्र-छात्राएं भाग लेंगो। डॉ. चौरसिया ने बताया कि दोनों स्वयंसेवक अपने संस्थान से सत्यापित एनएसएस वोलेंटियरशिप सर्टिफिकेट, इंडेमनिटी बॉन्ड तथा रिकॉग्नाइज्ड मेडिकल ऑफिसर से सत्यापित मेडिकल फिटनेस सर्टिफिकेट की मूल कॉपी लेकर एडवेंचर कैंप में जाएंगे। इस टीम के दलनायक के रूप में रोहतास महिला कॉलेज, सासाराम के राष्ट्रीय सेवा योजना के कार्यक्रम पदाधिकारी डॉ. कुमार गौरव मिश्रा होंगे। विवि के एनएसएस स्वयंसेवकों का एडवेंचर कैंप के लिए चयन होने पर विवि एवं कॉलेजों की एनएसएस इकाईयों में खुशी का माहौल है।

### सूबेदार स्व.राम छबिला सिंह की 25वीं पुण्य तिथि पर प्रवेश द्वार का हुआ शिलान्यास

**छपरा, एजेंसी।** 6 मांझी के चंदउपुर में मंगलवार को सूबेदार स्व. राम छबिला सिंह की पुण्य तिथि पर प्रवेश द्वार का शिलान्यास करते परिजन दाउदपुर( मांझी )। मांझी प्रखंड के चंदउपुर गांव में मंगलवार को सेना में सूबेदार पद से सेवानिवृत्त स्व.राम छबिला सिंह की 25 वीं पुण्यतिथि समारोह का आयोजन किया गया। शुभारंभ में बड़ी संख्या में गणमान्य लोगों ने स्व.सिंह की तस्वीर पर पुष्पांजलि अर्पित कर उन्हें याद किया। उनके पुत्र एयरफोर्स के जवान रिंकू कुमार सिंह एवं अशोक सिंह ने बताया कि मेरे पिता स्व.राम छबिला सिंह ने 1971 के भारत-पाकिस्तान युद्ध में भारतीय सेना की ओर से महत्वपूर्ण भूमिका निभाई थी। रजौरी सेक्टर में तत्कालीन ब्रिगेडियर द्वार स्वर्गीय राम छबिला सिंह के नाम पर एक सेक्टर बनाया गया। समारोह के आरंभ में आचार्य राजू पंडित द्वारा पूरे विधिवत पूजा-आर्चना करायी गई। वहीं स्व.सिंह की पत्नी के द्वारा उनके नाम पर एक द्वार का शिलान्यास किया गया। सूबेदार स्व.सिंह के छह पुत्र व चार पोता आज भी सेना में हैं। ग्रामीणों की मानें तो चंदउपुर गांव के करीब डेढ़ सौ लोग सेना में अभी कार्यरत हैं। लगभग ढाई सौ की संख्या में सेवानिवृत्त हो चुके है। अंत में आयोजित सांस्कृतिक कार्यक्रम में गायक अजीत हलचल व सनी सिंह ने लोगों का भरपूर मनोरंजन किया। कैप्टन अतुल कुमार सिंह, अनिल कुमार सिंह, अनिश कुमार, राहुल कुमार, अंकित कुमार, आदित्य कुमार, अक्षय कुमार, सत्यम कुमार, शिवम कुमार, संदीप कुमार सिंह समेत अनेक गणमान्य लोग मौजूद थे।

### भाजपा का सदस्यता अभियान का शुरू

**पूर्णिया, एजेंसी।** जलालगढ़ भाजपा मंडल में सदस्यता अभियान की शुरुआत मंगलवार से की गई। घर-घर जाकर लोगों को भाजपा से जोड़ा जा रहा है। भाजपा अररिया जिला प्रभारी विधि प्रकोष्ठ कुंदन कुणाल के नेतृत्व में यह कार्य किया जा रहा है। केंद्र की नरेंद्र मोदी सरकार की लोककल्याणकारी योजना, जन धन, उजवला योजना, प्रधानमंत्री आवास से लोग उत्साहित हैं। लोग आगे बढ़कर भाजपा के सदस्यता अभियान से जुड़ रहे हैं। भाजपा के सदस्यता अभियान में दीपक कुमार, चौहान, शंकर यादव, कांति कुमार, अशोक रजक, सुमन कुमार, सोनू कुमार, राहुल यादव, मुकेश झा, दीपक कुमार आदि कार्यकर्ता शामिल थे।

### पर्यावरण हमारे जीवन का आधार

**पूर्णिया, एजेंसी।** उच्च मुख्यालय के निर्देशानुसार क्षेत्रक मुख्यालय सशस्त्र सीमा बल पूर्णिया के द्वारा मिलिया कान्वेन्ट इंग्लिश स्कूल कसबा में वृहद् स्तर पर वृक्षारोपण कार्यक्रम का आयोजन किया गया जिसमें क्षेत्रक मुख्यालय, पूर्णिया के सहायक कमांडेंट संभू नाथ बर्मन के नेतृत्व में अधीनस्थ अधिकारीगण,कार्मिकों, अध्यापकों, छात्र- छात्राओं ने पूरे जोश और उत्साह के साथ इस कार्यक्रम में भाग लिया। सहायक कमांडेंट ने अपने संबोधन में कहा कि पर्यावरण हमारे जीवन का आधार है।

---

# पहली बार एक्सप्रेसवे से जुड़ेंगे बिहार के 8 जिले, औरंगाबाद से दरभंगा सीधे सफर



**औरंगाबाद, एजेंसी।** औरंगाबाद-दरभंगा एक्सप्रेस-वे पटना जिले के धनरुआ और फतुहा से गुजरेगा। जिला प्रशासन ने इन दोनों अंचलों में जमीन अधिग्रहण का काम लगभग पूरा कर लिया है। इस परियोजन के लिए पटना जिले में 12 मौजे में 205.25 एकड़ भूमि अर्जित की गई है। भूमि अधिग्रहण के बदले मुआवजा भुगतान के लिए 123.24 करोड़ रुपये आवंटन है। अब तक भू-धारियों के बीच 66 करोड़ 56 लाख रुपये का भुगतान किया जा चुका है। इस परियोजना के पूरा होने से उत्तर और दक्षिणी बिहार के बीच आवाजाही में आसानी होगी। दूरी करीब 4 घंटे तक कम हो जाएगी।

### बिहार के आठ जिले को जोड़ेगा

अभी बिहार में जितने भी एक्सप्रेस-वे के निर्माण को मंजूरी मिली वो सभी दूसरे राज्यों से होकर गुजरते हैं। ये पहली परियोजन है जो बिहार के 8 जिलों को जोड़ेगा। औरंगाबाद के आमस से शुरू होकर यह एक्सप्रेस-वे पटना, नालंदा, अरवल, जहानाबाद, वैशाली और समस्तीपुर होते हुए दरभंगा तक जाएगा। इस एक्सप्रेस-वे की लंबाई 189 किमी है। औरंगाबाद-दरभंगा एक्सप्रेस वे का निर्माण भारतीय राष्ट्रीय राजमार्ग प्राधिकरण की ओर से किया जाना है।

### रैयतों से राजस्व साक्ष्य की मांग फिर से की गई

इस परियोजना के लिए धनरुआ अंचल में 8 मौजा और फतुहा में 4 मौजा में भू-अर्जन की कार्रवाई की गई है। धनरुआ अंचल में 65 फीसदी मुआवजा का भुगतान किया गया है। मुआवजा भुगतान के लिए 140 आवेदन प्राप्त हुए हैं, जिसमें राजस्व कागजात की कमी है। जिसके कारण मुआवजा भुगतान लंबित है। सभी रैयतों को जमीन से जुड़े दस्तावेज जमा करने का निर्देश दिया गया है। इस संबंध में रैयतों से जमीन के कागजात की मांग की गई है। जिलाधिकारी डॉ. चंद्रशेखर सिंह ने धनरुआ के अंचल अधिकारी को निर्देश दिया है कि एक बार फिर से रैयतों से राजस्व साक्ष्य की मांग की जाए ताकि लंबित मामले का निपटारा जल्द से जल्द किया जा सके। बता दें कि आमस-दरभंगा एक्सप्रेस-वे का निर्माण भारतमाला प्रोजेक्ट के तहत किया जा रहा है।

---

## वायरल बुखार बच्चों और बुजुर्गों को कर रहा बीमार, रोज मिल रहे 50 मरीज



**पटना, एजेंसी।** मौसम में परिवर्तन होने की वजह से वायरल बुखार से ग्रसित रोगियों की संख्या में इजाफा हुआ हुआ हैं। स्थानीय अनुमंडल अस्पताल में मंगलवार को करीब तीन सौ रोगियों का रजिस्ट्रेशन हुआ। जिसमें 45 से 50 रोगी वायरल बुखार से पीड़ित थे। मौसम में परिवर्तन और तापमान में उतार-चढ़ाव से दिन में तेज धूप व उमस के कारण सर्दी, झुकाम, खांसी, बुखार ने लोगों में स्वास्थ्य की परेशानी बढ़ा दी हैं। ऐसे में बच्चों से लेकर बुजुर्गों तक वायरल बुखार के लक्षण मिल रहे हैं। मंगलवार को बक्सर के डुमरांव अनुमंडल अस्पताल में ऐसे कई पीड़ित चिकित्सक को दिखाने के लिए पहुंचे थे। इस संदर्भ में डॉक्टर शिवकुमार चौधरी ने बताया कि दिन में तेज धूप और गर्मी उत्पन्न हो जाती हैं। तो रात्रि पहर तापमान में गिरावट हो जाती हैं। सर्द और गर्म मौसम का प्रभाव लोगों को पड़ रहा है।

### डॉक्टरों ने दी यह सलाह

ऐसी स्थिति में वायरल बुखार से पीड़ित लोगों को सावधानी पूरी तरह से जरूरी हैं। उन्होंने ऐसे रोगियों को सलाह देते हुए बताया कि दिन में तीन बार गुनगुने पानी में हल्का नमक डालकर गलाला करना चाहिए। साथ ही मसालेदार खानपान से परहेज करें। धूप में निकलते वक्त गमछे व छाता का प्रयोग करें। अस्पताल प्रबंधक देवेंद्र कुमार तिवारी ने बताया कि वायरल बुखार के रोगियों की इलाज के लिए सभी व्यवस्था अस्पताल में उपलब्ध हैं। सभी तरह की जांच की भी सुविधा के साथ पर्याप्त मात्रा में दवा उपलब्ध हैं। ऐसे में बच्चे, बड़े व बुजुर्गों को सावधानी बरतनी चाहिए। ताकि वायरल बुखार की चपेट में नहीं आना पड़े।

---

## मंगल पाठ में शामिल हुई 400 से अधिक महिलाएं

**दरभंगा, एजेंसी।** श्री राणी शक्ति सेवा समिति की ओर से आयोजित दो दिवसीय भादी महोत्सव का मंगलवार को समापन हुआ। गांधी चौक स्थित दादी जी के मंदिर पर प्रातः सात बजे से ही दादी जी की विशेष पूजा दादी भक्तों ने की। पूजा राजेश तुल्सयान की देखरेख में करायी गयी। दोपहर 02:30 बजे से मंगल पाठ शुरू हुआ। इसमें 400 से भी अधिक महिलाएं शामिल हुई। संस्था ने सूरत की प्रसिद्ध मंगल पाठ वाचक सोनी पूर्वे को बुलाया था। उनका साथ देने कोलकाता से सौरभ शर्मा को भी बुलाया गया था। मंच संचालन मुकेश खेतान ने किया। इस कार्यक्रम के बाद महाप्रसाद का भी आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम को सफल बनाने में शाखा अध्यक्ष संजय कंदोई एवं सचिव संजीव मित्तल के नेतृत्व में काशी खेड़िया, संगीत जाजोदिया, अनिल गोयंका, सुबोध लाडिया, अनिल खेतान, रंजन तुल्सयान, कमल धानुका, संदीप कंदोई, सत्यनारायण भरतिया, शम्भू डोकानिया, विजय अग्रवाल, संगीता मित्तल, नीतू खेड़िया, रश्मि तुल्सयान, चीनू तुल्सयान, सोनी लाडिया, सुमन खेतान आदि लगे थे।

## गाड़ियों के मुरीद बिहार वाले, लग्जरी वाहनों की बढ़ी डिमांड



**पटना, एजेंसी।** बिहार में वाहनों की बिक्री में तेजी आई है। अगस्त माह में पिछले वर्ष के समान महीने की तुलना में 10 हजार वाहन अधिक बिके हैं। यही नहीं बिक्री की गति बीते साल की अपेक्षा काफी अधिक है। लोगों के बीच चार पहिया के साथ-साथ तिपहिया वाहनों में दिलचस्पी बढ़ी है।

हालांकि बिके वाहनों में बढ़ोतरी के मामले में सर्वाधिक हिस्सेदारी दो पहिया वाहनों की है। उनकी वृद्धि लगभग आठ हजार की है। केन्द्र सरकार की रिपोर्ट में यह खुलासा हुआ है। रिपोर्ट के अनुसार बिहार के लोगों ने इस साल खूब वाहन खरीदे हैं। इसमें लग्जरी वाहन के प्रति आकर्षण अधिक बढ़ा है। बिहार के लोग लग्जरी वाहनों के मुरीद हो रहे हैं। यही नहीं पैसेंसर वाहनों में भी इलेक्ट्रिक वाहनों की मांग बढ़ी है। टेम्पो की तुलना में ई-रिक्शा के खरीदार बढ़े हैं। सबसे रोचक बात तो यह है कि इन दोनों की बिक्री का अंतर दो गुना से अधिक है। बीते साल अंतर लगभग लगभग 100 फीसदी था, इस साल 104 फीसदी। रिपोर्ट बताती है कि पिछले अगस्त में 88192 वाहन बिके हैं, जबकि पिछले साल इसी महीने में महज 78466 वाहन ही बिके थे। इन वाहनों में भी कार और मोटरसाइकिल-स्कूटर के अलावा ट्रैक्टर, मोपेड, टेम्पो, ई-रिक्शा की बिक्री भी बढ़ी है। सबसे अहम तो यह है कि कृषि उपकरणों वाले वाहनों की खरीद के प्रति भी लोगों का रुझान बढ़ा है। पिछले साल केवल दो हार्वेस्टर बिका था जबकि इस साल अगस्त में सात बिके हैं।

### बीते आठ माह का लेखा-जोखा

बाजार विशेषज्ञों के अनुसार बिहार में स्थिति पहले से बेहतर हुई है। सड़कें अच्छी हुई हैं। टैक्स को व्यावहारिक बनाया गया है। लगन में पड़ोसी राज्यों से वाहन खरीद में कमी आई है। लोगों की आर्थिक स्थिति भी लगातार बेहतर हो रही है। इस साल आठ माह में सात माह ऐसे हैं जब वाहनों की बिक्री बीते सात से अधिक हुई है। केवल मई माह में ही वाहनों की बिक्री 2023 में अधिक हुई थी। शेष सात माह माह में इस साल काफी अधिक वाहन बिके हैं। यह वृद्धि वाहनों के हर सेगमेंट में देखने को मिला है।

---

## चुनावी प्रीलिम्स देंगे प्रशांत किशोर, जन सुराज लड़ेगी 4 विधानसभा सीटों का उपचुनाव



**पटना, एजेंसी।**कुछ वक्त पहले तक चुनावी रणनीतिकार की भूमिका में रहे प्रशांत किशोर की राजनीति में एंट्री ने बिहार में हलचल पैदा कर दी है। ऐसी उम्मीद है कि राज्य की चार विधानसभा सीटों पर जल्द ही उपचुनाव हो सकते हैं। हालांकि, अभी चुनाव की तारीखों का ऐलान नहीं हुआ है लेकिन सभी राजनीतिक दल इन सीटों पर चुनाव को लेकर अपनी-अपनी तैयारियों में जुटे हैं।

इस बीच अब जन सुराज के संस्थापक प्रशांत किशोर ने भी इन चारों सीटों के लिए अपने प्रत्याशी उतारने का फैसला कर लिया है। पीके के नाम से मशहूर प्रशांत किशोर पिछले दो सालों से पदयात्रा पर है। 2 अक्टूबर को प्रशांत किशोर आधिकारिक रूप से अपनी पार्टी का ऐलान कर सकते हैं। सोमवार को आरा में पीके ने कहा, अगर हम सभी चार सीटें जीतते हैं तो 2025 में आने वाले चुनाव परिणाम साल 2024 में खुद-ब-खुद तय हो जाएंगे। इसकी के साथ प्रशांत किशोर ने राजद प्रमुख लालू प्रसाद यादव और जेजीयू के अध्यक्ष नीतीश कुमार की आलोचना भी की। पीके ने कहा कि लालू के शासन काल में संगठित अपराध का जंगल राज था और नीतीश के शासन में ब्यूरोक्रेट्स का जंगल राज है। बता दें कि राजद प्रशांत किशोर को बीजेपी की बी टीम कहती आई है। राजद नेता 10 सितंबर से बिहार में आभार यात्रा की शुरुआत करने वाले हैं।

राजद की तरफ से सवाल उठाते हुए कहा गया कि आखिर लोग पीके पर भरोसा क्यों करेंगे? उन्होंने बिहार के लिए कुछ नहीं किया। हाल ही में राष्ट्रीय जनता दल (राजद) के राज्यसभा सदस्य मनोज झा ने पार्टी नेता तेजस्वी यादव को लेकर दिए गए बयान के लिए चुनाव रणनीतिकार प्रशांत किशोर पर निशाना साधा था और मॉब लिंचिंग तथा बुलडोजर जैसे मुद्दों को लेकर उनकी चुप्पी पर सवाल उठाया था। दरअसल प्रशांत किशोर ने भोजपुर में कहा था, एक नौवीं फेल बिहार का विकास कर रहा है। इसपर राजद नेता ने कहा, प्रशांत किशोर कहते हैं कि तेजस्वी जी का कोई महत्व नहीं है, लेकिन जब वह दो घंटे तक बोलते हैं तो उसमें से एक घंटा 54 मिनट तेजस्वी जी के बारे में बोलते हैं। इधर बीजेपी ने सदस्यता अभियान चला रखी है। जेडीयू के नेता राजीव रंजन प्रसाद ने कहा कि पीके के लिए एक बड़ी चुनौती यह है कि वो बिहार में खुद को एक राजनीतिक चेहरा साबित करें। प्रशांत किशोर ने हाल ही में 2025 के बिहार विधानसभा चुनाव में मुसलमानों को टिकट दिए जाने को लेकर कहा था कि वो 243 सदस्यीय विधानसभा के चुनाव में कम से कम मुस्लिम समुदाय के 40 लोगों को टिकट देंगे और इस समुदाय को संगठन में भी उचित प्रतिनिधित्व दिया जाएगा।

## रूपा शर्मा को मिली अग्रिम जमानत, निचली अदालत में करेंगी सरेंडर

**मुजफ्फरपुर, एजेंसी।** बेला औद्योगिक क्षेत्र की एक फैक्ट्री में कार्यरत कंप्यूटर ऑपरेटर संस्कृति वर्मा को सुपारी शूटर से गोली मरवाने की मुख्य साजिशकर्ता पूर्व मंत्री की बहू रूपा शर्मा को मंगलवार को अग्रिम जमानत मिल गई। जिला एवं सत्र न्यायाधीश के न्यायालय में उसकी जमानत अर्जी मंजूर कर ली गई है। घटना के बाद से रूपा शर्मा अंडरग्राउंड चल रही थी। हालांकि, उसकी अग्रिम जमानत अर्जी पर सुनवाई के दौरान गिरफ्तारी पर रोक लगा दी गई थी। रूपा शर्मा की अग्रिम जमानत अर्जी पर जिला बार एसोसिएशन के पूर्व अध्यक्ष नवल किशोर प्रसाद सिन्हा, रामकृष्ण ठाकुर और पूर्व महासचिव प्रवीण कुमार ने न्यायालय में पक्ष रखा। इसके बाद जिला जज ने अग्रिम जमानत मंजूर करते हुए 10 हजार के दो जमानतदार के साथ निचली जमानत में आत्मसमर्पण करने का आदेश दिया है। इसके आधार पर निचली अदालत से स्थाई जमानत दी जाएगी। काजी मोहम्मदपुर थाना के कलमबाग चौक रिफ्यूजी कॉलोली निवासी रूपा शर्मा के वकील हिमांशु कुमार पांडेय ने बीते 28 जुलाई को कोर्ट में अग्रिम जमानत अर्जी दाखिल की थी। महिला कंप्यूटर ऑपरेटर संस्कृति वर्मा को बीते 25 जून को बेला फेज वन इलाके में स्थित फैक्ट्री में ड्यूटी पर जाने दौरान फायरिंग की गई थी। संस्कृति को तीन गोलियां लगी थी।

# बेटी की लाश मिलने पर ससुराल के आंगन में ही जला दी चिता, हजारीबाग में तनाव



**हजारीबाग, एजेंसी।** जिस घर में चौपारण के जगदीशपुर निवासी जगदीश यादव ने बड़े अरमानों से बेटी की डोली भेजी थी, मौत के बाद उसी आंगन में अपनी लाडली का दाह संस्कार किया। मामला हजारीबाग जिले के बरही के चतरो गांव का है। इस घटना के बाद मायके और ससुराल वालों में तनाव बना हुआ है। गांव में शांति व्यवस्था बहाल रखने के लिए बड़ी संख्या में पुलिस बल की तैनाती कर दी गई है।

- **ससुराल के आंगन में जला दी बेटी की चिता-** दरअसल, जगदीश यादव ने अपनी सबसे छोटी बेटी 21 वर्षीया प्रीति कुमारी की शादी धूमधाम से बरही के चतरो गांव के अजीत यादव के साथ चार माह पहले की थी। इधर, सोमवार को चतरो गांव के ही एक डोभा से उसका शव बरामद किया गया। बताया जा रहा है कि वह शनिवार से ही घर से लापता थी। इधर, मौत को दहेज हत्या मानकर गुस्साए मायके वालों ने मंगलवार को प्रीति का दाह संस्कार उसके ससुराल के आंगन में ही कर दिया। हालांकि,उस वक्त ससुराल पक्ष का एक भी व्यक्ति घर में नहीं था। थाने में मामला दर्ज होने और मृतका के पति और देवर की गिरफ्तारी के बाद से परिवार के अन्य सदस्य घर से फरार हैं।
- **प्रीति के मायके से 100 से अधिक लोग पहुंचे थे-** प्रीति का शव मंगलवार की सुबह 8.30 बजे पोस्टमार्टम के बाद चतरो गांव लाया गया। शव के साथ मायके के 100 से अधिक महिला-पुरुष थे। शव के दाह-संस्कार से पहले बातचीत में चतरो के लोगों ने कहा कि वे मिलकर दाह संस्कार करेंगे, लेकिन जिनका इस मामले से संबंध नहीं है, उन्हें केस से हटाया जाए। इसपर बात बिगड़ गई। अंतत गुस्साए मायके वालों ने समधी केशो यादव के आंगन में ही दाह संस्कार कर दिया। ग्रामीणों का आरोप है कि मायके वालों ने कुछ लोगों से मारपीट भी की। इसके बाद अपने वाहनों के साथ फरार हो गए। भागने के क्रम में उनकी एक कार चतरो में ही छूट गई, जिसे बरही थाने की पुलिस ने जब्त कर लिया है।
- **परिजनों ने लगाया दहेज के लिए हत्या का आरोप-** मायके वालों ने पति और देवर समेत ससुराल के 11 लोगों पर दहेज हत्या का आरोप लगाया है। बताया जा रहा है कि प्रीति कुमारी शनिवार से ही लापता थी। खोजबीन के क्रम में सोमवार को गांव के ही डोभा से लाश मिली थी। पीठ में जलने के निशान पाए गए थे। साथ ही एक आंख में जख्म के निशान मिले थे। इसके बाद सूचना बरही थाने को दी थी। तब बरही पुलिस ने शव को डोभा से निकालकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। प्रीति कुमारी के परिजन और काफी संख्या में महिला, पुरुष चतरो गांव आए थे। वे सोमवार से ही गम गुस्सा और रोष में थे।

### गांव पुलिस छावनी में तब्दील

- चतरो गांव में मृतका का दाह-संस्करण घर के आंगन में करने और ग्रामीणों से मारपीट की सूचना पर बरही थाना प्रभारी आभाष कुमार पुलिस बल के साथ घटनास्थल पहुंचे। ग्रामीणों से जानकारी लेने के बाद शांति व्यवस्था कायम रखने के लिए गांव में जिला से अतिरिक्त 50 पुलिस बल की तैनाती की गई है। गांव फिलहाल पुलिस छावनी में तब्दील है। चतरो के ग्रामीणों का आरोप है कि दाह संस्कार के क्रम में ही मायके वालों ने कुछ ग्रामीणों के साथ मारपीट भी कर दी। इसके बाद अपने वाहनों के साथ फरार हो गए। भागने के क्रम में उनकी एक कार चतरो में ही छूट गई, जिसे बरही थाने की पुलिस ने जब्त कर लिया है। और कार को थाने ले आई है।

--------

## गिरिडीह में सीबीआई के गोदाम संचालक के ठिकानों पर का छापा

**गिरिडीह, एजेंसी।** गिरिडीह में सीबीआई की टीम ने दबिश दी है. सीबीआई ने बुधवार को एफसीआई संचालक के ठिकानों पर छापा मारा है. दरअसल जांच एजेंसी को गरीबों को मिलने वाले अनाज में भारी पैमाने पर गड़बड़ी की शिकायत मिली थी. जिसके बाद ये कार्रवाई की गयी है. सुबह 6¬30 बजे से ही छापेमारी जारी है.



सीबीआई की टीम ने सुबह गिरिडीह में एफसीआई के संचालक रामजी पांडे के शास्त्री नगर स्थित आवास पर रेड मार दिया. केंद्रीय जांच एजेंसी को सूचना मिली थी कि जिले में गरीबों को मिलने वाले वाले अनाज में भारी अनियमितता हो रही है. इस काम को ट्रांसपोर्टों के मिलीभगत से अंजाम दिया जा रहा है. मामले की जांच के लिए केंद्रीय जांच ब्यूरो ने गोदाम के साथ साथ अन्य कई जगहों पर छापा मार दिया. इस मामले में कई लोगों से पूछताछ की जारी है.

## संक्षिप्त समाचार

### रांची के बिरसा मुंडा एयरपोर्ट से दो शहरों के लिए जल्द शुरू होगी विमान सेवा

**रांची, एजेंसी।** बिरसा मुंडा एयरपोर्ट से रांची-पुणे और रांची-हैदराबाद के लिए जल्द ही नयी विमान सेवा शुरू की जायेगी. इस बाबत एयरपोर्ट निदेशक आरआर मौर्या ने बताया कि एयर इंडिया एक्सप्रेस द्वारा दोनों शहरों के लिए विमान सेवा शुरू की जायेगी. इसके लिए डीजीसीए से अनुमति मिल गयी है. जल्द ही समय-सारिणी उपलब्ध करायी जायेगी. इसके बाद विमान सेवा शुरू होगी. मालूम हो कि वर्तमान में इंडिगो का पुणे-रांची विमान (संख्या-6ई6484) सुबह 7.41 रांची आता है. इंडिगो का हैदराबाद-रांची विमान (संख्या-6ई421) सुबह 10.25 बजे रांची आता है. वहीं दूसरा विमान हैदराबाद-रांची (संख्या 6ई186) रात 8.30 बजे रांची आता है. बिरसा मुंडा एयरपोर्ट पर पार्किंग को सुव्यवस्थित करने के लिए टर्मिनल बिल्डिंग के सामने थर्ड लेन का निर्माण होगा. एयरपोर्ट निदेशक आरआर मौर्या ने बताया कि इससे ट्रैफिक जाम नहीं रहेगा और वाहनों को निकासी में कम समय लगेगा. वहीं वीआइपी वाहनों के लिए अलग से निकासी द्वार बनाया गया है. इसके लिए पार्किंग निकासी से पूर्व 100 मीटर पहले हेथू रोड में एक गेट लगाया जायेगा, जहां से वीआइपी वाहनों की निकासी करायी जायेगी.

### वंदे भारत ट्रेन के वाशिंग लाइन में रेल जीएम का निरीक्षण



**जमशेदपुर, एजेंसी।** दक्षिण पूर्व जोन के रेल जीएम ने बुधवार को टाटानगर स्टेशन पर वंदे भारत ट्रेन चलाने की तैयारियों का निरीक्षण किया। इसके अलावा स्टेशन पर अन्य कई निमार्ण कार्यो का जायजा लेकर जल्द काम खत्म करने का आदेश दिया। वहीं, थर्ड लाइन के कार्य प्रगति रिपोर्ट ली है। रेल जीएम ने बताया 15 सितंबर को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का जमशेदपुर में आगमन हो रहा है। इस दौरान टाटानगर से दो वंदे भारत ट्रेनों पटना और बरहमपुर को झंडी दिखाने की तैयारी है। इससे नई ट्रेन परिचालन संबंधी हर तैयारी कर ली गई है। इधर, जीएम ने प्लेटफार्म से लेकर टाटानगर स्टेशन के आसपास के क्षेत्र का निरीक्षण कर सुरक्षा व्यवस्था का जायजा लिया है। डीआरएम एजे राठौर समेत चक्रधरपुर मंडल के अन्य अधिकारी शामिल थे। रेल जीएम ने कहा कि स्टेशन री डेवलपमेंट का कार्य जल्द शुरू होगा। इससे प्लेटफार्म की संख्या 5 से बढ़कर 8 हो जाएगी। उन्होंने बताया कि ट्रेन परिचालन में सुरक्षा के लिए इंजन में कवच लगाने की दिशा में भी जोन काम कर रहा है।

### केशव महतो कमलेश ने जिलाध्यक्षों को किया तलब, 5 सितंबर को होगी बैठक

**रांची, एजेंसी।** आगामी विधानसभा चुनाव को लेकर झारखंड प्रदेश कांग्रेस कमिटी के अध्यक्ष केशव महतो कमलेश के निर्देशानुसार कांग्रेस



भवन में 24 जिलाध्यक्षों की बैठक बुलाई गई है। बैठक 5 सितंबर गुरुवार के दिन रखी गई है। इस बैठक में मुख्य रूप से कांग्रेस विधायक दल के नेता डॉ रामेश्वर उरांव उपस्थित रहेंगे। इस बात की जानकारी देते हुए मीडिया चेयरमैन सतीश पौल मुजनी ने बताया कि प्रदेश अध्यक्ष केशव महतो कमलेश जिलाध्यक्ष से संगठन को लेकर सभी से विस्तृत जानकारी लेंगे। बूथ कमिटी में कार्य कितना हुआ है और कितना बचा इसकी चर्चा करेंगे।

# पारसनाथ रेलवे स्टेशन पर ठहरने लगी वंदे भारत, जैन तीर्थयात्रियों का सफर हुआ आसान

**गिरिडीह, एजेंसी।** रांची-वाराणसी वंदे भारत एक्सप्रेस का ठहराव सोमवार से पारसनाथ रेलवे स्टेशन पर शुरू हुआ. रेलवे ने इसे लेकर समारोह का आयोजन किया. सोमवार की सुबह 7¬55 बजे ट्रेन स्टेशन पर रुकी. यहां झारखंड की महिला एवं बाल विकास मंत्री बेबी देवी और सांसद चंद्रप्रकाश चौधरी ने हरी झंडी दिखाकर ट्रेन को वाराणसी के लिए रवाना किया. मंत्री बेबी देवी ने कहा कि इस ट्रेन के ठहराव से आम लोगों खासकर जैन तीर्थयात्रियों को काफी सुविधा होगी. लोग कम समय में पारसनाथ से रांची या वाराणसी जा सकते हैं. उन्होंने ट्रेन के किराये पर पुनर्विचार करने की मांग की, ताकि सामान्य लोग भी इसमें यात्रा कर सकें.

सांसद चंद्रप्रकाश चौधरी ने कहा कि आज बहुत ही खुशी का दिन है. रांची-वाराणसी वंदे भारत एक्सप्रेस जब से चली है, तभी से जैन समाज और स्थानीय लोग इसके ठहराव की मांग कर रहे थे. उन्होंने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव को पत्र देकर ठहराव सुनिश्चित करने का आग्रह किया था. इसे स्वीकार कर ट्रेन का ठहराव शुरू किया गया है. अब रांची और वाराणसी आने-जाने वाले यात्रियों को काफी सुविधा होगी. खासकर जैन समाज के तीर्थ यात्री काफी लाभान्वित होंगे. सांसद ने कहा कि पारसनाथ स्टेशन को अमृत स्टेशन के तहत लिया गया है. इसके सौंदर्यीकरण के लिए पीएम नरेंद्र मोदी ने करोड़ों की राशि दी है. धीरे-धीरे पारसनाथ रेलवे स्टेशन को और विकसित किया जायेगा.

धनबाद के सीनियर डीसीएम अमरेश कुमार ने बताया कि रांची-वाराणसी वंदे भारत एक्सप्रेस के ठहराव से जैन तीर्थस्थल आने वाले श्रद्धालुओं को काफी सुविधा होगी. इस ट्रेन के माध्यम से लोग कम समय में रांची और वाराणसी पहुंच सकेंगे. मौके पर रेलवे अधिकारी आशीष कुमार, पारसनाथ रेलवे स्टेशन प्रबंधक अविनाश, अखिलेश महतो राजू, भाजपा जिला अध्यक्ष महादेव दुबे, प्रशांत जायसवाल, जिप सदस्य प्रदीप मंडल व सुनीता कुमारी, आजसू पार्टी के दुर्योधन महतो, यशोदा देवी, छक्कन महतो, प्रदीप साहू, कोडरमा सांसद प्रतिनिधि दिनेश यादव, सुरेंद्र कुमार, मुखिया रीना कुमारी, अजीत माथुर, भाजयुमो के संजीव कुमार, दीपक श्रीवास्तव, फुलचंद किस्कू, इंद्रजीत जायसवाल आदि सैकड़ों लोग उपस्थित थे.

# टाटा कमिंस में पीएल या सीएल से नहीं कटेगा पेड होलीडे, प्रोमोशन भी हुआ आसान




**रांची, एजेंसी।** टाटा कमिंस के कर्मचारियों की लंबित मांगों पर समझौता हस्ताक्षर हो गया है. कर्मचारियों के अवकाश के दौरान रविवार या राष्ट्रीय छुट्टी यानी किसी प्रकार का पेड होलीडे होने पर कर्मचारियों का पीएल यानी प्रीविलेज लीव अब नहीं कटेगा. वहीं, कर्मचारियों की प्रोन्नति के लिए तय मानकों में भी छूट दी गयी है.

कमिंस यूनियन की पहल के बाद इस पर सहमति बनी. कमिंस प्रबंधन और यूनियन के बीच इसको लेकर एक समझौता पर हस्ताक्षर किया गया. जमशेदपुर में करीब तीन घंटे तक चली बैठक के बाद हुए समझौता को एक जनवरी 2024 से प्रभावी किया गया है.

समझौता पर प्लांट हेड रामफल नेहरा, भीकम सिंह, अमित ठाकुर आदि तथा यूनियन से अध्यक्ष दीप्तेंदू चक्रवर्ती, महासचिव सुमित कुमार समेत सभी पदाधिकारी तथा कमेटी मेंबरों ने हस्ताक्षर किये. टाटा कमिंस कर्मचारी यूनियन के अध्यक्ष दीप्चेंदू चक्रवर्ती ने कहा कि यह एग्रीमेंट टाटा कमिंस के सभी मजदूरों के सहयोग और यूनियन के प्रति विश्वास तथा प्रबंधन और यूनियन की पूरी टीम के सहयोग से संभव हो पाया है.

समझौता के तहत एसपी ग्रेड में प्रोमोशन के लिए कर्मचारियों के कार्यों का वार्षिक असेसमेंट दिसंबर में होता है. लगातार दो वर्षों में 85 प्रतिशत या इससे अधिक अंकों से सफल होने पर उस कर्मचारी को फास्ट ट्रैक परीक्षा में शामिल होने की पात्रता हासिल होती है. इस परीक्षा में सफल होने पर कर्मचारी को एसपी ग्रेड में प्रमोशन मिलता है. इस ग्रेड में जाने के लिए पांच ग्रेड का छलांग (जंप) मिलता है.

समझौते में इस असेसमेंट का अंक घटाकर 80 प्रतिशत कर दिया गया है. यह भी तय किया गया है कि वर्ष 2023 के असेसमेंट में 85 प्रतिशत से कम अंक लाने वाले, लेकिन वर्ष 2024 में 80 प्रतिशत अंक लाने वाले कर्मचारी फास्ट ट्रैक परीक्षा में शामिल हो सकेंगे. यह छूट सिर्फ इस वर्ष के लिए ही होगा.

इसके अलावा पहले कर्मचारियों को एक भी दिन सिक लीव लेने पर चिकित्सा प्रमाण पत्र दिखाना पड़ता था. लेकिन अब 2 दिन तक सीक लीव लेने पर इसकी जरुरत नहीं होगी. साल में 52 रविवारीय अवकाश तथा 9 राष्ट्रीय छुट्टी मिलाकर कुल 61 पेड होलीडे होता है.

अगर कोई कर्मचारी छुट्टी पर गया है. उसकी इस छुट्टी के दौरान कोई रविवारीय या नेशनल होली डे आ जाता है तो इसका लाभ कर्मचारियों को नहीं मिलता है, यानी यह होलीडे कर्मचारियों के पीएल या सीएल से कटता था. लेकिन अब अवकाश के बीच रविवारीय या नेशनल होली डे आने पर इसका लाभ कर्मचारियों को मिलेगा, उनके पीएल या सीएल में इसे समायोजित नहीं किया जायेगा. इस व्यवस्था से कर्मचारियों के पीएल तथा सीएल बचेंगे.

# अभ्यर्थियों की मौत के बहाने राजनीति चमकाने की कोशिश में हैं बाबूलाल मरांडी : सोनाल शांति

**रांची, एजेंसी।** विधानसभा चुनाव के लिए मुद्दों की तलाश में भटक रहे बीजेपी अध्यक्ष बाबूलाल मरांडी उत्पाद सिपाही अभ्यर्थियों की मौत पर राजनीति चमकाने की कोशिश कर रहे हैं। ये आरोप लगाते हुए प्रदेश कांग्रेस प्रवक्ता सोनाल शांति ने आज कहा कि उत्पाद सिपाही भर्ती परीक्षा में हुई परीक्षार्थियों की मृत्यु की जांच सरकार कर रही है। सारी सच्चाई जनता के सामने आएगी। सिपाही भर्ती परीक्षा जिस नियमावली के तहत कराई जा रही है वह पिछली बीजेपी सरकार के कार्यकाल में



लागू की गई थी, लेकिन जब परिस्थितिजन्य कारणो से परीक्षार्थियों की मृत्यु हुई तो इसके लिए बाबूलाल मरांडी सरकार को दोषी ठहराने का प्रयास कर रहे हैं। बीजेपी सरकार में लागू नीति से किनारा करने की कोशिश कर रहे हैं। जबकि आज भी बीजेपी शासित कई राज्यों में ऐसी नीति लागू है। उन्होंने कहा कि घटनाओं की जानकारी सरकार के संज्ञान में आते ही त्वरित गति से कार्रवाई की गई है। भरती स्थल पर पर्याप्त चिकित्सा सुविधा की व्यवस्था, तीन दिनों के लिए भर्ती परीक्षा का स्थगन, समय सीमा का निर्धारण किया गया है। झारखंड गठन के पश्चात पहली बार इस तरह की भर्ती परीक्षा का आयोजन किया गया है। नियमावली के तहत करायी गयी दौड़ के दौरान ऐसी किसी घटना की आशंका नहीं थी। सारे नियमों की समीक्षा की घोषणा सरकार कर चुकी है। बावजूद इसके बाबूलाल मरांडी शोकाकुल परिवारों को सांत्वना देने की बजाय उनके नाम पर राजनीतिक रोटी सेंक रहे हैं। वर्तमान महागठबंधन की सरकार युवाओं के प्रति अत्यंत संवेदनशील है और ऐसी घटनाओं से मर्माहत है। युवाओं की मौत पर राजनीति बीजेपी नेताओं के मानसिक अक्षमता की ओर इशारा करती है।

# घरों का कचरा सड़कों पर, शहर जाम

**हजारीबाग, एजेंसी।** नगर निगम के सफाई कर्मी 10 दिनों से हड़ताल पर हैं. इस वजह से निगम क्षेत्र में साफ-सफाई का काम पूरा तरह से ठप है. शहर की सभी सड़कों, चौक-चौराहों के समीप कचरे का ढेर लगा है. कुछ जगहों की स्थिति ऐसी हो गयी है, जहां से गुजरने के दौरान लोगों को अपने नाक पर रूमाल रखना पड़ रहा है.

कचरे से उठते दुर्गंध ने लोगों को जीना मुश्किल कर दिया है. स्थिति ऐसी है कि कचरा अब बीच सड़क पर आ गया है, जिसके कारण अब सड़क जाम होने लगी है. शहर के मटवारी रोड, ओकनी भारत बेकरी के समीप, महेश सोनी चौक, पैगोडा के पीछे सड़क पर फैले कचरे के ढेर को देखा जा सकता है. आधी सड़क पर कचरा जमा है. कचरे की वजह से सड़क संकीर्ण हो गयी है, जिससे चालकों को वाहन चलाने में परेशानी हो रही है. संध्या होते ही प्रतिदिन मटवारी चौक से लेकर पीटीसी चौक तक जाम लगा रहता है. लोगों को घंटों जाम में फंसा रहना पड़ रहा है. बताते चलें कि निगम के कर्मचारी अपनी छह सूत्रों मांगों को लेकर 23 अगस्त से राज्यव्यापी हड़ताल पर हैं.

**शहर की हवा में प्रदूषण फैला रहा कचरा-** शेख भिखारी मेडिकल कॉलेज अस्पताल के डॉक्टर क्षीतिज आनंद ने बताया कि शहर में सड़क के किनारे का कचरा कई तरह से मानव जीवन को प्रभावित करता है.

कचरा के सड़ने के बाद उसमें से हानिकारक रसायन निकलता है. इससे चमड़े की ऊपरी परत पर एग्जिमा या वायरल रोग हो सकता है.

# 67000 बिजली उपभोक्तों के लिए खुशखबरी, दोबारा कनेक्शन लेने पर बकाया बिल माफ



**पूर्वी सिंहभूम, एजेंसी।** पूर्वी सिंहभूम जिले के 67 हजार बिजली उपभोक्ताओं के बिजली कनेक्शन को फिर से जल्द जोड़ा जायेगा. हालांकि इसके लिए उपभोक्ताओं को आरसी-डीसी की कागजी औपचारिकता पूरी करनी होगी. इसके लिए बिजली विभाग ने जमशेदपुर, मानगो व घाटशिला विद्युत प्रमंडल में लोगों को जागरूक करना शुरू कर दिया है.

इसको लेकर मंगलवार को पूर्वी सिंहभूम के उपायुक्त अनन्य मित्तल, उप विकास आयुक्त मनीष कुमार, जमशेदपुर विद्युत प्रमंडल के कार्यपालक अभियंता आनंद कौशिक, मानगो विद्युत प्रमंडल के कार्यपालक अभियंता संजीव कुमार, घाटशिला विद्युत प्रमंडल के कार्यपालक अभियंता राज किशोर समेत अन्य पदाधिकारियों ने संयुक्त रूप से हरी झंडी दिखाकर जागरुकता रथ को रवाना किया.

गौरतलब हो कि बिजली बिल बकाया रखने पर झारखंड में बिजली विभाग ने नियमानुसार घाटशिला विद्युत प्रमंडल में 45 हजार उपभोक्ताओं का बिजली कनेक्शन काट दिया था. वहीं जमशेदपुर और मानगो विद्युत प्रमंडल में 11-11 हजार बिजली उपभोक्ताओं के बिजली कनेक्शन काटे गए थे.

जमशेदपुर. मंगलवार को जमशेदपुर विद्युत प्रमंडल के अंतर्गत जुगसलाई, करनडीह व छोटागोविंदपुर स्थिति बिजली कार्यालयों में लगे अलग-अलग कुल तीन बिजली कैंपों में बिजली बिल त्रुटि समेत अन्य समस्याओं के कुल 65 आवेदन जमा हुए. इसमें 61 आवेदनों को ऑन स्पॉट निष्पादन किया गया. 4 लंबित आवेदनों को समस्या के निदान के लिए मुख्यालय भेजा गया.

# एमएनएमएमसीएच में मरीजों का स्ट्रेचर में हो रहा इलाज, बेड खाली होने का कर रहे इंतजार

**धनबाद, एजेंसी।** एक दिन की राहत के बाद सोमवार को एसएनएमएमसीएच के इमरजेंसी पहुंचे मरीजों को फिर परेशानियों का सामना करना पड़ा. इमरजेंसी समेत अस्पताल के विभिन्न विभागों में बेड फुल हो जाने से सोमवार को मरीजों का इलाज बरामदे में स्ट्रेचर पर शुरू करना पड़ा.

केंदुआ से इमरजेंसी पहुंचे 62 वर्षीय वृद्ध रघु तांती को पांच घंटे बाद बेड मिला. उन्हें पैरालाइसिस अटैक आया था, स्थिति गंभीर थी. चाहकर भी चिकित्सक व स्वास्थ्यकर्मी बेड का इंतजाम नहीं कर पाये. बाद में इमरजेंसी के बरामदे में स्ट्रेचर पर ही उनका इलाज शुरू किया गया. स्लाइन व दवाएं बरामदे में ही दी गयी. यही हाल अस्पताल के इमरजेंसी पहुंचे अन्य मरीजों का भी था. मरीजों को विभिन्न विभागों में बेड खाली होने का घंटों इंतजार करना पड़ा. गंभीर मरीजों का इलाज इमरजेंसी के बरामदे पर ही किया गया.

**सर्जरी, मेडिसिन व ऑर्थो विभाग के बेड फुल-** अस्पताल के मेडिसिन, ऑर्थो व सर्जरी विभाग के सभी बेड विगत कई दिनों से फुल हैं. मेडिसिन विभाग के 210 बेड के अलावा सर्जरी के 120 व ऑर्थो के 140 बेड मरीजों से भरे हुए हैं. ऐसे में इमरजेंसी में मरीजों का दबाव बढ़ जाने से व्यवस्था अस्त-व्यस्त हो गयी है. पहले से भर्ती मरीजों की छुट्टी होने पर ही दूसरों को बेड मिल पा रहा है.

बिहार समेत देश-दुनिया की ताजा-तरीन खबरों को जानने के लिए लॉगऑन करें :
www.sonvarshavani.com
ई-पेपर
sonvarshavani.com/epaper



# विचार-मंथन

संपादकीय

## महिला विरोधी अपराध के दलदल में भद्रलोक

अभी बहुत दिन नहीं हुआ, जब पश्चिम बंगाल के संदेशखाली से भी महिलाओं से बलात्कार की खबरें सामने आईं थीं। वहां की घटना की जब परतें खुलने लगीं तो पता चला कि रेप की घटनाएं अपराध और राजनीति के नापाक गठजोड़ का नतीजा हैं। बंकिम चंद्र की शस्य श्यामला माटी वाला पश्चिम बंगाल शक्ति पूजक समाज है। शरद ऋतु के स्वागत के साथ बंगाल की धरती दुर्गा के स्वागत में हर साल विभोर होती रही है। बंगाल में महिलाओं का सम्मान की कैसी परंपरा है, इसे समझने के लिए दुर्गा पूजा के विधान को समझना चाहिए। जहां मूर्ति बनाने के लिए उन वेश्याओं के घर से पहली मिट्टी लाई जाती है, जिन्हें आम तौर पर समाज त्याज्य और गंदा मानता है। बंगाल की धरती कैसी नारी पूजक रही है, किस तरह वह नारियों का सम्मान करती रही है, इसके उदाहरण आजादी के आंदोलन के इतिहास में जैसे मिलते हैं, अन्य राज्यों में कम। स्वाधीनता संग्राम में जिन तीन महिलाओं ने आगे बढ़कर हिस्सा लिया और अपने ज्ञान और संघर्ष से भारत को आलोकित किया, वे तीनों बंगाल की बेटियां थी। पहली थीं अरूणा गांगुली, जो बाद में अरूणा आसफ अली बनीं, दूसरी थीं सुचेता मजूमदार जो बाद में सुचेता कृपलानी के नाम से प्रसिद्ध हुईं। तीसरीं थीं सरोजिनी चट्टोपाध्याय जो बाद में भारत कोकिला सरोजिनी नायडू बनीं। बंगाल की माटी नारी की कितना सम्मान करती रही है, उसका एक और उदाहरण कमला देवी चट्टोपाध्याय भी रहीं। जब भारत के अन्य इलाकों की महिलाएं घूंघट के पीछे सिर्फ परिवार के कोल्हू में पिस रहीं थीं, तब बंगाल ने अपनी बेटियों को वाजिब सम्मान दिया और उन्हें आगे बढ़ाया। उस बंगाल में कभी महिलाओं के साथ बदसलूकी की कल्पना तक नहीं की जाती थी। वहां अब हालात कैसे बदल गए हैं, इसका अंदाजा लगाने के लिए राधागोविंद कर अस्पताल में हुई घटना को उदाहरण के रूप में लिया जा सकता है। समूचा देश अपनी आजादी की 77 वीं सालगिरह के जश्न में थककर पंद्रह अगस्त की रात जब मीठी नींद के आगोश में था, भद्रलोक की राजधानी कोलकाता के राधा गोविंद कर यानी आरजी कर अस्पताल में जूनियर रेजिडेंट डॉक्टर की बर्बरता पूर्वक रेप के बाद हत्या कर दी गई। बंगाल में देर रात तक दफ्तर से लौटने वाली लड़कियों की कभी घरवाले चिंता तक नहीं करते थे, अब वे परेशान हो उठे हैं। बंगाल के लोग अपनी बच्चियों के लिए चिंतित हो उठे हैं। बंगाल की धरती पर शायद यह पहली ऐसी घटना है, जिसमें किसी महिला के साथ ऐसी बर्बरता की गई है। इससे शक्तिपूजक बंगाली समाज का क्रोध और क्षोभ से भरना स्वाभाविक है। दिलचस्प यह है कि पश्चिम बंगाल इकलौता ऐसा राज्य है, जिसे महिला मुख्यमंत्री का गौरव हासिल है। महिला के राज में किसी महिला के साथ ऐसा दुराचार लोगों के गले आसानी से नहीं उतर रहा। इसलिए बंगाल इन दिनों खौल रहा है। बंगाल के चुनिंदा बुद्धिजीवियों को छोड़ दें तो समूचा बौद्धिक समाज सड़कों पर उतर आया है। जो चुप हैं या व्यवस्था की तरफदारी कर रहे हैं, वे सत्ताधारी पार्टी के साथ हैं, सांसद या किसी अन्य पद पर हैं। अभी बहुत दिन नहीं हुआ, जब पश्चिम बंगाल के संदेशखाली से भी महिलाओं से बलात्कार की खबरें सामने आईं थीं। वहां की घटना की जब परतें खुलने लगीं तो पता चला कि रेप की घटनाएं अपराध और राजनीति के नापाक गठजोड़ का नतीजा हैं। संदेशखाली को लेकर बंगाली समाज में उबाल तो आया, लेकिन वैसा नहीं, जैसा आरजी कर अस्पताल की दुराचार के बाद दिख रहा है। शायद संदेशखाली की पीड़िताएं ग्रामीण इलाकों की हैं, जबकि आरजी कर की घटना उस कोलकाता शहर की है, जिसे भद्रलोक समाज के लिए जाना जाता है। पश्चिम बंगाल की कड़वी सच्चाई बांग्लादेश से हो रही अवैध घुसपैठ। अवैध घुसपैठियों के समर्थन में बीजेपी छोड़ तकरीबन समूचा बंगाली राजनीति है। 34 साल के वामपंथी शासन के दौरान इस घुसपैठ को वैधता मिली। वामपंथी शासन व्यवस्था के दौरान पार्टी कैडर के नाम पर बड़ा झुंड उभरा। सरकार पर संगठन का नियंत्रण होना चाहिए, लोकतांत्रिक व्यवस्था में इसे स्वीकार किया जा सकता है। लेकिन संगठन की ओर से समानांतर व्यवस्था चलाना और शासन में हर स्तर पर हस्तक्षेप शासन की निष्पक्षता को तो खत्म करता ही है, शासन को पंगु भी बना देता है। प्रांत से लेकर ब्लॉक स्तर तक स्थापित वामपंथी व्यवस्था ने ऊपर से नीचे तक प्रशासन को अपना गुलाम बनाने में कामयाब रहा।

## भारत विश्व में सबसे तेज गति से आगे बढ़ती अर्थव्यवस्था बना रहेगा

(प्रह्लाद सबनानी)

भारत में वित्तीय वर्ष 2024-25 की प्रथम तिमाही में सकल घरेलू उत्पाद में कम हुई वृद्धि दर के पीछे कुछ महत्वपूर्ण कारण बताए गए है। प्रथम तो इस तिमाही में लोक सभा चुनाव सम्पन्न हुए हैं जिसके चलते आम जनता ने अपने खर्चे को रोक रखा था। वित्तीय वर्ष 2024-25 की प्रथम तिमाही (अप्रेल-जून 2024) में सकल घरेलू उत्पाद में वृद्धि दर के आंकडें जारी कर दिए गए हैं एवं हर्ष का विषय है कि भारत अभी भी विश्व में सबसे तेज गति से आगे बढ़ती अर्थव्यवस्था बनी हुई है। वित्तीय वर्ष 2024-25 की प्रथम तिमाही में भारत के सकल घरेलू उत्पाद में 6.7 प्रतिशत की वृद्धि दर्ज की गई है। जबकि वित्तीय वर्ष 2023-24 की प्रथम तिमाही (अप्रेल-जून 2023) में 8.2 प्रतिशत की वृद्धि दर दर्ज हुई थी तथा पिछली तिमाही (जनवरी मार्च 2024) में वृद्धि दर 7.8 प्रतिशत की रही थी। भारतीय रिजर्व बैंक ने अप्रेल-जून 2024 तिमाही में 7.1 प्रतिशत की वृद्धि दर का अनुमान लगाया था। पिछले लगातार 5 तिमाही के दौरान भारत के सकल घरेलू उत्पाद में यह सबसे कम वृद्धि दर है। हालांकि चीन में 4.7 प्रतिशत की वृद्धि दर दर्ज हुई है तथा विश्व की अन्य बड़ी अर्थव्यवस्थाओं में वृद्धि दर भारत की तुलना में अभी भी बहुत कम बनी हुई है। भारत में वित्तीय वर्ष 2024-25 की प्रथम तिमाही में सकल घरेलू उत्पाद में कम हुई वृद्धि दर के पीछे कुछ महत्वपूर्ण कारण बताए गए है। प्रथम तो इस तिमाही में लोक सभा चुनाव सम्पन्न हुए हैं जिसके चलते आम जनता ने अपने खर्चे को रोक रखा था। साथ ही, लोकसभा चुनाव के समय केंद्र सरकार एवं राज्य सरकारों द्वारा कोई भी बड़ा निर्णय नहीं लिया जा सकता है जिसके चलते सरकारों को अपने खर्चों को नियंत्रण में रखना होता है, इससे देश की विकास दर पर प्रभाव पड़ता है। दूसरे, इस तिमाही के दौरान देश में अत्यधिक गर्मी के चलते पर्यटन एवं कृषि के क्षेत्र में विकास दर अत्यधिक कम हो गई है। कृषि के क्षेत्र में वित्तीय वर्ष 2024-25 की प्रथम तिमाही में वृद्धि दर केवल 2 प्रतिशत की रही है जो पिछले वर्ष की इसी तिमाही में

> *एक युद्ध तो रूस यूक्रेन के बीच चल रहा है एवं दूसरा इजराईल एवं हम्मास के बीच चल रहा है। इजराईल के साथ युद्ध में तो लेबनान एवं ईरान भी कूदने को तैयार बैठें हैं। साथ ही, यूरोपीयन देशों में कुछ देशों की आर्थिक विकास दर में कमी होती दिखाई दे रही है। जापान एवं अमेरिकी अर्थव्यवस्थाओं में भी विकास दर में कमी आंकी गई है।*

3.7 प्रतिशत की रही थी। परंतु, वित्तीय वर्ष 2024-25 की द्वितीय तिमाही में मानसून ने लगभग पूरे देश में तेज गति पकड़ ली है अतः विभिन्न फसलों के बुआई के क्षेत्र में अच्छी वृद्धि दर्ज हुई है इसलिए वित्तीय वर्ष 2024-25 के द्वितीय एवं तृतीय तिमाही (जुलाई-सितम्बर एवं अक्टोबर-दिसम्बर 2024) में कृषि क्षेत्र में वृद्धि दर के आकर्षक रहने की सम्भावना व्यक्त की जा रही है। खरीफ मौसम की फसल के साथ ही अब रबी मौसम की फसल में भी अच्छी वृद्धि दर रहने की सम्भावना है क्योंकि देश के विभिन्न जलाशयों में पानी के संचयन में भारी वृद्धि दर्ज हुई है, जिसे कृषि क्षेत्र में सिंचाई के लिए उपयोग किया जा सकेगा। इन्हीं कारणों के चलते वैश्विक क्रेडिट रेटिंग एजेन्सी मूडीज ने वित्तीय वर्ष 2024-25 में भारत के आर्थिक विकास दर के अपने अनुमान को बढ़ाकर 7.2 प्रतिशत कर दिया है, मूडीज ने पहिले यह अनुमान 6.8 प्रतिशत का लगाया था। विनिर्माण इकाईयों द्वारा किए गए उत्पादन में अप्रेल-जून 2024 की तिमाही में 7 प्रतिशत की वृद्धि दर्ज हुई है जबकि पिछले वर्ष की इसी तिमाही में 5.7 प्रतिशत की वृद्धि दर्ज हुई थी। निर्माण के क्षेत्र में 8.6 प्रतिशत एवं सेवा के क्षेत्र में 7.1 प्रतिशत की वृद्धि दर्ज हुई है। ट्रेड, ट्रान्स्पोर्ट, होटल, टेलिकॉम की ग्रोथ 5.7 प्रतिशत की रही है। विनिर्माण, निर्माण एवं कोर इंडस्ट्री को मिलाकर बनने वाले सेकेण्डरी सेक्टर में वृद्धि दर बढ़ी है। वित्तीय वर्ष 2023-24 की प्रथम तिमाही में यह 5.9 प्रतिशत की रही थी जो वित्तीय वर्ष 2024-25 की प्रथम तिमाही में बढ़कर 8.4 प्रतिशत की हो गई है। यह वृद्धि दर देश में निजी उपभोग के बढ़ने की ओर इशारा कर रही है। विश्व में बहुत लम्बे समय से चल रहे दो युद्धों के बीच भारत की उक्त आर्थिक विकास दर अच्छी विकास दर ही कही जाएगी। एक युद्ध तो रूस यूक्रेन के बीच चल रहा है एवं दूसरा इजराईल एवं हम्मास के बीच चल रहा है। इजराईल के साथ युद्ध में तो लेबनान एवं ईरान भी कूदने को तैयार बैठें हैं। साथ ही, यूरोपीयन देशों में कुछ देशों की आर्थिक विकास दर में कमी होती दिखाई दे रही है। जापान एवं अमेरिकी अर्थव्यवस्थाओं में भी विकास दर में कमी आंकी गई है। जर्मनी एवं चीन भी अपनी अपनी अर्थव्यवस्थाओं में वृद्धि दर को बढ़ाने हेतु संघर्ष करते हुए दिखाई दे रहे हैं। जापान एवं जर्मनी में यदि विकास की रफ्तार कम होती है एवं भारत की आर्थिक विकास दर यदि इसी रफ्तार से आगे बढ़ती है तो शीघ्र ही भारत, जापान एवं जर्मनी की अर्थव्यवस्थाओं को पीछे छोड़ते हुए विश्व की तीसरी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बन जाएगा। अभी भारत विश्व की पांचवी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था है और जापान एवं जर्मनी ही भारतीय अर्थव्यवस्था से थोड़ा आगे बने हुए हैं।

### अर्थ से सम्बंधित कुछ महत्वपूर्ण क्षेत्रों में भारत सराहनीय प्रगति करता हुआ दिखाई दे रहा है

जैसे - (1) पिछली तिमाही में भारत के निर्यात में 8.7 प्रतिशत की वृद्धि दर्ज हुई है जबकि वैश्विक स्तर पर यह वृद्धि दर केवल एक प्रतिशत की रही है। (2) बैंकों द्वारा प्रदान किए जा रहे ऋणों में लगातार वृद्धि दर 15 प्रतिशत से ऊपर बनी हुई है, विशेष रूप से कृषि के क्षेत्र में ऋण की मांग (जुलाई 2024 में 18.1 प्रतिशत की वृद्धि दर) एवं विनिर्माण के क्षेत्र में ऋण की मांग (जुलाई 2024 में 10.2 प्रतिशत की वृद्धि दर) बनी हुई है। इससे देश की अर्थव्यवस्था के तेज गति से आगे बढ़ने के स्पष्ट संकेत दिखाई दे रहे हैं। (3) वित्तीय वर्ष 2024-25 में जुलाई 2024 माह के अंत तक समाप्त अवधि के दौरान केंद्र सरकार की कुल आय 10.23 लाख करोड़ रुपए की रही है। यह वित्तीय वर्ष 2024-25 के आय के कुल बजट का 31.9 प्रतिशत है और इसमें 7.15 लाख करोड़ रुपए की करों की मद से आय तथा 3.01 लाख करोड़ रुपए की अन्य मदों से आय भी शामिल है। (4) इस दौरान केंद्र सरकार का राजकोषीय घाटा भी नियंत्रण में रहा है एवं यह 2.77 लाख करोड़ रुपए तक सीमित रहा है जो वित्तीय वर्ष 2024-25 के कुल बजटीय घाटे का केवल 17.2 प्रतिशत ही है। (5) इसी प्रकार विदेशी मुद्रा भंडार भी 23 अगस्त 2024 को समाप्त हुए सप्ताह में 702 करोड़ अमेरिकी डॉलर से बढ़कर 68,168 करोड़ अमेरिकी डॉलर के नए रिकार्ड उच्च स्तर पर पहुंच गया है। पिछले सप्ताह में भी विदेशी मुद्रा भंडार 454 करोड़ अमेरिकी डॉलर से बढ़कर 67,466 करोड़ अमेरकी डॉलर के स्तर पर पहुंच गया था। (6) जुलाई 2024 माह में 8 कोर सेक्टर (कोयला, कच्चा तेल, प्राकृतिक गैस, रिफाइनरी प्रोडक्ट, उर्वरक, इस्पात, सिमेंट एवं बिजली उत्पादन के क्षेत्र) में वृद्धि दर 6.1 प्रतिशत की रही है जो जून 2024 माह में 5.1 प्रतिशत की रही थी।

## चीन के मुकाबले अब कहां है भारतीय इकॉनमी

(चंद्रभूषण)

ग्लोबलाइजेशन की लहर बीते कुछ सालों में थम गई है। हर देश में अपना-अपना देखने, दूसरों के कारोबार में अड़ंगा लगाने की प्रवृत्ति दिखाई पड़ रही है। कोविड महामारी का दौर थमते ही दो-दो लड़ाइयों ने मुद्रास्फीति बढ़ा दी है और इसके असर से विदेश-व्यापार और पर्यटन पर निर्भर कुछ देश दिवालिया होने की तरफ बढ़ गए हैं। पड़ोस में श्रीलंका और बांग्लादेश में संपूर्ण अराजकता की स्थिति हमने देखी है और पाकिस्तान इसके बिल्कुल मुहाने पर पहुंच कर वापस लौटा है। इन हालात को देखते हुए भारत का आर्थिक प्रदर्शन अपेक्षाकृत अच्छा कहा जाएगा। भारत अभी दुनिया का अकेला ऐसा देश है, जिसकी रूस और अमेरिका-यूरोपीय संघ से समान मैत्री है। हाल तक यूरोप अपनी ईंधन जरूरतों के लिए काफी हद तक रूस पर ही निर्भर करता था लेकिन रूस-यूक्रेन युद्ध शुरू होने के बाद से पश्चिमी देशों ने रूस के तेल निर्यात पर कई तरह के प्रतिबंध लगा दिए। वहीं, पिछले ढाई वर्षों में रूस से भारी मात्रा में कच्चा तेल खरीद कर भारत अपने विशाल तेल परिशोधन ढांचे के बल पर यूरोप और अफ्रीका को पेट्रोल-डीजल का निर्यात कर रहा है। इधर, एक अर्से से भारत के सकल घरेलू उत्पाद में इन्फ्रास्ट्रक्चर डिवेलपमेंट का योगदान बहुत ज्यादा रहा है। सरकारी और निजी, दोनों तरह की पूंजी सड़क, रेलवे, बिजलीघर, बंदरगाह, रिफाइनरी, हवाई अड्डे, गोदाम और कोल्ड स्टोरेज वगैरह बनाने में जुटी है। इनमें रिफाइनरीज के लिए अभी छप्पर फाड़कर कमाई करने का वक्त है। दुनिया में ग्रोथ की तीन प्रमुख रणनीतियां अभी तक देखी गई हैं। 1930 के दशक में अमेरिका ने, 1990 के दशक में यूरोपीय संघ ने, इस सदी के पहले दो दशकों में चीन ने और दसेक वर्षों से भारत ने भी 'इन्फ्रास्ट्रक्चर लेड ग्रोथ' का रास्ता अपनाया है। उसके पहले भारत की ग्रोथ 'कंजम्प्शन लेड', उपभोग आधारित मानी जाती थी, जबकि सन 2000 से 2020 तक दिखी चीन जैसी 'एक्सपोर्ट लेड ग्रोथ' हमारा सपना है। दुनिया भर में आर्थिक वृद्धि और विकास की रणनीतियों पर पुनर्विचार जारी है, क्योंकि हाल तक इस बारे में जो अनुमान लगाए गए थे, पिछले सात-आठ वर्षों में संरक्षणवाद, महामारी और लड़ाइयों के इर्दगिर्द बनी गुटबंदी ने उनका भट्ठा बिठा दिया है। इस दिशा में सबसे चर्चित पूर्वानुमान पीडब्ल्यूसी का माना जाता है, जिसने 2016 में अगले 34 वर्षों के लिए, यानी सन 2050 तक के लिए कुछ आर्थिक भविष्यवाणियां की थीं। इसके लिए उसने जी7 के मुकाबले ई7 नाम की एक अलग, अघोषित श्रेणी खड़ी की थी। इमर्जिंग-7 नाम की इस श्रेणी में चीन, भारत, रूस, इंडोनेशिया, ब्राजील, मेक्सिको और तुर्किए को शामिल किया गया था। इस आकलन में ई7 की जीडीपी वृद्धि दर जी7 (अमेरिका, जापान, जर्मनी, ब्रिटेन, फ्रांस, इटली और कनाडा) की दोगुनी बताते हुए आंकड़ा पेश किया गया था कि 1995 में जी7 का कुल जीडीपी जी 7 का आधा था, 2015 में दोनों लगभग बराबर हो गए थे और 2040 आते-आते जी7 का सम्मिलित घरेलू उत्पादन जी7 की तुलना में दोगुना हो जाएगा। शर्त सिर्फ एक थी कि जी7 के देश इस दौरान अपनी ढांचागत स्थिरता बचा ले जाएं। इस रिपोर्ट में ही बताया गया था कि 2050 में दुनिया के 20जी जीडीपी के साथ चीन पहले स्थान पर, 15जी जीडीपी के साथ भारत दूसरे स्थान पर और 12जी जीडीपी के साथ अमेरिका विश्व अर्थव्यवस्था में तीसरे स्थान पर होगा। इस रिपोर्ट की अटकलें सच्चाई के कितने करीब जा रही हैं, इसका अंदाजा इस बात से लगाया जा सकता है कि इसमें 2025 पार करते-करते चीनी अर्थव्यवस्था के अमेरिका से आगे निकल जाने का अनुमान लगाया गया था। लेकिन अमेरिका का जीडीपी अभी 29 ट्रिलियन डॉलर से थोड़ा कम है, जबकि चीन का जीडीपी18.5 ट्रिलियन डॉलर से थोड़ा ज्यादा। भारत के जीडीपी को लेकर 2025 की अटकल 5.6 ट्रिलियन डॉलर की थी, जो अभी 4 ट्रिलियन तक भी नहीं पहुंचा है।

### सुडोकू पहेली क्रमांक- 5482

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | 9 | 6 | | 4 | | | 3 | |
| | 5 | 7 | 8 | 2 | | | | |
| 1 | | | 9 | | | 5 | | |
| | | 9 | | 1 | | | | 8 |
| 5 | | | | | | | | 2 |
| 4 | | | | 9 | | 6 | | |
| | | 4 | | | 3 | | | 1 |
| | | | | 7 | 9 | 2 | 6 | |
| | 2 | | | 5 | | 9 | 8 | |

नियम : प्रत्येक पंक्ति में 1 से 9 तक अंक भरे जाने आवश्यक हैं, इनका क्रमवार होना आवश्यक नहीं है। आड़ी व खड़ी पंक्ति में एवं 3x3 के वर्ग में अंक की पुनरावृत्ति न हो, पहले से मौजूद अंकों को आप हटा नहीं सकते।

### सुडोकू पहेली क्र. 5481

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 2 | 3 | 5 | 6 | 4 | 7 | 9 | 8 | 1 |
| 1 | 8 | 9 | 5 | 3 | 2 | 4 | 7 | 6 |
| 7 | 4 | 6 | 8 | 9 | 1 | 2 | 5 | 3 |
| 4 | 5 | 1 | 9 | 7 | 8 | 3 | 6 | 2 |
| 3 | 6 | 8 | 1 | 2 | 5 | 7 | 9 | 4 |
| 9 | 7 | 2 | 3 | 6 | 4 | 5 | 1 | 8 |
| 6 | 9 | 7 | 4 | 1 | 3 | 8 | 2 | 5 |
| 8 | 1 | 3 | 2 | 5 | 9 | 6 | 4 | 7 |
| 5 | 2 | 4 | 7 | 8 | 6 | 1 | 3 | 9 |

### वर्ग पहेली 5482

**संकेतः बाएं से दाएं**

1. सिखों के आदि गुरू जिनका मूलनाम भाई लहनासिंह था (1539-1532) (5)
5. प्रसिद्ध पुस्तक डिवाइन कॉमेडी के इस लेखक की कृति है (2)
7. नाक में झूलने वाला एक प्रकार का गहना, लटकने का भाव (4)
8. किसी वस्तु का ऊपरी भाग या विस्तार, लेबल (3)
9. पावित्र, पाक, शुद्ध (3)
11. ईर्ष्या, जलन (2)
12. शक, संदेह, भ्रम (3)
13. सड़क मार्ग (अंगेजी)(2)
15. मेहनताना, पारिश्रमिक शुल्क (4)
17. कामना, प्रार्थना (उर्दू)(4)
20. पुरानी फिल्मों को प्रसिद्ध गीतकार जो संगीतकार शंकर जयकिशन के पसंदीदा गीतकार थे (8)

**ऊपर से नीचे**

1. उद्यान, वाटिका, वर्तमान के प्रसिद्ध गीतकार (4)
2. जड़, मूल (अंग्रेजी)(2)
3. संख्या का चिन्ह, रूपक का एक प्रकार (2)
4. बंदूक की गोली का चूर्ण अंग्रेजी में यह कहते है (6)
5. रद, दंत (2)
6. यह ईरान देश की राजधानी है (4)
8. प्रेमी, साजन, बलमा (3)
10. परोक्ष व्यक्ति के संकेत का शब्द, बातचीत में दूर स्थित (2)
13. व्यापार, तिजारत, काम-धंधा (4)
14. अत्यंत सूक्ष्म गोलाकार निशान, पुरानी फिल्मों की एक अभिनेत्री (1969 से 1985 तक)(2)
16. शिष्टता, सभ्यता, अदब, शिष्टाचार (3)
18. सबके अंत में होने वाला, अंतिम (3)
19. दुख, पीड़ा, शोक, पश्यताप आदि को बतलाने वाला अव्यय (2)

### वर्ग पहेली 5481 का हल

| | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| ओ | म | पु | री | | औ | स | त |
| ह | म | रा | ज | | ला | | क्ष |
| दा | | त | न | ब | द | न | |
| | फ | न | | दी | | व | य |
| सु | त | | घा | | ता | जी | म |
| ब | ह | क | ना | | जा | व | क |
| क | | त | | सी | | न | |
| ना | म | र | ख | ना | | | सा |

## आज का राशिफल

### मेष
आज करियर में लाभ होगा और दिन आनंद में बीतेगा। दोपहर तक आपको हर्षवर्धक शुभ समाचार भी मिल सकता है। आपके सम्मान में वृद्धि होगी और रुके कार्य पूर्ण होंगे। शाम के वक्त कोई मिलने आपके घर आ सकता है। चिर प्रतीक्षित अतिथि के आगमन से हर्ष होगा रात में किसी मांगलिक कार्य में शामिल होने से आपको सुख मिलेगा।

### वृष
आज करियर में दिन सफलता से भरा होगा। आपकी सफलता से आपके साथियों का मूड कुछ बिगड़ सकता है, सावधान रहें और अपने काम पर फोकस करें। आप अपने अच्छे व्यवहार से माहौल को सामान्य बनाने में सफल होंगे और आपके सम्मान में वृद्धि होगी। रात में परिवार के किसी समस्य की सेहत बिगड़ने से आपकी दौड़भाग होगी।

### कर्क
आज दिन लाभ और सफलता से भरा होगा और आपके लिए भागदौड़ व अधिक खर्चे की स्थिति आ सकती है। किसी संपत्ति को बेचने से पहले उसके बारे में सभी पहलू जांच लें। सारे वैधानिक पहलुओं पर गंभीरता से विचार कर लें। शाम के समय आपकी व्यस्तता कम होगी और आप परिवार के लोगों के साथ थोड़ा वक्त निकाल पाएंगे।

### सिंह
आज भाग्य साथ दे रहा है और आपको यात्रा में लाभ होगा। बिजनस में बढ़ती प्रॉग्रेस से काफी खुशी होगी। विद्यार्थियों को मानसिक बौद्धिक भार से छुटकारा मिलेगा। शाम के वक्त आपको कहीं जाने का मन करेगा। घूमने फिरने के दौरान कोई महत्वपूर्ण जानकारी मिल सकती है। आपका दिमाग भी रिलेक्स होगा। माता-पिता की सलाह-आशीर्वाद उपयोगी सिद्ध होगी।

### मिथुन
आज भाग्य साथ देगा और आपके लिए लाभ व सफलता के योग बने हैं। अकस्मात बड़ी मात्रा में धन की प्राप्ति होने से आपके कोष में वृद्धि होगी। व्यावसायिक योजनाओं को गति मिलेगी। मान प्रतिष्ठा की वृद्धि होगी। शीघ्रता और भावुकता में लिया गया निर्णय आगे चलकर आपके लिए दुख का कारण बन सकता है। सावधान रहें।

### कन्या
आज भाग्य साथ दे रहा है। व्यवसायिक क्षेत्र में मन के अनुकूल लाभ होने से आपको हर्ष होगा। आर्थिक स्थिति पहले की तुलना में बेहतर होगी और आपके सम्मान में वृद्धि होने से आपका मन प्रसन्न होगा। व्यवसाय परिवर्तन की योजना बन रही है।

### तुला
आज दिन लाभ और सफलता से भरा होगा। पिता के आशीर्वाद और उच्चाधिकारियों की कृपा से आपको किसी बहुमूल्य वस्तु की प्राप्ति होगी और आपकी अभिलाषा पूर्ण होगी। व्यस्तता अधिक रहेगी, व्यर्थ व्यय से बचें। सांयकाल से लेकर रात्रिपर्यन्त शीघ्रगामी वाहनों के प्रयोग से सावधानी बरतें। किसी महान पुरुष के मिलने से आपको लाभ होगा।

### वृश्चिक
आज लाभ होगा और आपके लिए सफलता के रास्ते खुलेंगे और मन के अनुसार कई कार्य पूर्ण होने से आपको खुशी होगी। क्रोध पर काबू रखें। घर की समस्या सुलझ जाएगी। राजकीय मदद भी मिलेगी। सूर्यास्त के समय अचानक लाभ होने के योग हैं और आपके धन सम्मान में वृद्धि होने से आपका मन प्रसन्न होगा। कारोबार से जुड़ी योजनाएं सफल होंगी।

### मकर
आज दिन लाभ से भरा होगा और आपका आर्थिक पक्ष मजबूत होकर आपके धन सम्मान में वृद्धि होगी। आपका रुका हुआ हर काम सिद्ध होगा और यात्राओं पर सफलता मिलने के योग हैं। वाणी पर संयम न रखने से विपरीत परिस्थितियों का सामना करना पड़ सकता है। शाम को आपकी प्रियजनों से भेंट होगी और आपके आनंद में वृद्धि होगी। सैर सपाटे मौज मस्ती का अवसर प्राप्त होगा।

### कुंभ
आज दिन खर्च वाला रहेगा। गृहोपयोगी वस्तुओं पर आपका काफी खर्च हो सकता है। सांसारिक सुख भोग के साधनों में वृद्धि होगी। आपको किसी अधीनस्थ कर्मचारी या किसी रिश्तेदार की वजह से तनाव हो सकता है। धन के लेन-देन में सावधानी बरतें, धन फंस सकता है। कोर्ट कचहरी के चक्कर काटने पड़ सकते हैं जिसमें अन्ततः आपकी विजय हो जाएगी।

### धनु
आज लाभ होगा और सभी कार्य में आपको आशातीत सफलता मिलेगी। संतान के प्रति दायित्व पूर्ण होंगे और आपका मन भी खुश रहेगा। प्रतिस्पर्धा के क्षेत्र में आगे बढ़ेंगे और आपके रुके कार्य भी पूर्ण होंगे। शाम का वक्त घर के जरूरी कार्य पूरे करने में बीतेगा और रात में दोस्तों के साथ सैर सपाटे का मजा लेंगे। खान-पान का विशेष ध्यान नियंत्रण रखें तो मन खुश रहेगा।

### मीन
आज शिक्षा व प्रतियोगिता के क्षेत्र में विशेष उपलब्धि के योग हैं। आय के नये स्रोत बनेंगे और कार्यक्षेत्र में आपको सम्मान प्राप्त होने से मन खुश होगा। भागदौड़ अधिक रहने से आप पर मौसम का विपरीत प्रभाव पड़ सकता है, सावधान रहें। जीवनसाथी का सहयोग आपको पर्याप्त मात्रा में मिलेगा। यात्रा, देशाटन की स्थिति से लाभ होगा और सफलता मिलेगी। सुखद व लाभप्रद रहेगी।

स्वामी, प्रकाशक, मुद्रक एवं संपादक श्रीराम अम्बष्ट द्वारा भास्कर प्रिंटिंग प्रेस, (डी वी कार्पो. लि.) उड़ान टोला, दानापुर कैंट, शिवाला रोड, खगौल, पटना में मुद्रित एवं सोन वर्षा वाणी बिल्डिंग, क्लब रोड, औरंगाबाद (बिहार) से प्रकाशित
संपादक- श्रीराम अम्बष्ट, उप संपादक- साकेत अम्बष्ट फोन/फैक्स-०6186-226116 मो.-9934957121, E-mail : sonevershavani@gmail.com, RNI-BIHHIN/1998/3009

# कांग्रेस झूठ पर जिंदा है, कांग्रेस के नेता जनता के लिए नहीं, एक परिवार के लिए वफादार : नायब सिंह सैनी

**चंडीगढ़, एजेंसी।** नीलोखेड़ी की तरावड़ी अनाज मंडी में 'म्हारा हरियाणा नॉन स्टॉप हरियाणा' जन आशीर्वाद रैली में मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने कांग्रेस पर जोरदार हमला बोला। उन्होंने कहा कि कांग्रेस के डीएनए में ही झूठ बोलना है। झूठ बोलकर ये जनता के वोट लेते हैं और फिर जनता का शोषण करते हैं। नायब सिंह सैनी ने कहा कि कांग्रेस पार्टी झूठ पर जिंदा है। कांग्रेस पार्टी और इसके नेता सिर्फ एक परिवार के लिए वफादार हैं, ये लोग देश और जनता के लिए कभी भी वफादार नहीं हो सकते। हाल ही में जम्मू कश्मीर में नेशनल कांफ्रेंस के साथ हुए गठबंधन ने कांग्रेस की पोल खोल कर रख दी है। कांग्रेस ने वहां आतंकवादियों को सम्मान देने की बात कही है, इसे मेनिफेस्टो में भी दर्ज किया है।

नायब सिंह सैनी ने कहा कि हरियाणा वीरों की भूमि है, लगभग 10 प्रतिशत सैनिक हरियाणा से हैं। ये जवान अपनी जान की बाजी लगाकर आतंकवादियों से लोहा लेते हैं और कांग्रेस उन्हीं आतंकवादियों को सम्मान देने की बात कर रही है। नायब सिंह सैनी ने कहा कि मैं राहुल गांधी और भूपेंद्र सिंह हुड्डा से पूछना चाहता हूं कि क्या देश के जवान को एक तरफ रखकर वे आतंकवादियों को सम्मान देने के पक्षधर हैं। हरियाणा के सैनिक जवान कांग्रेस को कभी माफ नहीं करेंगे। जन आशीर्वाद रैली में जुटी हजारों की भीड़ देखकर नायब सैनी गदगद हो गए और उत्साहित नजर आए। नायब सैनी ने कहा कि यहां आए हजारों लोगों के हुजूम ने स्पष्ट कर दिया है कि इस बार नीलोखेड़ी से एक कमल खिलकर चंडीगढ़ जा रहा है। रैली में पहुंची मातृशक्ति ने मोहर लगा दी है कि नीलोखेड़ी से कमल खिलेगा। मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने कहा कि कांग्रेस के पास न कहने को कुछ है न बोलने को। जब कुछ नहीं बचा तो भूपेंद्र सिंह हुड्डा और उनके बेटे हिसाब मांगों यात्रा लेकर निकल पड़े। नायब सैनी ने शायराना अंदाज में कांगेस पर कटाक्ष किया कि 'दिल में कसक है, चेहरे पर नकाब लिए फिरते हैं, जिनके खुद के खाते खराब हैं, वो हमारा हिसाब लिए फिरते हैं'। रैली में पूर्व विधायक भगवान दास कबीरपंथी, जिलाध्यक्ष योगेंद्र राणा, अलीगढ़ के सांसद और करनाल प्रभारी सतीश गौतम, जिला प्रभारी भारत भूषण, मीना चौहान, गुरमेश गोंदर, स्वच्छ भारत मिशन के चेयरमैन सुभाष चंद्र, हरियाणा स्टाफ सेलेक्शन कमीशन के सदस्य रहे अमरनाथ सौदा, नगर निगम चेरयमैन रेनू बाला, कृष्ण गर्ग, राजबीर शर्मा, शिवनाथ कपूर, प्रवीण गुप्ता, महिपाल राणा, नरेश बंसल, संजय राणा, राजेश सैनी आदि मौजूद रहे। 'म्हारा हरियाणा नॉन स्टॉप हरियाणा' जन आशीर्वाद रैली में मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने कहा कि हम तो हर साल जनता के बीच में जाकर हिसाब देते हैं, लेकिन भूपेंद्र सिंह हुड्डा भी 10 साल मुख्यमंत्री रहे हैं, वे भी अपना हिसाब दें। जनता को बताएं कि किस तरह कांग्रेस के राज में दलितों की बस्तियों को फूंका गया, दलितों को पलायन के लिए क्यों मजबूर किया गया। किसानों की जमीन क्यों दामाद को खुश करने के लिए लूटी गई, किसानों पर गोलियां क्यों चलाई गई, पेंशन 500 रुपये से ज्यादा क्यों नहीं बढ़ाई गई। नायब सिंह नै कहा कि ऐसे बहुत से सवाल हैं, जिनका जवाब न तो भूपेंद्र सिंह हुड्डा के पास है और न ही पूरी कांग्रेस पार्टी के पास। हरियाणा की जनता कांग्रेस और भूपेंद्र सिंह हुड्डा को कभी माफ नहीं करेगी।



मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने कहा कि कांग्रेस के शासन में बुजुर्ग पेंशन बनवाने के लिए धक्के खाते थे, पेंशन बन भी जाती थी तो अधिकारियों को खर्ची देनी पड़ती थी। हुड्डा बताएं कि कितनी पेंशन अपने कार्यकाल में बनवाई। कर्मचारियों के ट्रांसफर में भ्रष्टाचार होता था, आज एक बटन से कर्मचारी ट्रांसफर ले सकते हैं, हमने लाखों लोगों के आयुष्मान कार्ड बनवाए। चिरायु योजना चलाकर गरीब लोगों का इलाज करवाने की मुफ्त सुविधा दी। लेकिन कांग्रेस के शासन में ऐसी कोई योजना नहीं थी।

## संक्षिप्त समाचार

### भाजपा सरकार में आप नेता का प्रमोशन! नौकरी छोड़ने के 9 साल बाद हेड कांस्टेबल बनाए जाने का दावा



**अहमदाबाद, एजेंसी।** गुजरात आम आदमी पार्टी (आप) के प्रमुख नेता गोपाल इटालिया ने दावा किया है कि नौकरी छोड़ने के सालों बाद गुजरात पुलिस में उनका प्रमोशन कर दिया गया है। गोपाल इटालिया ने अहमदाबाद पुलिस की ओर से जारी कुछ दस्तावेजों को एक्स पर साझा करते हुए दावा किया कि प्रमोट किए गए पुलिसकर्मियों में उनका नाम भी शामिल है। उन्होंने इसको लेकर गुजरात के गृहमंत्री हर्ष सांघवी पर तंज भी कसा।
गोपाल इटालिया ने एक्स पर लिखा, 'मैंने वर्ष-2015 में गुजरात पुलिस से इस्तीफा दे दिया था। मैं 8वीं पास गृह मंत्री हर्ष सांघवी को धन्यवाद देना चाहता हूं कि उन्होंने इस वर्ष कांस्टेबल से हेड कांस्टेबल की पदोन्नति सूची में मेरा नाम नंबर-726 पर शामिल करके मुझे हेड कांस्टेबल बना दिया।'
अहमदाबाद पुलिस की ओर से अभी तक इस पर कोई प्रतिक्रिया सामने नहीं आई है।
राजनीति में आने से पहले इटालिया गुजरात पुलिस में काम कर चुके हैं। वह लोकरक्षक दल के जवान थे और कॉन्ट्रैक्ट पर नौकरी की थी। 2015 में गुजरात के पाटीदार आंदोलन का अहम चेहरा रहे गोपाल इटालिया ने गुजरात में राजस्व क्लर्क के रूप में भी कॉन्ट्रैक्ट पर काम किया। 2017 में इटालिया ने गुजरात के मंत्री प्रदीप सिंह जडेजा पर विधानसभा के बाहर जूता उछाल दिया था। इसके बाद उन्हें नौकरी से निकाल दिया गया था। इटालिया 2020 में आम आदमी पार्टी में शामिल हुए और जल्द ही पार्टी का चेहरा बन गए।

### स्वीपर बनने को ही लगी होड़; 46 हजार ग्रेजुएट और पीजी डिग्री धारी भी रेस में उतरे



**चंडीगढ़, एजेंसी।** हरियाणा में बेरोजगारी किस कदर हावी है इसकी ताजा बानगी सफाई कर्मचारी की भर्ती में देखने को मिली है। महज 15 हजार रुपये की सैलरी वाले हरियाणा कौशल रोजगार निगम में संविदा सफाई कर्मचारी पदों के लिए 46,000 से अधिक ग्रेजुएट और पोस्ट ग्रेजुएट छात्रों ने आवेदन किया है। हरियाणा कौशल रोजगार निगम (एचकेआरएन) के आकड़ों के अनुसार, छह अगस्त से दो सितंबर के बीच लगभग 39,990 स्नातक और 6,112 से अधिक स्नातकोत्तर उम्मीदवारों ने आवेदन किया है। इसके अलावा 12वीं पास 1,17,144 लोगों ने भी इस पद के लिए आवेदन किया है। एक अधिकारी ने बताया कि एचकेआरएन पूल के माध्यम से सरकारी विभाग, बोर्ड और निगमों में नियुक्त एक संविदा सफाई कर्मचारी को लगभग 15,000 रुपये प्रति माह का भुगतान किया जाएगा। अधिकारियों का कहना है कि इस पद के लिए आवेदन करने में किसी भी प्रकार की गलतफहमी की संभावना नहीं है। नौकरी के विवरण में स्पष्ट रूप से कार्य की प्रकृति को दर्शाया गया है। एचकेआरएन वेबसाइट पर आवेदन करते समय उम्मीदवारों को एक घोषणा पत्र देना होता है, जिसमें वे यह सुनिश्चित करते हैं कि उन्होंने नौकरी का विवरण ध्यान से पढ़ा है।



## बदलापुर की घटना पर महाराष्ट्र के मुख्यमंत्री और गृह मंत्री क्यों चुप हैं : संजय राउत

**मुंबई, एजेंसी।** शिवसेना (यूबीटी) नेता संजय राउत ने बुधवार को बदलापुर यौन शोषण मामले को लेकर महाराष्ट्र सरकार पर निशाना साधा। उन्होंने कहा, बदलापुर की घटना पर विपक्ष तो बात कर रहा है, लेकिन मुख्यमंत्री और गृह मंत्री इस पर कुछ नहीं बोल रहे हैं। संजय राउत ने कहा, बदलापुर के जिस स्कूल में यह घटना हुई है, उस संस्था के प्रमुख भी इन्हीं के हैं। एक कोतवाल के खिलाफ एफआईआर दर्ज की गई, लेकिन उसे गिरफ्तार नहीं किया गया है। स्कूल से सीसीटीवी फुटेज किसने गायब किया क्या सिर्फ एक सिपाही को बचाने के लिए या उसके पीछे के रहस्यों को छुपाने के लिए ऐसा किया जा रहा है।

उन्होंने बंगाल की घटना का जिक्र करते हुए कहा, ममता दीदी के खिलाफ भाजपा ने एक आंदोलन किया। अस्पताल में जो दुर्घटना हुई है, उसके बाद पुलिस एक्शन में आई और उन्होंने आरोपी को गिरफ्तार किया। अब वहां की सरकार ने आरोपी को सजा दिलाने के लिए एक कानून भी बनाया है। लेकिन, भाजपा ने 15 दिनों तक पश्चिम बंगाल में कानून व्यवस्था की धज्जियां उड़ाई। वहां हिंसा हुई और इसका जिम्मेदार कौन है।

संजय राउत ने कहा, महाराष्ट्र की बात करें तो बदलापुर की घटना के बाद पूरा महाराष्ट्र सड़कों पर उतरा था, लेकिन कोर्ट के माध्यम से उस आंदोलन पर रोक लगाई गई। सरकार ने क्या किया? अक्षय शिंदे एक आरोपी है, उसको पकड़ा तो है मगर जिस संस्था में यह घटना हुई है वहां सीसीटीवी फुटेज गायब है। इसका मतलब साफ है कि उन्होंने अपराधियों का बचाव किया।

## नीतीश कुमार और तेजस्वी यादव की हुई मुलाकात, बिहार का सियासी तापमान बढ़ा

**पटना, एजेंसी।** बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार और विपक्ष के नेता तथा पूर्व उपमुख्यमंत्री तेजस्वी यादव के बीच लंबे समय के बाद हुई मुलाकात को लेकर प्रदेश का सियासी तापमान बढ़ गया है। दरअसल, मुख्यमंत्री मंगलवार को मुख्य सचिवालय पहुंचे थे। कुछ देर के बाद राजद नेता तेजस्वी यादव भी वहां पहुंचे। इसके बाद बिहार की राजनीति में तरह-तरह की चर्चा होने लगी। हालांकि, यह मुलाकात काफी लंबे समय तक नहीं चली, फिर भी प्रदेश की सियासत गर्म हो गई। कई तरह के कयास लगाए जाने लगे। सूत्रों का कहना है कि सूचना आयुक्त की नियुक्ति होनी है, जिसमें विपक्ष के नेता की भी सहमति ली जाती है। मुख्यमंत्री नीतीश कुमार से मुलाकात के बाद तेजस्वी यादव जब बाहर निकले तो उन्होंने खुद ही स्थिति सामने रख दी। उन्होंने पत्रकारों को बताया कि कुछ नियुक्तियां होनी है, जिस पर चर्चा हुई है। हालांकि, उन्होंने यह भी कहा कि सरकार इसकी विधिवत जानकारी देगी।

## जम्मू-कश्मीर जमात-ए-इस्लामी ने आधिकारिक तौर पर किया निर्दलीय उम्मीदवार का समर्थन

**श्रीनगर, एजेंसी।** जमात-ए-इस्लामी संगठन ने अपनी नीतियों में एक बड़े बदलाव के तहत मंगलवार को 37 साल बाद जम्मू-कश्मीर में चुनाव प्रक्रिया में शामिल होते हुए एक निर्दलीय उम्मीदवार को अपना समर्थन देने की आधिकारिक घोषणा की। जमात ने 1987 में अंतिम बार मुस्लिम यूनाइटेड फ्रंट (एमयूएफ) के बैनर तले समान विचारधारा वाले राजनीतिक दलों के साथ गठबंधन करके विधानसभा चुनाव लड़ा था। उसके बाद से जमात ने जम्मू-कश्मीर में चुनावों का बहिष्कार किया है। इस बीच 1989 में राज्य अलगाववादी हिंसा की चपेट में आ गया था। शोपियां जिले के जैनपोरा विधानसभा क्षेत्र में एक स्वतंत्र उम्मीदवार एजाज अहमद मीर को अपना समर्थन दिया है। जमात के वरिष्ठ सदस्य शमीम अहमद थोकर ने कुछ पत्रकारों को बताया कि संगठन ने आधिकारिक तौर पर जैनपोरा निर्वाचन क्षेत्र में स्वतंत्र उम्मीदवार एजाज अहमद मीर को समर्थन दिया है।

## ममता सरकार के खिलाफ बंगाली कलाकारों का आक्रोश, अब शुरू हुआ अवॉर्ड लौटाने का सिलसिला

**कोलकाता, एजेंसी।** कोलकाता के आरजी कर अस्पताल में महिला ट्रेनी डॉक्टर से रेप और हत्या का ममाला सामने आने के बाद पश्चिम बंगाल की ममता सरकार के खिलाफ गुस्सा इस कदर बढ़ गया है कि बंगाली मनोरंजन जगत के प्रमुख कलाकार अपने-अपने अवॉर्ड लौटाने लगे हैं। इस मामले को लेकर बंगाल में सियासी माहौल गरमा गया है। इस घटना ने पूरे राज्य में आक्रोश पैदा कर दिया है। आम हो या खास कई लोग डॉक्टरों के साथ मिलकर सड़कों पर उतर आए हैं। अब बंगाली फिल्म और थियेटर के कलाकार भी इस विरोध में अपनी आवाज बुलंद कर रहे हैं। सुदीप्त चक्रवर्ती, चंदन सेन और बिप्लब बनर्जी जैसे मझे हुए कलाकारों ने राज्य सरकार से मिले अवॉर्ड को वापस करना शुरू कर दिया। उनका कहना है कि सरकार ने जनता की भावनाओं और न्याय की मांग को नजरअंदाज किया है, जिससे वे बेहद आहत हैं।





ममता सरकार के खिलाफ हो रहे विरोध प्रदर्शन पर टीएमसी विधायक कंचन मलिक ने टिप्पणी करते हुए कहा कि जो कलाकार राज्य सरकार के खिलाफ विरोध प्रदर्शन कर रहे हैं, उन्हें राज्य सरकार से मिले सम्मान को वापस कर देना चाहिए। कंचन मलिक के इस बयान के बाद बंगाली कलाकारों का गुस्सा फूटा है।

राष्ट्रीय पुरस्कार विजेता अभिनेत्री सुदीप्तो चक्रवर्ती ने स्पेशल फिल्म अवार्ड लौटाने का फैसला किया है। अपने इस फैसले को लेकर उन्होंने कहा, मैंने कभी किसी से समझौता नहीं किया और न ही करूंगी। जब विधायक ने कहा कि जो लोग सड़कों पर उतर रहे हैं, उन्हें अपने अवॉर्ड वापस कर देने चाहिए, तो मैंने फौरन ये फैसला कर लिया। सुदीप्तो ने सोशल मीडिया पर अपनी नाराजगी जाहिर करते हुए लिखा, मैं सड़क पर खड़ी रहूंगी और न्याय की मांग करती रहूंगी - कानूनी और सामाजिक, दोनों रूपों में। वहीं मशहूर नाटककार चंदन सेन ने तृणमूल कांग्रेस के विधायक कंचन मलिक के बयान से आहत होकर दीनबंधु मित्र पुरस्कार लौटाने का ऐलान किया है। 2017 में थिएटर के क्षेत्र में उत्कृष्ट योगदान के लिए इस पुरस्कार को प्राप्त कर चुके चंदन सेन ने कहा कि उनके पिता सरकारी अस्पताल में डॉक्टर थे और वे डॉक्टरों के दर्द को अच्छी तरह से समझते हैं।

## कार में लड़की संग रंगरेलियां मना रहा था पुलिसकर्मी, नशे में धुत थे दोनों; लोग बनाने लगे वीडियो

**गाजियाबाद एजेंसी।** गाजियाबाद के विजयनगर में एक युवती के साथ रंगरेलियां मनाते हेड कांस्टेबल का वीडियो वायरल होने के बाद उसे सस्पेंड कर दिया गया है। एक कार के अंदर जब ये दोनों अश्लील हरकतें कर रहे थे तो लोगों ने इसका वीडियो बना लिया।

विजयनगर थानाक्षेत्र में एनएच-9 पर कार में एक युवती के साथ रंगरलियां मना रहे हेड कांस्टेबल का वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो गया। नशे में धुत पुलिसकर्मी सड़क किनारे रुका तो उसकी गाड़ी से नशे में धुत्त एक महिला नीचे आ गिरी। यह नजारा देखकर जैसे ही भीड़ इकट्ठा हुई तो महिला गाड़ी में बैठ गई और हेड कांस्टेबल मौके से फरार हो गया। अधिकारियों का कहना है कि पुलिसकर्मी की पहचान कर ली गई है। मंगलवार दोपहर करीब दो बजे विजयनगर थानाक्षेत्र में एनएच-नौ पर उस वक्त हड़कंप मच गया, जब एक कार रुकी। कार के अंदर से नशे में धुत्त एक लड़की नीचे आ गिरी। लोगों ने कार की ड्राइविंग सीट पर देखा तो उस पर पुलिस की वर्दी में हेड कांस्टेबल नशे में धुत बैठा हुआ था। स्थानीय लोगों ने पुलिसकर्मी और महिला की वीडियो बना लिया और उसे सोशल मीडिया पर वायरल कर दिया।

सूचना पाकर ट्रैफिक पुलिस के जवान भी मौके पर पहुंच गए। तब तक लोगों ने कार को चारों तरफ से घेर लिया था। बताया जा रहा है कि इसी दौरान हेड कांस्टेबल को थोड़ा होश आ गया और वह लोगों को टक्कर मारते हुए मौके से भाग निकला। अधिकारियों का कहना है कि वीडियो के माध्यम से हेड कांस्टेबल की पहचान हो गई है। उसे सस्पेंड कर विभागीय कार्रवाई की जा रही है।

## कांग्रेस जॉइन करते ही वायरल हुई गोकुल सेतिया की तस्वीर



**चंडीगढ़, एजेंसी।** हरियाणा के पूर्व कैबिनेट मंत्री लक्ष्मण दास अरोड़ा के पोते गोकुल सेतिया के नई दिल्ली में कांग्रेस में शामिल होने के कुछ ही देर बाद उनके कॉलेज के दिनों की पुरानी तस्वीरें सोशल मीडिया में वायरल होने लगी हैं। उनकी तस्वीरों से सिरसा की राजनीति में सनसनी फैल गई। तस्वीरों में सेतिया कुख्यात गैंगस्टर गोल्डी बराड़ के साथ नजर आ रहे हैं। ये तस्वीरें उन दिनों की हैं जब गोल्डी बराड़ और अन्य लोग चंडीगढ़ स्थित पंजाब यूनिवर्सिटी में पढ़ाई कर रहे थे।

सेतिया ने सोशल मीडिया पर अपना रुख स्पष्ट किया। उन्होंने सिरसा के मौजूदा विधायक गोपाल कांडा पर इन तस्वीरों को वायरल करने का आरोप लगाया। उन्होंने दावा किया कि कांडा का टीवी चैनल इन तस्वीरों को सनसनीखेज बना रहा है, जो 10 से 15 साल पुरानी हैं। उन्होंने कहा कि तस्वीरों में दिख रहे लोगों ने तब से अलग-अलग रास्ते अपना लिए हैं। कुछ आईएएस अधिकारी बन गए हैं, कुछ विदेश चले गए हैं, कुछ सरकारी नौकरी में आ गए हैं जबकि कुछ अपराध की दुनिया में चले गए हैं। सेतिया ने सवाल किया कि अब यह क्यों मायने रखता है कि सालों बाद उनके कॉलेज के साथी क्या कर रहे हैं।

सेतिया ने आरोप लगाया कि उन्हें गोल्डी बराड़ के प्रतिद्वंद्वी गिरोह से जबरन वसूली की धमकियां मिली थीं और उन्होंने कांडा के साथियों पर भी इसमें शामिल होने का आरोप लगाया। उन्होंने कहा कि उनकी छवि खराब करने की एक बड़ी साजिश के तहत ये तस्वीरें प्रसारित की जा रही हैं।

## दोनों राज्यों में विधानसभा चुनाव लड़ेगी रामदास अठावले की पार्टी

**मुंबई, एजेंसी।** केंद्रीय मंत्री और रिपब्लिकन पार्टी ऑफ इंडिया (अठावले) के प्रमुख रामदास अठावले ने मंगलवार को कहा कि उनकी पार्टी आगामी जम्मू-कश्मीर विधानसभा चुनाव में 16-17 सीटों पर चुनाव लड़ेगी, जबकि बाकी बची सीटों पर भारतीय जनता पार्टी को समर्थन देगी। इससे पहले उनकी पार्टी ने हरियाणा में भी 10 से 12 सीटों पर उम्मीदवार उतारने का ऐलान किया है। जम्मू-कश्मीर में 18, 25 सितंबर और 1 अक्टूबर को तीन चरणों में मतदान होना है। अनुच्छेद 370 हटाए जाने के बाद यह पहला विधानसभा चुनाव होगा। इससे पहले 2014 में वहां विधानसभा चुनाव हुए थे।



समाचार एजेंसी एएनआई से मंगलवार को बात करते हुए अठावले ने कहा, जम्मू-कश्मीर में हम 16-17 सीटों पर चुनाव लड़ेंगे और बाकी सीटों पर भाजपा का समर्थन करेंगे। हरियाणा में भी हम 10-12 सीटों पर चुनाव लड़ेंगे और बाकी सीटों पर भाजपा का समर्थन करेंगे। दोनों जगहों पर एनडीए की सरकार बनेगी। अठावले से पहले आरपीआई (ए) की हरियाणा इकाई के अध्यक्ष रवि सोनू कुंडली ने पहले हरियाणा में भाजपा के साथ गठबंधन की संभावना का संकेत दिया था।

कुंडली ने कहा, अगर हम राज्य स्तर पर भाजपा के साथ गठबंधन करते हैं, तो हम इसमें 2 सीटों की मांग कर रहे हैं। अगर भाजपा के साथ कोई समझौता नहीं होता है, तो हम 8 से 10 सीटों पर उम्मीदवार उतारेंगे और बाकी 80 सीटों पर भाजपा उम्मीदवारों का समर्थन करेंगे। पार्टी नेता मंजू छिब्बर ने कहा कि वे भाजपा से जो दो सीटें मांग रहे हैं, वे आरक्षित सीटें हैं, जिनमें अंबाला में मुलाना और करनाल में नीलोखेड़ी शामिल हैं।

उन्होंने दो टूक कहा, अगर भाजपा हमें गठबंधन में दो सीटें देती है तो हम बाकी 8 सीटों पर भाजपा का समर्थन करेंगे। हम जिन दो सीटों की मांग कर रहे हैं, उनमें अंबाला में मुलाना और करनाल में नीलोखेड़ी सीट शामिल हैं। उन्होंने कहा कि रिपब्लिक पार्टी भाजपा से इन दो सीटों के लिए अनुरोध करती है। हम भाजपा के साथ रहे हैं और हमेशा साथ रहेंगे लेकिन अगर भाजपा हमें दो सीट नहीं देगी तो हमें पार्टी का मनोबल बनाए रखने के लिए हरियाणा में स्वतंत्र रूप से चुनाव लड़ना पड़ेगा। बता दें कि हरियाणा में 5 अक्टूबर को मतदान होगा। वहां नामांकन दाखिल करने की अंतिम तिथि 12 सितंबर है। हरियाणा और जम्मू-कश्मीर दोनों राज्यों में मतगणना 8 अक्टूबर को होगी।

## स्टील से बनती छत्रपति शिवाजी की मूर्ति तो किसी भी हाल में नहीं गिरती: नितिन गडकरी

**नई दिल्ली, एजेंसी।** छत्रपति शिवाजी की सिंधुदुर्ग में मूर्ति गिरने को लेकर बवाल मचा हुआ है। महाराष्ट्र की राजनीति में यह एक बड़ा मुद्दा बन गया है और चुनाव से ठीक पहले ऐसी घटना होने से सत्ताधारी गठबंधन एनडीए बैकफुट पर है। इस बीच भाजपा के वरिष्ठ नेता नितिन गडकरी ने कहा है कि यदि छत्रपति शिवाजी की मूर्ति को स्टील से बनाया जाता तो वह कभी नहीं गिरती। नितिन गडकरी ने कहा कि समुद्र के आसपास के इलाकों में लोहे में जंग लगने की समस्या ज्यादा देखने को मिलती है। खासतौर पर समुद्र से 30 किलोमीटर की दूरी तक ऐसी स्थिति रहती है।

नितिन गडकरी ने हाईवे अथॉरिटी के कामकाज का जिक्र करते हुए कहा, पुलों में स्टेनलेस स्टील का ही इस्तेमाल करना चाहिए। मुझे मालूम है कि जब मैं मुंबई में 55 फ्लाईओवर बना रहा था तो एक व्यक्ति ने मुझे मूर्ख बनाया। उसने पाउडर कोटिंग करके लोहा दिया और वह हरे रंग का था। उसने कहा कि इसमें जंग नहीं लगेगा, लेकिन जब उसे लगाया गया तो जल्दी ही नुकसान होने लगा। यदि समुद्र से 30 किलोमीटर तक की दूरी में कुछ काम करना है तो बिना स्टील लगाए बात नहीं बनेगी। यदि शिवाजी के पुतले में स्टील का इस्तेमाल होता तो वह 100 पर्सेंट नहीं गिरता। आप देखेंगे कि मुंबई में समुद्र किनारे की इमारतों में जल्दी लंग जाता है।

यह सामान्य बात है कि जहां हार्ड रॉक होगी, वहां ड्रिल के लिए मजबूत मशीनें लगेंगी। वहीं सॉफ्ट मिट्टी वाले इलाकों में दूसरी मशीनें लग सकती हैं। इस तरह मुझे लगता है कि जगह के हिसाब से मशीनें भी अलग-अलग हो सकती है।

## संक्षिप्त समाचार

### आईपीएल 2025 में इस टीम से खेलेंगे 'हिटमैन'!



**नईदिल्ली, एजेंसी।** आईपीएल 2025 के मेगा ऑक्शन से पहले एक खिलाड़ी जो सबसे ज्यादा चर्चा में है. ये कोई और नहीं टीम इंडिया के कप्तान रोहित शर्मा हैं. इसके पीछे सबसे बड़ी वजह है पिछले सीजन में हुआ कप्तानी विवाद. हार्दिक पंड्या और रोहित शर्मा के बीच जो कुछ हुआ, उसके बाद फैंस ये जानने के लिए उत्सुक हैं कि रोहित शर्मा इस बार मुंबई इंडियंस में ही रहेंगे या किसी और टीम की ओर रुख करेंगे.

पिछले सीजन से ही ऐसी कई रिपोर्ट्स सामने आ चुकी हैं कि रोहित मुंबई को छोड़कर दूसरी टीम का दामन थाम लेंगे. हालांकि, अब उन्हें लेकर एक नया दावा किया गया है. मीडिया रिपोर्ट्स के मुताबिक फ्रेंचाइजी के साथ उनका सारा विवाद सुलझ गया है. नीता अंबानी की फ्रेंचाइजी ने अपने पूर्व कप्तान को रिटेन करने पर मुहर लगा दी है. वहीं रोहित ने भी तय कर लिया है कि वो मुंबई में ही रहेंगे. हालांकि, अभी इसकी आधिकारिक रूप से पुष्टी नहीं हुई है.

मुंबई इंडियंस ने आईपीएल 2024 से ठीक पहले उस वक्त गुजरात टाइटंस के कप्तान हार्दिक पंड्या को ट्रेड के जरिए टीम में शामिल कर लिया था. इसके लिए फ्रेंचाइजी ने एक बड़ी रकम चुकाई थी.



### 1 रन पर गिरे 6 विकेट, 2 गेंदबाजों ने किया तहस-नहस

**नईदिल्ली, एजेंसी।** टी-20 मैच को कहा तो गेंदबाजों के लिए काल जाता है. लेकिन, कभी-कभी इसमें होता ठीक उलटा है. गेंदबाज ही बल्लेबाज पर हावी दिखता है. ठीक वैसे ही जैसे 3 सितंबर को केरल क्रिकेट लीग में खेले मुकाबले में देखने को मिले, जिसमें त्रिवेंद्रम रॉयल्स का मुकाबला एलेप्पी रिप्लस से था. ये मैच तो 20-20 ओवर का पूरा हुआ. लेकिन, इसके नतीजे की स्क्रिप्ट उन 43 गेंदों ने ही लिख दी, जिसे फाजिल फनूस और आनंद जोसेफ नाम के दो गेंदबाजों ने डाली थी. ये दोनों गेंदबाज मैच में एलेप्पी रिप्लस का हिस्सा रहे. और, ऐसी गेंदबाजी की कि टीम को मैच जीतने में जोर नहीं लगाना पड़ा.

त्रिवेंद्रम रॉयल्स को 146 रन का लक्ष्य

मुकाबले में पहले बैटिंग एलेप्पी ने की. यानी टारगेट उन्होंने सेट किया. पहले खेलते हुए विकेटकीपर बल्लेबाज मोहम्मद अजहरुद्दीन की अगुवाई वाली टीम ने 20 ओवर में 8 विकेट पर 145 रन बनाए. यानी उसने त्रिवेंद्रम रॉयल्स के सामने जीत के लिए 146 रन का लक्ष्य रखा. लेकिन, जब त्रिवेंद्रम रॉयल्स लक्ष्य का पीछा करने उतरी तो हालात जरा हटके नजर आए.

त्रिवेंद्रम रॉयल्स के पहले 2 विकेट स्कोर बोर्ड में बिना कोई रन जुड़े ही गिर गए. इसके बाद स्कोर में 1 रन जुड़ा लेकिन उसके जुड़ते ही तीसरा झटका भी लग गया. अब एक रन पर 3 विकेट हो चुके थे और टीम मुश्किल में आ चुकी थी. मिडिल ओवर में इस मुश्किल हालात पर नियंत्रण की कोशिश की. टीम ने 7 विकेट पर 112 रन तक बना लिए. लेकिन, उसके बाद बाकी के 3 विकेट बिना कोई रन स्कोर बोर्ड में जोड़े ही डग आउट लौट गए. मतलब 112 रन पर पूरी टीम ऑल आउट हो गई. इस तरह से देखें तो पहले 3 विकेट और आखिर के 3 विकेट मिलाकर 6 विकेट त्रिवेंद्रम रॉयल्स के सिर्फ 1 रन पर ही गिरे, जो कि उनकी हार की बड़ी वजह बने.

# टोक्यो का रिकॉर्ड भी टूटा, पेरिस पैरालंपिक में भारतीय एथलीटों का जलवा



**नईदिल्ली,एजेंसी।** भारत ने पैरालंपिक खेलों के इतिहास में पहली बार टोक्यो 2020 के पदकों की संख्या को पार करते हुए 20 पदकों का आंकड़ा छू लिया है, और बुधवार को यह संख्या और बढ़ने की उम्मीद है।

पैरालंपिक में अपने डेब्यू पर दीप्ति जीवनजी ने महिलाओं की 400 मीटर टी20 दौड़ में कांस्य पदक जीता। मंगलवार देर रात पैरा-एथलेटिक्स में भारत ने अपने पदकों की संख्या में चार और पदक जोड़ लिए, जिनमें दो डबल-पोडियम फिनिश के साथ भारत ने टोक्यो में जीते गए 19 पदकों की संख्या को पार कर लिया। इस प्रक्रिया में भारत ने पैरालंपिक खेलों में 50 पदकों का आंकड़ा भी पार कर लिया और वर्तमान में उसके कुल पदकों की संख्या 51 हो गई है।

अजीत सिंह ने पुरुषों की भाला फेंक एफ46 स्पर्धा में 65.62 मीटर के व्यक्तिगत सर्वश्रेष्ठ थ्रो के साथ रजत पदक जीता, जबकि सुंदर सिंह गुर्जर ने 64.96 मीटर के सत्र के सर्वश्रेष्ठ थ्रो के साथ कांस्य पदक जीता। इस जीत के साथ भारत ने पेरिस पैरालंपिक में एथलेटिक्स में पहली बार दोहरा पोडियम स्थान हासिल किया। बाद में, शरद कुमार ने पुरुषों की ऊंची कूद टी63 में 1.88 मीटर की सर्वश्रेष्ठ छलांग के साथ रजत पदक जीता, और टी42 श्रेणी में नया पैरालंपिक रिकॉर्ड स्थापित किया। शरद ने इस स्पर्धा में टोक्यो में अपने कांस्य पदक को भी अपग्रेड किया। 2016 पैरालंपिक के स्वर्ण पदक विजेता मरियप्पन थंगावेलु ने 1.85 मीटर की सर्वश्रेष्ठ छलांग के साथ कांस्य पदक जीता, जिससे पेरिस खेलों में एथलेटिक्स में भारत का दूसरा दोहरा पोडियम फिनिश हासिल हुआ।

एक दिन में पांच पदक जीतकर भारत दिन के अंत में तीन स्वर्ण, सात रजत और 10 कांस्य पदक के साथ पदक तालिका में 19वें स्थान पर पहुंच गया।

दलीप ट्रॉफी

# लंबी अवधि के प्रारूप में वापसी करने वाले ऋषभ पंत पर होगी नजरें



**बेंगलुरु, एजेंसी।** दिसंबर 2022 में सड़क दुर्घटना में घायल होने के बाद पहली बार लंबी अवधि के प्रारूप में वापसी कर रहे विकेटकीपर बल्लेबाज ऋषभ पंत गुरुवार से बेंगलुरु और अनंतपुर में शुरू होने वाले दलीप ट्रॉफी क्रिकेट टूर्नामेंट में आकर्षण का केंद्र होंगे।

पंत ने चोटों से उबरने के बाद सीमित ओवरों की क्रिकेट में सफल वापसी की लेकिन वह अभी तक लंबी अवधि के प्रारूप में नहीं खेले हैं। उन्होंने लाल गेंद से अपना अंतिम मैच दिसंबर 2022 में बांग्लादेश के खिलाफ खेला था। अब वह अभिमन्यु ईश्वरन की अगुवाई वाली टीम बी की तरफ से मैदान पर उतरेंगे जिसका मुकाबला यहां चिन्नास्वामी स्टेडियम में शुभमन गिल के नेतृत्व वाली टीम ए से होगा। सीमित ओवरों की क्रिकेट में वापसी करने में उन्हें किसी तरह की परेशानी नहीं हुई लेकिन यह चार दिवसीय टूर्नामेंट उनके लिए अलग तरह की चुनौती पेश करेगा क्योंकि उन्हें विकेटकीपर और बल्लेबाज के रूप में लंबा समय मैदान पर बिताना पड़ सकता है। पंत को टीम बी का विशेषज्ञ विकेटकीपर नियुक्त किया गया है जिससे पता चलता है कि भारत के टेस्ट क्रिकेट में आगे व्यस्त कार्यक्रम को देखते हुए अजीत अगरकर की अगुवाई वाली चयन समिति इस विकेटकीपर बल्लेबाज की वापसी को लेकर कितनी गंभीर है। चयन समिति के लिए हालांकि विकेटकीपर का चयन करना आसान नहीं होगा क्योंकि कुछ अन्य मजबूत दावेदार भी हैं।


इनमें टीम ए की तरफ से खेलने वाले ध्रुव जुरेल भी शामिल है जिन्होंने इस साल के शुरू में इंग्लैंड के खिलाफ अपनी पदार्पण श्रृंखला में प्रभावशाली प्रदर्शन किया था। उनके अलावा ईशान किशन भी हैं जो श्रेयस अय्यर की अगुवाई वाली टीम डी के विकेटकीपर हैं। टीम डी का मुकाबला अनंतपुर में टीम सी से होगा जिसकी कप्तानी रुतुराज गायकवाड़ को सौंपी गई है।

चयन समिति इसके अलावा विशेषकर तेज गेंदबाजी विभाग में जसप्रीत बुमराह, मोहम्मद शमी और मोहम्मद सिराज के विकल्प तलाशने पर भी ध्यान देगी क्योंकि भारतीय टीम का आगे काफी व्यस्त कार्यक्रम है। सिराज अस्वस्थ होने के कारण टूर्नामेंट के पहले दौर में नहीं खेल पाएंगे जबकि शमी अभी ऑपरेशन के बाद पूरी तरह से फिट नहीं हुए हैं।

ऐसे में चयनकर्ता बंगाल के तेज गेंदबाज मुकेश कुमार और आकाशदीप पर पैनी नजर रखेंगे। इनके अलावा अर्शदीप सिंह, अवेश खान, खलील अहमद, विदवथ कावेरप्पा, वैसाख विजयकुमार और हर्षित राणा भी चयन समिति को प्रभावित करने की कोशिश करेंगे।

# ईशान का दलीप ट्रॉफी के पहले मैच में खेलना मुश्किल, दावा- बाएं हाथ में चोट है

- **डोमेस्टिक नहीं खेलने के कारण सेंट्रल कॉन्ट्रैक्ट गंवाया था**



**नईदिल्ली,एजेंसी।** भारतीय टीम के विकेटकीपर बल्लेबाज ईशान किशन का दलीप ट्रॉफी के पहले मैच में खेलना मुश्किल है। उन्हें श्रेयस अय्यर की कप्तानी वाली टीम डी में चुना गया है।

क्रिकेट वेबसाइट क्रिकबज ने दावा किया है कि ईशान के बाएं हाथ में चोट है। ऐसे में सिलेक्टर्स उनकी जगह संजू सैमसन को टीम डी में चुन सकते हैं। सैमसन को किसी टीम में नहीं चुना गया था। टीम डी को 5 सितंबर से टीम सी से पहला मुकाबला खेलना है। बता दें कि पिछले सीजन में डोमेस्टिक क्रिकेट नहीं खेलने के बाद ईशान को सेंट्रल कॉन्ट्रैक्ट से बाहर कर दिया गया था।

पिछले साल साउथ जोन की टीम ने दलीप ट्रॉफी का खिताब जीता था। विद्वत कवेरप्पा ने फाइनल में 8 विकेट लिए थे। पिछले साल साउथ जोन की टीम ने दलीप ट्रॉफी का खिताब जीता था। विद्वत कवेरप्पा ने फाइनल में 8 विकेट लिए थे।

**टीम इंडिया के चयन पर निर्भर करेगा**

फिलहाल, फर्स्ट क्लास टूर्नामेंट में ईशान के खेलने पर संशय है। टॉप स्टेज मैच में उनका खेलना या न खेलना उनके टीम इंडिया के चयन पर निर्भर करेगा। कुछ दिनों में बांग्लादेश के खिलाफ 2 मैचों की टेस्ट सीरीज के लिए भारतीय टीम का ऐलान होने वाला है। संभव है कि 6 मैचों के टूर्नामेंट में ईशान बाद के मैचों में खेलते नजर आएं। टीम डी का दूसरा मुकाबला 12 सितंबर को अनंतपुर में टीम ए के खिलाफ होगा।

ICC Test Rankings 2024

# आईसीसी रैंकिंग में जो रूट का दबदबा कायम, बाबर आजम 5 साल बाद टॉप-10 से हुए बाहर



**नईदिल्ली, एजेंसी।** इंटरनेशनल क्रिकेट काउंसिल की हालिया टेस्ट रैंकिंग में पाकिस्तान के स्टार बल्लेबाज बाबर आजम टॉप-10 से बाहर हो गए हैं। वहीं इंग्लैंड के पूर्व कप्तान जो रूट पहले नंबर पर कायम हैं और वह करियर के सर्वश्रेष्ठ रेटिंग पॉइंट्स हासिल करने के करीब हैं। आईसीसी की टेस्ट रैंकिंग में इंग्लैंड के पूर्व कप्तान जो रूट का दबदबा बढ़ता जा रहा है। श्रीलंका के खिलाफ दूसरे टेस्ट मैच की दोनों पारियों में शतक लगाने वाले जो रूट के 922 रेटिंग पॉइंट्स हो गए हैं और अब उनके पास अपना व्यक्तिगत सर्वश्रेष्ठ रेटिंग रिकॉर्ड तोड़ने का मौका है। रूट ने पिछले साल भारत के खिलाफ एजबेस्टन में शतक लगाने के बाद 923 रेटिंग हासिल किए थे। रूट आईसीसी मेन्स टेस्ट बैटिंग रैंकिंग में दूसरे स्थान पर मौजूद न्यूजीलैंड के केन विलियमसन से 63 अंक आगे हैं। पाकिस्तान के स्टार बल्लेबाज बाबर आजम लगातार दूसरे मैच में बड़ा स्कोर नहीं बना सके, जिसके कारण उनकी रैंकिंग खराब हुई है और 2019 के बाद पहली बार वह टॉप-10 से बाहर हो गए हैं।

पाकिस्तान के अनुभवी बल्लेबाज बाबर आजम बुधवार को जारी आईसीसी टेस्ट रैंकिंग शीर्ष-10 से बाहर हो गए हैं। 29 वर्षीय बाबर आजम अब तीन स्थान नीचे खिसक गए हैं और 712 अंकों के साथ 12वें स्थान पर हैं, जबकि मोहम्मद रिजवान अब 10वें स्थान पर रहते हुए पाकिस्तान के सर्वश्रेष्ठ टेस्ट बल्लेबाज हैं। जो रूट ने श्रीलंका के खिलाफ टेस्ट सीरीज में दो शतक और एक अर्धशतक लगाए हैं और करियर के सर्वश्रेष्ठ रेटिंग पॉइंट्स से सिर्फ एक अंक दूर हैं। रूट के पास डॉन ब्रैडमैन के सर्वकालिक 961 रेटिंग से आगे जाने का मौका है। इंग्लैंड के अनुभवी बल्लेबाज के पास श्रीलंका के खिलाफ एक और पाकिस्तान के खिलाफ तीन टेस्ट मैच खेलने हैं और जिस तरह के फॉर्म से रूट गुजर रहे हैं डॉन ब्रैडमैन का रिकॉर्ड खतरे में है।

## राजस्थान रॉयल्स के

# मुख्य कोच बन सकते हैं द्रविड़!

**नई दिल्ली,एजेंसी।** भारत के पूर्व कप्तान और मुख्य कोच राहुल द्रविड़ आईपीएल 2025 से पहले राजस्थान रॉयल्स (आरआर) के साथ बतौर मुख्य कोच जुड़ सकते हैं। इस साल जून में बारबाडोस में 2024 पुरुष टी20 विश्व कप जीतने के बाद भारत की पुरुष टीम के मुख्य कोच के रूप में द्रविड़ का कार्यकाल समाप्त हो गया था।

टीम इंडिया के पूर्व दिग्गज बल्लेबाज राहुल द्रविड़ का कोचिंग कार्यकाल भी सफल रहा है। उनकी देखरेख में ही भारत ने टी-20 विश्व कप 2024 जीता था। इसी के साथ टीम इंडिया के साथ उनके कोचिंग कार्यकाल का अंत यादगार रहा। ईएसपीएनक्रिकइन्फो को पता चला है कि द्रविड़ ने राजस्थान रॉयल्स के साथ अनुबंध पर हस्ताक्षर कर दिए हैं और बड़ी नीलामी से पहले खिलाड़ियों के रिटेंशन पर भी फ्रेंचाइजी के साथ उनकी चर्चा हो चुकी है। टीम के मौजूदा कप्तान संजू सैमसन का द्रविड़ के साथ लम्बे समय से पेशेवर रिश्ता रहा है। सैमसन का शुरुआती करियर द्रविड़ की ही देखरेख में उभरा था। क्रिकेट से संन्यास लेने



के बाद, द्रविड़ ने 2014 और 2015 के आईपीएल सत्रों में टीम के मेंटॉर के रूप में काम किया। इससे पहले कि वह 2019 में एनसीए के निदेशक बनने तक दिल्ली कैपिटल्स के साथ वही भूमिका निभाते रहे।

राजस्थान के साथ द्रविड़ का पुराना संबंध रहा है। वह आईपीएल में राजस्थान की कप्तानी (2012 और 2013) करने के साथ साथ उनके मेंटॉर (2014 और 2015) की भी भूमिका निभा चुके हैं। इसके बाद उन्होंने 2016 में दिल्ली डेयरडेविल्स (अब कैपिटल्स) का रुख किया था। 2019 में वह बेंगलुरु स्थित राष्ट्रीय क्रिकेट अकादमी (एनसीए) के प्रमुख बने थे। 2021 में वह भारतीय टीम के मुख्य कोच बने थे और उनके ही कार्यकाल में भारतीय टीम ने आईसीसी ट्रॉफी का सूखा समाप्त किया। बताया जा रहा है कि आरआर की टीम विक्रम राठौर को भी द्रविड़ के सहायक कोचों में शामिल कर सकती है। राठौर पूर्व में भारतीय टीम के चयनकर्ता रहने के साथ ही एनसीए में द्रविड़ के कोचिंग स्टाफ का हिस्सा रह चुके थे।

जबकि बतौर भारतीय कोच द्रविड़ के कार्यकाल में राठौर ने भारतीय टीम के बल्लेबाजी कोच की भी भूमिका निभाई थी। टीम के मौजूदा क्रिकेट निदेशक कुमार संगकारा इस भूमिका में फ्रेंचाइजी के साथ बने रहेंगे। आरआर ने 2008 में आईपीएल के प्रथम सीजन के बाद से ही कोई आईपीएल ट्रॉफी नहीं जीती है। हालांकि, साल 2022 में टीम उप-विजेता थी। 2023 में वह प्लेऑफ में प्रवेश नहीं कर पाए जबकि 2024 में वह दूसरे क्वालीफायर में बाहर हो गए।

पैराओलंपिक-2024

# ऊंची कूद स्पर्धा में शरद का लगातार दूसरा पदक, मरियप्पन ने रचा इतिहास

**पेरिस (एजेंसी)।** भारतीय एथलीट शरद कुमार ने पुरुषों की ऊंची कूद में रजत और मरियप्पन थंगावेलु ने कांस्य पदक जीता। मंगलवार देर रात हुई स्पर्धा में शरद कुमार ने ऊंची कूद टी63 के फाइनल में मुकाबले में 1.88 मीटर की छलांग लगाकर पैरालंपिक रिकॉर्ड के साथ रजत पदक जीता। यह शरद कुमार का दूसरा पैरालंपिक पदक था। उन्होंने टोक्यो पैरालंपिक 2020 में 1.83 मीटर की छलांग के साथ कांस्य पदक जीता था। अमेरिका के एजरा फ्रेच ने 1.94 मीटर की छलांग के साथ स्वर्ण पदक अपने नाम किया।



मरियप्पन थंगावेलु ने ऊंची कूद टी63 के फाइनल में 1.85 मीटर की छलांग लगाते हुए कांस्य पदक जीता। इसी के साथ वह लगातार तीन खेलों में पदक जीतने वाले पहले भारतीय पैरा-एथलीट बन गए है। उन्होंने रियो 2016 में 1.89 मीटर की छलांग के साथ स्वर्ण पदक और टोक्यो 2020 में 1.86 मीटर के प्रयास के साथ रजत पदक जीता था।

# नवारो, सबालेंका और फ्रिट्ज़ सेमीफाइनल में, बोपन्ना-सुत्जियादी की जोड़ी अंतिम-4 के मैच में हारी





**न्यूयॉर्क,एजेंसी।** दूसरी वरीयता प्राप्त सबालेंका को पिछले महीने पेरिस ओलंपिक के स्वर्ण पदक जीतने वाली सातवीं वरीयता प्राप्त झेंग क्विनवेन को 6-1, 6-2 से पराजित करने में किसी तरह की परेशानी नहीं हुई। अमेरिका की एम्मा नवारो ने अपना शानदार प्रदर्शन जारी रखते हुए अमेरिकी ओपन टेनिस टूर्नामेंट के महिला एकल के सेमीफाइनल में जगह बनाई जहां उनका सामना आर्यना सबालेंका से होगा। पहली बार किसी ग्रैंड स्लैम टूर्नामेंट के अंतिम चार में पहुंचने वाली 13वीं वरीयता प्राप्त नवारो ने मंगलवार को फ्लशिंग मीडोज में हमवतन पाउला बडोसा को 6-2, 7-5 से हराया।

नवारो क्वार्टर फाइनल के इस मैच के दूसरे सेट में एक समय पीछे चल रही थी लेकिन उन्होंने आखिरी छह गेम जीत कर पासा पलट दिया। उन्होंने पिछले मैच में गत चैंपियन कोको गॉफ के खिलाफ भी इसी तरह का प्रदर्शन किया था। दूसरी वरीयता प्राप्त सबालेंका को पिछले महीने पेरिस ओलंपिक के स्वर्ण पदक जीतने वाली सातवीं वरीयता प्राप्त झेंग क्विनवेन को 6-1, 6-2 से पराजित करने में किसी तरह की परेशानी नहीं हुई।

दिग्गज टेनिस खिलाड़ी रोजर फेडरर भी इस मैच के गवाह बने। संन्यास लेने के बाद पहली बार वह दर्शक के रूप में अमेरिकी ओपन में पहुंचे थे। ऑस्ट्रेलियाई ओपन चैंपियन सबालेंका साल का दूसरा और कुल मिलाकर तीसरा ग्रैंड स्लैम टूर्नामेंट जीतने की कवायद में हैं। वह अमेरिकी ओपन में लगातार चौथी बार सेमीफाइनल में पहुंची हैं। सबालेंका पिछले साल उपविजेता रही थी।

बेलारूस की 26 वर्षीय सबालेंका ने मैच के बाद कहा, जब मैंने दर्शकों के बीच फेडरर को देखा तो मुझे लगा कि वह फ्रांसिस टियाफो और ग्रिगोर दिमित्रोव का मैच देखने के लिए पहुंचे हैं। लेकिन फिर भी मैंने तय किया कि मुझे अपना सर्वश्रेष्ठ टेनिस खेलना है ताकि वह इसका आनंद उठा सकें।

## न्यूज बाइट्स

### पुलिस ने 24 घंटे के अंदर किया चोरी गए टेम्पो को बरामद

**रफीगंज (औरंगाबाद ) (नि.सं.)।** रफीगंज के पौथू थाना के तेमुड़ा गांव निवासी धरक्षण पासवान का सोमवार को घर से सामने से उनका टेम्पो संख्या-बीआर-26 पीए 0362 को अज्ञात चोर द्वारा चोरी कर ली गयी थी।। घटना की सूचना पाकर पौथु थानाध्यक्ष के द्वारा कांड सं-88/24 प्राथमिकी दर्ज किया गया। पुलिस द्वारा छापामारी दल गठन कर त्वरित कार्रवाई करते हुये चोरी की गयी टेम्पो को 24 घंटे के अंदर बरामद किया। थानाध्यक्ष ने बताया कि संलिप्त चोर की गिरफ्तारी हेतु छापामारी एवं कार्रवाई की जा रही है। छापामारी दल में पुअनि सोमेश्वर नाथ, परि पुअनि प्रेम कुमार, संतोष कुमार, शिवशंकर कुमार शामिल रहे।

### कलश यात्रा के साथ 7 सितंबर से होगा गणेशोत्सव का आगाज

**औरंगाबाद (एसववी सं.)।** जिला मुख्यालय औरंगाबाद के धर्मशाला चौक के समीप सिद्धि विनायक भगवान गणपति मंदिर के प्रांगण में भगवान गणेश के जन्मोत्सव के मौके पर भक्तिमय वातावरण में श्री गणेश सेवा समिति के तत्वावधान में गणेश चतुर्थी के मौके पर भगवान श्रीगणेश का जन्मोत्सव धूमधाम से मनाया जाएगा।इसकी तैयारी जोर-शोर से चल रही है।कार्यक्रम के संरक्षक रंजीत कुमार सिंह ने बताया कि यह कार्यक्रम भव्य एवं दिव्य आवरण के 07 सितंबर को शुरू की जाएगी जो 16 सितंबर को समाप्त होगी। प्रतिदिन संध्या समय में भक्ति जागरण एवं महा आरती का आयोजन किया गया है। सात सितंबर को कलश यात्रा के साथ इसकी शुरुआत होगी।तत्पश्चात, मंडप प्रवेश किया जाएगा।15 सितंबर को भव्य भक्ति जागरण का आयोजन किया गया है तो वहीं 16 सितंबर को सनातनी परंपरा के साथ पारंपरिक मान्यताओं को मूर्त रूप प्रदान करते हुए झांकी के साथ जुलूस निकाला जाएगा। सभी कार्यक्रमों की तैयारी के लिए समीक्षा की गई।समीक्षोपरांत तैयारी कार्यक्रम संतोषजनक पाए गए।

### शिव शिष्यों ने मनाया हरिद्रानंद महाराज का स्मृति दिवस

**औरंगाबाद (एसववी सं.)।** औरंगाबाद के भारती क्लब रमेश चौक के प्रांगण में बुधवार को साहब हरिंद्रानंद महाराज की स्मृति दिवस को संकल्प दिवस के रूप में मनाया गया। कार्यक्रम का आयोजन साहब हरींद्रानंद के पूरे जीवन काल में किए गए पुण्य कार्यों को याद कर सभी शिव शिष्य अपने मन को संकल्पित करने के निमित्त किया गया है । इन्होंने जगत के एक-एक व्यक्ति चाहे वह किसी धर्म, जाति, संप्रदाय या लिंग का हो वह शिव को अपना गुरु बन सकता है। आप शरीर त्यागने के बाद आज और आगे भी शिव शिष्यों को शिव को गुरु मानकर गुरु पथ पर चलने की प्रेरणा जाग रहे हैं और जगाते रहेंगे।

# सत्येन्द्र नारायण सिन्हा की पुण्यतिथि पर दानी बीघा पार्क में प्रतिमा का अनावरण

## नगर विकास मंत्री नितिन नवीन, श्रम विभाग के मंत्री संतोष कुमार सिंह और अन्य नेताओं ने श्रद्धांजलि की अर्पित

- आयोजन के सफल संचालन में सतीश कुमार सिंह के नेतृत्व की सराहना

एसवीवी संवाददाता | औरंगाबाद



बिहार के गौरवशाली इतिहास में कई ऐसे महान नेता हुए हैं जिन्होंने अपने कर्मों और विचारों से समाज को नई दिशा दी। ऐसे ही एक अद्वितीय नेता थे बिहार के पूर्व मुख्यमंत्री स्व. सत्येन्द्र नारायण सिन्हा, जिनकी पुण्यतिथि पर बुधवार को औरंगाबाद स्थित दानी बीघा पार्क में उनकी आदमकद प्रतिमा का अनावरण किया गया। यह आयोजन न केवल स्वर्गीय नेता के प्रति श्रद्धांजलि अर्पित करने का अवसर था, बल्कि उनके योगदान को याद करने और नई पीढ़ी को उनके जीवन से प्रेरणा लेने का सुअवसर भी था। इस महत्वपूर्ण कार्यक्रम में कई प्रमुख राजनेता और समाजसेवी शामिल हुए। केरला और नागालैंड के पूर्व राज्यपाल निखिल कुमार सिंह ने स्वर्गीय सिन्हा के व्यक्तित्व और कृतित्व की सराहना करते हुए कहा कि उनका जीवन संघर्ष और सेवा की मिसाल था। उन्होंने अपने जीवनकाल में न केवल बिहार को समृद्ध करने का कार्य किया, बल्कि देश की राजनीति में भी महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। औरंगाबाद के प्रभारी मंत्री संतोष कुमार सुमन ने अपने संबोधन में कहा कि सतेंद्र नारायण सिन्हा ने हमेशा समाज के कमजोर और पिछड़े वर्गों के उत्थान के लिए कार्य किया। स्वर्गीय सिन्हा की सादगी और ईमानदारी की प्रशंसा की। उन्होंने कहा कि आज के समय में भी उनके आदर्शों को अपनाकर समाज को एक नई दिशा दी जा सकती है। उनके विचार और उनके सिद्धांत आज भी समाज के लिए प्रासंगिक हैं और हमें उनके आदर्शों का पालन करना चाहिए। नगर विकास मंत्री नितिन नवीन ने कहा कि स्वर्गीय सिन्हा के विचारों को आज की पीढ़ी में समाहित करना आवश्यक है। उन्होंने समाज के विकास के लिए जो योगदान दिया है, उसे हमेशा याद रखा जाएगा।

पूर्व सांसद सुशील कुमार सिंह, विधान परिषद सदस्य दिलीप सिंह, सदर विधायक आनंद शंकर सिंह, और पूर्व विधायक अशोक कुमार सिंह ने भी अपने विचार साझा किए और स्व. सिन्हा को श्रद्धांजलि अर्पित की। रेड क्रॉस औरंगाबाद सह सत्येन्द्र नारायण सिन्हा स्मृति भवन के अध्यक्ष सतीश कुमार सिंह के नेतृत्व में इस आयोजन को भव्य रूप से संपन्न किया गया। सतीश कुमार सिंह के कुशल नेतृत्व और समर्पण की सभी ने सराहना की, जिनके प्रयासों से यह आयोजन सफल हुआ। यह प्रतिमा आने वाली पीढ़ियों के लिए प्रेरणा का स्रोत बनेगी। नगर परिषद अध्यक्ष उदय गुप्ता, नगर परिषद उपाध्यक्ष एहसान, और वार्ड पार्षद अशोक सिंह सहित कई जनप्रतिनिधि और पार्षदगण इस मौके पर उपस्थित थे। सभी ने इस अवसर पर स्वर्गीय सिन्हा के प्रति अपनी श्रद्धा प्रकट की और उनके आदर्शों को अपनाने का संकल्प लिया। इस ऐतिहासिक कार्यक्रम में लोगों ने सतेंद्र नारायण सिन्हा के व्यक्तित्व और उनके कार्यों को याद किया और उनके प्रति अपनी भावभीनी श्रद्धांजलि अर्पित की। यह कार्यक्रम न केवल स्वर्गीय नेता के सम्मान में आयोजित किया गया, बल्कि समाज को उनके विचारों और सिद्धांतों से जोड़ने का भी एक प्रयास था।

# सिन्हा कॉलेज में छात्रों का विदाई सह सम्मान समारोह धूमधाम से संपन्न



एसवीवी संवाददाता | औरंगाबाद

बुधवार को सच्चिदानन्द सिन्हा महाविद्यालय के भूगोल विभाग के स्नातकोत्तर (सत्र 21-23) के छात्र छात्राओं द्वारा विदाई सह सम्मान समारोह का अयोजन सेमिनार हाल में बहुत ही धूम धाम के साथ मनाया गया। कार्यक्रम की शुरुआत आए हुए अतिथियों एवं विभागाध्यक्ष डॉ विभीषण कुमार ने दीप प्रज्वलित कर किया। मुख्य अतिथि के रूप में गया कॉलेज गया के भूगोल विभाग के प्रोफेसर डॉ आर. के. सिन्हा एवं डॉ विभा सिंह सामिल हुए। दोनों अतिथियों की गरिमामई संबोधन से छात्रों में उत्साह देखते हीं बनती थी।डॉ आर.के. सिन्हा ने कहा कि सफलता की एकमात्र कुंजी सिर्फ कठिन परिश्रम एवं ईमानदारी है। विभागाध्यक्ष डॉक्टर विभीषण कुमार ने अपने संबोधन में कहा कि कठिन परिस्थिति में भी धैर्य के साथ अपना कार्य पूरी ईमानदारी के साथ करें। साथ ही साथ छात्र-छात्राओं को उज्ज्वल भविष्य की कामना की। सभी छात्रों ने एक एक कर अपनी अभिव्यक्ति का हुनर दिखाया। कुणाल सिंह ने अपनी वक्तव्य कौशल से सबको अंतःकरण से झकझोर दिया। छात्र कुंदन कॉम्बो जो भोजपुरी लोक गायक भी है अपने हीं मिजाज़ में पूरे मंच को समां बांधे रखा। इस कार्यक्रम को सफल बनाने में जयनंदन, रवि कुमार, कुणाल सिंह, अमर गुप्ता, कुंदन कुमार सिंह तथा अन्य तमाम छात्रों की भूमिका सराहनीय रही।

# डीएम ने जनप्रतिनिधियों के साथ की बैठक, कई मुद्दे पर हुई चर्चा



निज संवाददाता | रफीगंज(औरंगाबाद)

रफीगंज प्रखंड परिसर के बहुद्देशीय भवन में जिलाधिकारी ने जनप्रतिनिधियों के साथ बैठक किया। अध्यक्षता प्रमुख स्नेहा सिंह ने किया। जिलाधिकारी को नगर पार्षद नुरुल होदा खान, मुखिया युसुफ अली सहित जनप्रतिनिधियों में बुके देकर सम्मानित किया। मुखिया संघ के अध्यक्ष बिंदेश्वर यादव सहित अन्य प्रतिनिधियों ने कहां की प्रखंड क्षेत्र में पेयजल की भारी समस्या है। निदान नहीं हो पा रहा है। पीएचडी विभाग के कार्यालय में हम लोग जाते हैं तो वहां कोई भी पदाधिकारी उपस्थित नहीं रहते हैं। आज की बैठक में भी पीएचडी विभाग सहित अन्य पदाधिकारी उपस्थित नहीं है। जिलाधिकारी ने कहा कि इस मामले में संज्ञान लेंगे। मुखिया संघ मौखिक एवं लिखित में कहा कि बिहार राज्य के सभी जिला में पीसीसी कार्य किया जा रहा है। ग्राम पंचायत के गलियों के सड़कों का जो स्थिति बहुत जर्जर है। गलियों की सड़कों में पीसीसी कार्य किया जाना अति आवश्यक है। राशि विभिन्न योजनाओं में विभक्त हो जाता है और गांव की सड़क जितना बनना चाहिए नहीं बन पाता है।

# ऑपरेशन मुस्कानः पुलिस ने चोरी हुए 36 मोबाइल किए बरामद, लौटाई लोगों के चेहरों पर मुस्कान

एसवीवी संवाददाता | औरंगाबाद



ऑपरेशन मुस्कान के तहत औरंगाबाद पुलिस ने एक बार फिर से अपने प्रयासों से लोगों के चेहरों पर मुस्कान लौटाने का कार्य किया है। इस विशेष अभियान के अंतर्गत, पुलिस ने माह सितंबर 2024 में चोरी या गुम हुए कुल 36 मोबाइल फोन बरामद किए, जिनकी अनुमानित कुल कीमत 9 लाख रुपये आंकी गई है। बरामद मोबाइल फोन को उनके वास्तविक मालिकों को पुलिस अधीक्षक महोदया की उपस्थिति में सौंपा गया। औरंगाबाद पुलिस का यह अभियान, 'ऑपरेशन मुस्कान', लगातार सफलता की ओर बढ़ रहा है। पिछले वर्ष 2023-2024 में भी, पुलिस ने कुल 257 मोबाइल फोन बरामद किए थे, जिनकी अनुमानित कुल कीमत 49 लाख 32 हजार रुपये थी। इन मोबाइल फोन को भी उनके वास्तविक धारकों को समय-समय पर वापस किया गया है।

इस अभियान का मुख्य उद्देश्य नागरिकों के खोए हुए मोबाइल फोन और अन्य मूल्यवान वस्तुओं को खोज कर उन्हें उनके असली मालिकों तक पहुंचाना है। इसके माध्यम से न केवल नागरिकों की संपत्ति सुरक्षित की जा रही है, बल्कि पुलिस और समाज के बीच विश्वास का संबंध भी मजबूत हो रहा है। पुलिस अधीक्षक महोदया ने इस अवसर पर कहा कि ऑपरेशन मुस्कान हमारे विभाग के लिए एक महत्वपूर्ण पहल है, जिसके माध्यम से हम नागरिकों को उनकी खोई हुई संपत्ति वापस कर सकते हैं। इस अभियान में हमारी टीम ने कड़ी मेहनत और समर्पण के साथ काम किया है। भविष्य में भी हम इसी तरह लोगों की सहायता के लिए तत्पर रहेंगे। इस अभियान के दौरान, औरंगाबाद पुलिस ने तकनीकी सहायता का भी भरपूर उपयोग किया है, जिसमें विभिन्न ट्रैकिंग तकनीकों और स्थानीय सूचना नेटवर्क का सहयोग लिया गया है। इसके परिणामस्वरूप, कई मामलों में चोरी के मोबाइल फोन को समय पर बरामद किया जा सका है। 'ऑपरेशन मुस्कान' की सफलता से प्रेरित होकर, औरंगाबाद पुलिस ने भविष्य में इस तरह के और भी अभियान चलाने की योजना बनाई है, जिससे नागरिकों को अधिक से अधिक राहत प्रदान की जा सके। इस प्रयास की नागरिकों द्वारा भी सराहना की जा रही है, और वे पुलिस के इस प्रयास को सकारात्मक दृष्टि से देख रहे हैं। समाज में सुरक्षा और विश्वास बहाल करने के इस प्रयास में औरंगाबाद पुलिस की यह पहल निश्चित रूप से एक महत्वपूर्ण कदम है।

# वज्रपात से मुखिया के भाई की मौत

**कुटुंबा (औरंगाबाद)(नि.सं.)।** कुटुंबा प्रखंड के डुमरी पंचायत के महसू गांव में व्रजपात की चपेट में आने से एक जानवर और चरवाहा की मौत हो गई। घटना गांव के ही दक्षिण दिशा की ओर करीब 1 किलोमीटर दूर स्थित जोड़ा बधार के पास की है। मृतक की पहचान महासू का निवासी राजेंद्र यादव के रूप में की गई है। राजेंद्र यादव मजदूरी का काम करते थे। दूध बेचकर अपने परिवार का भरण पोषण करते थे। बुधवार की देर शाम सदर अस्पताल में पोस्टमॉर्टम के दौरान परिजनों ने बताया कि दोपहर में जानवर को लेकर बधार की ओर चराने के लिए गए थे। शाम में हल्की बारिश हुई। इसके बाद अचानक तेज बारिश होने के साथ ही वज्रपात गिरा। इससे इनकी घटनास्थल पर ही मौत हो गई। हालांकि, परिजनों ने जिंदा समझकर सदर अस्पताल औरंगाबाद लेकर आया। लेकिन डॉक्टरों ने मृत घोषित कर दिया।

# ट्रक ने स्कूली बस में मारी टक्कर, छात्र-छात्राएं जख्मी, ट्रक चालक गिरफ्तार

एसवीवी संवाददाता | औरंगाबाद



एक तेज रफ्तार अनियंत्रित ट्रक ने एक निजी विद्यालय के बस में टक्कर मार दी। घटना राष्ट्रीय राजमार्ग 19 पर मुफस्सिल थाना के समीप की है। इस घटना में स्कूली बस में सवार लगभग आधा दर्जन छात्र-छात्राएं घायल हो गए। वहीं घटना की सूचना मिलते ही पुलिस एक्शन में आयी और ट्रक को जब्त कर लिया। ट्रक चालक भी पुलिस के हत्थे चढ़ गया जिससे पूछताछ की जा रही है। ट्रक और बस की टक्कर में कई विद्यार्थी जख्मी हुए हैं। घायलों में शहर के ही वार्ड नंबर 33 स्थित गांधीनगर मुहल्ला निवासी प्रमोद कुमार की 13 वर्षीय पुत्री मानसी कुमारी, नौ वर्षीय पुत्र मोहित कुमार व 7 वर्षीय पुत्री नैनशी कुमारी व अन्य शामिल है। सदर अस्पताल में इलाज के दौरान परिजनों ने बताया कि विद्यालय से छुट्टी के बाद सभी बच्चे बस में सवार होकर रोज की तरह बुधवार को भी अपने-अपने घर जा रहे थे। जैसे ही बस मुफस्सिल थाना के समीप पहुंची तभी तेज रफ्तार अनियंत्रित ट्रक ने बस में पीछे से टक्कर मार दी। टक्कर से बस में सवार लगभग आधा दर्जन छात्र-छात्राएं घायल हो गए।इस घटना में घायल तीन छात्रों का इलाज सदर अस्पताल में कराया गया। वहीं अन्य छात्रों की स्थिति सामान्य है। घटना के बाद मुफस्सिल थाना की पुलिस ने ट्रक को जब्त कर लिया और चालक को हिरासत में लेकर पूछताछ कर रही है। इधर स्थानीय लोगों ने सभी घायल छात्र-छात्राओं को इलाज के लिए सदर अस्पताल पहुंचाया, जहां डॉक्टरों ने उपचार किया। घटना की सूचना मिलते ही परिजन सदर अस्पताल पहुंचे और घायल छात्रों का हाल जाना और इलाज की प्रक्रिया में जुट गए। परिजनों ने घटना से संबंधित मुफस्सिल थाना में आवेदन देकर ट्रक व चालक के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज कराने की बात कही है। फिलहाल सभी घायल छात्रों की स्थिति सामान्य है।

# राष्ट्रीय लोक अदालत की तैयारी को लेकर डीएलएसए के सचिव ने सभी थानाध्यक्षों के साथ की बैठक

एसवीवी संवाददाता | औरंगाबाद



जिला विधिक सेवा प्राधिकार के सचिव, सुकुल राम एवं मुख्य न्यायिक दंडाधिकारी माधवी सिंह के द्वारा बुधवार को जिला विधिक सेवा प्राधिकार के कॉन्फ्रेंस हॉल में औरंगाबाद जिले में पदस्थापित सभी थानाध्यक्षों की एक बैठक आयोजित की गयी। जिसमें पुलिस उपाधीक्षक (मुख्यालय) विनोद कुमार विशेष रूप से उपस्थित थे। बैठक में आगामी 14 सितम्बर को अयोजित होने वाली राष्ट्रीय लोक अदालत के सफलता हेतु थानाध्यक्षों के द्वारा उनके स्तर से मामलों के चिंहित कर अपने अपने थाना क्षेत्र में लोक अदालत के सम्बंध में जागरूक कर अधिक से अधिक मामलों के निष्पादन करवाने हेतु प्रेरित किया गया। बैठक में सचिव ने थानाध्यक्षों को कहा कि प्राधिकार ने विभिन्न न्यायालयों में लंबित सुलहनीय वादों की सूची थानावार तैयार कर भेजी गयी है जिसमें आपकी भूमिका बेहद महत्वपूर्ण है। उक्त मामलों में पक्षकारों से सम्पर्क स्थापित कर उन्हें प्रोत्साहित करें कि उक्त मामलों को खत्म कर भाई-चारे प्रेम के वातावरण और विवाद मुक्त समाज बनाने में प्रशासन का सहयोग करें। अगर उन्हें पक्षकारों के काउंसलिंग में आवश्यकता पड़े तो वे पक्षकारों को जिला विधिक सेवा प्राधिकार अथवा संबंधित न्यायालय में भेजें, साथ ही आप अपने थाना स्तर पर ध्यान दें कि लोक अदालत के सम्बंध में निर्गत नोटिस को पक्षकारों तक निश्चित रूप से पहुंच जाये और ध्यान रखे कि नोटिस की तामिला कराते वक्त पक्षकारों के तमिला पर नाम और संपर्क संख्या अवश्य अंकित करा लें, ताकि संबंधित न्यायालय और जिला विधिक सेवा प्राधिकार अपने स्तर से भी पक्षकारों को राष्ट्रीय लोक अदालत में उनके वादों को निस्तारण कराने में प्रयास करे।

शिक्षक दिवस पर हार्दिक शुभकामनाएं
शुद्धता का प्रतीक, शुद्ध आहार आटा
श्री शाश्वत राज एग्रो प्रा. लि.
ग्रोथ सेंटर : जसोईया, औरंगाबाद


5 किलो, 10 किलो एवं 25 किलो के पैक में उपलब्ध
शुद्ध आहार, स्वस्थ्य परिवार।
शुद्ध आहार, खुशियां अपार
विशेषताएं
- क्वालिटी : पुष्ट एवं उच्च क्वालिटी के गेहूं द्वारा निर्मित शुद्ध आहार। किसान की आमदनी बढ़ाया।
- अत्याधुनिक मशीन : न्यूमेटिक सिस्टम (हवा पद्धति) द्वारा आटा की तैयारी शुद्ध आहार नयी प्रौद्योगिक लाया।
- धुला हुआ गेंहू : गेहूं को साफ पानी से साफ कर आठ घंटे स्टे दिया जाता है ताकि रोटी ठंडा होने के बाद भी मुलायम रहे।
10 लाख से अधिक संतुष्ट उपभोक्ता

बिहार सरकार
पशु एवं मत्स्य संसाधन विभाग
पशुपालन ज्ञान
पशुपालक कल्याण
बरसात के मौसम में पशुओं की देखभाल हेतु सुझाव

क्या करें
- बरसात के पहले पशुओं के पशुशाला की छत की मरम्मति कर दें जिससे बारिश का पानी न टपके।
- पशुशाला की खिड़कियाँ खुली रखें तथा गर्मी एवं उमस से बचने के लिये पंखों का उपयोग करें।
- पशुशाला में पशुओं के मल–मूत्र की निकासी का भी उचित प्रबंधन करें। पशुशाला को दिन में एक बार फिनाईल के घोल से अवश्य साफ करें, जिससे बीमारी फैलाने वाले बैक्टिरिया कम हो सके।
- पशुशाला में शुद्ध ताजा पानी पीने की व्यवस्था करें एवं चारा एवं पानी की व्यवस्था पशुशाला के नजदीक ही रखें।
- मृत पशुओं के निस्तारण की व्यवस्था नदी, तालाब आदि से दूर रखें।
- नियमित अन्तराल पर कीटनाशक का भी छिड़काव करें।
- कोशिश करें कि पशु को बाल्टी से साफ एवं ताजा पानी पिलाएँ।
- बरसात आने से पहले पशुओं को विभिन्न संक्रामक रोगों के विरूद्ध टीकाकरण करवा दें।


क्या न करें
- पशुघर में आवश्यकता से अधिक पशुओं को एकत्रित न करें।
- बारिश के दौरान पशुओं को बाहर न निकालें।
- पानी को एक जगह पर एकत्रित नहीं होने दें जिससे मच्छर का प्रकोप न हो एवं परजीवी संक्रमण को रोका जा सके।
- जलाशय एवं चारागाह के रास्ते में पशुओं को न दफनाएँ।
- तालाबों एवं जलाशयों में पशुओं को न ले जायें।
- पशुओं को बिजली के खम्भे से न बाँधें और विद्युत उपकरणों से दूर रखें।
PR No- 007374 (Animal)D. 2024-25
पशुपालन सूचना एवं प्रसार कार्यालय
पशुपालन निदेशालय, पशु एवं मत्स्य संसाधन विभाग, बिहार, पटना द्वारा जनहित में प्रचारित